RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 7
नई दिल्ली, बुधवार, 9 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



हार के डर से हिमाचल में चुनाव प्रचार करने नहीं आ रहे राहुल

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com


# भारत का फिर रूस-यूक्रेन के बीच बातचीत पर जोर

● कोविड के बाद अन्य कारकों के साथ इस युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को किया बुरी तरह प्रभावित

● दोनों देशों के बीच छिड़े संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## मास्को में जयशंकर-सर्गेई के बीच वार्ता



मास्को में रूसी समकक्ष सर्गेई लॉवरोव से भेंट करते विदेश मंत्री एस जयशकर

**भारत** ने रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग को लेकर मंगलवार को गंभीर चिंता जताई और कहा कि कोविड के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आतंकवाद एवं जलवायु परिवर्तन के अलावा इस युद्ध ने गंभीर असर डाला है।

मास्को में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लॉवरोव से बातचीत के दौरान कहा कि इन घटनाओं का वैश्विक प्रगति और समृद्धि पर विघटनकारी प्रभाव पड़ा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष की पृष्ठभूमि में ईंधन, खाद्यान्न और उर्वरक की कीमतों पर पड़ने वाले असर के बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक के बाद जयशंकर की यह टिप्पणी आई है। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली के इस रुख को दोहराया कि दोनों देशों के बीच छिड़े संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिए इस संदेश का भी जिक्र किया कि आज का युग युद्ध का नहीं है। पश्चिमी देशों द्वारा रूसी तेल खरीद सीमित करने के दबाव को लेकर भारत की संभावित प्रतिक्रिया पर जयशंकर ने कहा कि कई अन्य कारकों के चलते ऊर्जा बाजारों पर वास्तव में दबाव है।

उन्होंने कहा कि तेल और गैस के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में और जहां आय बहुत कम है और मांग बहुत अधिक, हमें किफायती स्रोतों की तलाश करने की आवश्यकता है, इसलिए भारत-रूस संबंध एक-दूसरे के हित के लिए काम करते हैं और हम इसे जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अब आर्थिक सहयोग बढ़ने की पृष्ठभूमि में अब दोनों देशों का उद्देश्य संतुलित, परस्पर लाभकारी और दीर्घकालिक साझेदारी के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना होना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी वार्ता में समग्र वैश्विक स्थिति और विशिष्ट क्षेत्रीय चिंताओं पर ध्यान दिया जाएगा। ज्ञात हो कि जयशंकर सोमवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर मास्को पहुंचे हैं। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं।

जयशंकर ने कहा कि बढ़ते बहुध्रुवीय और पुनः संतुलित विश्व में भारत और रूस एक दूसरे के संपर्क में हैं और हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दोनों के बीच संबंध असाधारण रूप से दृढ़ और समय की कसौटी पर खरे साबित हुए हैं। मैं अपनी बातचीत को लेकर आशान्वित हूं। जयशंकर की रूस यात्रा का काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह इंडोनेशिया के बाली में होने वाली जी20 समूह की शिखर बैठक से एक सप्ताह पहले हो रही है जहां यूक्रेन संघर्ष एवं (शेष पेज 8)

# गुजरात में प्रचार करेंगे राहुल, हिमाचल नहीं जाएंगे

● भारत जोड़ो यात्रा से वक्त निकाल कर रोड शो करने की संभावना, कार्यक्रम बनाने में जुटी पार्टी

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**भारत** जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल होंगे, परंतु उसी दौरान हो रहे हिमाचल प्रदेश चुनावों से वह दूर रहेंगे। सूत्रों ने कहा कि राहुल भारत जोड़ो यात्रा से कुछ समय का वक्त निकाल कर गुजरात में रोड शो कर सकते हैं। पार्टी राहुल के विस्तृत कार्यक्रम को लेकर योजना बना रही है। यात्रा इस समय महाराष्ट्र में चल रही है।

सूत्रों ने कहा कि रणनीति के तहत राहुल गांधी गुजरात में कोई रैली या जनसभा नहीं करेंगे और मुख्य रूप से रोड शो आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी अपनी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हिमालयी राज्य में की गई मेहनत से संतुष्ट हैं और इसलिए वह इस राज्य में दखल नहीं देंगे। महाराष्ट्र में एक पखवाड़े लंबी पदयात्रा के बीच राहुल कम से कम दो बार वक्त निकालकर गुजरात का दौरा करेंगे। जरूरत के आधार पर वह चुनाव से ठीक पहले चुनावी राज्य की तीसरी यात्रा कर सकते हैं। गुजरात में 1 और 5 दिसंबर को मतदान होगा।

हिमाचल प्रदेश में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने का दावा करते हुए कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर स्वयं अपनी सीट नहीं जीत पाएंगे। हिमाचल में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल की अनुपस्थिति पर सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी सामूहिक नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ रही है और पार्टी की जीत कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत होगी। उन्होंने कहा कि जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो राहुल यहां मौजूद (शेष पेज 8)



महाराष्ट्र के नांदेड में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी

## कांग्रेस व भारत जोड़ो यात्रा का ट्विटर हैंडल नहीं होगा ब्लॉक

● कांग्रेस के गलती स्वीकार करने पर हाईकोर्ट ने रद्द किया निचली अदालत का आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कांग्रेस और भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैंडल को ब्लॉक करने संबंधी निचली अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया है।

कांग्रेस कॉपीराइट वाले संगीत का इस्तेमाल करते हुए बनाई गई 45 सेकेंड की क्लिप को बुधवार दोपहर तक अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट से हटाने के लिए सहमत हो गई है। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि पार्टी विवादित सामग्री को हटाए जाने (शेष पेज 8)

## भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस नेता की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नांदेड़

**महाराष्ट्र** के नांदेड़ जिले में मंगलवार को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस सेवा दल के महासचिव कृष्ण कुमार पांडेय की चलते-चलते हृदय गति रुकने से मौत हो गई। यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके निधन पर शोक जताया और कहा कि पांडेय ने आखिरी सांस तक तिरंगा थामे रखा। राहुल गांधी ने पांडेय के परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि देश के प्रति उनका समर्पण हमें प्रेरित करता रहेगा। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश और अन्य के साथ चलते समय पांडेय को सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी महसूस हुई। उन्होंने बताया कि पांडेय को एम्बुलेंस से शंकर नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि वह नागपुर के रहने वाले थे। जयराम रमेश ने कहा कि हाथ में तिरंगा (शेष पेज 8)

# न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ आज बनेंगे प्रधान न्यायाधीश

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चंद्रचूड़ बुधवार को प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यहां राष्ट्रपति भवन में देश के 50वें सीजेआई न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ उच्चतम न्यायालय के पवित्र गलियारों से बेहद अच्छी तरह वाकिफ हैं, जहां उनके पिता लगभग सात साल और चार महीने तक प्रधान न्यायाधीश रहे थे, जो शीर्ष अदालत के इतिहास में किसी सीजेआई का सबसे लंबा कार्यकाल रहा है।

वह 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक प्रधान न्यायाधीश रहे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 तक दो साल के लिए इस पद पर रहेंगे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 65 साल की उम्र में अवकाशग्रहण करते हैं। वह न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित का स्थान लेंगे जिन्होंने 11 अक्टूबर को उन्हें अपना उत्तराधिकारी बनाए जाने की सिफारिश की थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें 17 अक्टूबर को अगला सीजेआई नियुक्त किया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 11 नवंबर 1959 को पैदा हुए और 13 मई 2016 को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए गए थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कई संविधान पीठ और ऐतिहासिक फैसले देने वाली उच्चतम न्यायालय की पीठों का हिस्सा रहे हैं। इनमें अयोध्या भूमि विवाद, आईपीसी की धारा 377 के तहत (शेष पेज 8)

# मोदी ने दिया एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● प्रधानमंत्री ने भारत में जी-20 की अध्यक्षता की वेबसाइट व लोगो का किया अनावरण बताया गौरव का क्षण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत की जी-20 समूह की अध्यक्षता आजादी के 75वें वर्ष में गौरव की बात है और देश के लिए यह एक महान अवसर है। प्रधानमंत्री ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान भारत की जी-20 की अध्यक्षता के लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण करने के बाद यह टिप्पणी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' का मंत्र दिया।

भारत एक दिसंबर को मौजूदा अध्यक्ष इंडोनेशिया से इस शक्तिशाली समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। 20 देशों का समूह यानी जी-20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का अंतर- सरकारी मंच है। प्रधानमंत्री इंडोनेशिया के बाली में 15-16 नवंबर को होने वाले जी-20 सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे, जहां उनके विश्व के अन्य नेता जैसे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी साथ होंगे। मोदी ने अपने संबोधन में भारत की विकास यात्रा को रेखांकित किया और कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत को आगे ले जाने में सभी सरकारों और लोगों ने अपने-अपने तरीके से योगदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत दुनिया को दिखा सकता है कि जब लोकतंत्र संस्कृति बन जाता है तो संघर्ष का दायरा खत्म हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सतत विकास पर जोर देते हुए प्रगति और प्रकृति एक साथ चल सकती हैं। उन्होंने समूह की आगामी अध्यक्षता के संबंध में कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है, यह सभी भारतीयों के लिए और अधिक गौरव लाएगा। जी-20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, (शेष पेज 8)

## राज्यपालों के जरिए सरकारों के अधिकारों का अतिक्रमण कर रहा केंद्रः पिनराई विजयन

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को केंद्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गैर-भाजपा शासित राज्यों में जब खरीद-फरोख्त संभव नहीं होती तो वह (केंद्र) राज्यपालों का इस्तेमाल करके उन सरकारों और विधानसभाओं की शक्तियों का अतिक्रमण करने का प्रयास करता है। केंद्र सरकार के खिलाफ विजयन का आरोप उनकी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों और राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर रोक लगाने सहित विभिन्न मुद्दों पर जारी खींचतान के बीच आया है। विजयन ने कहा कि कई राज्यों में, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त चल रही है। उन्होंने कहा कि विधायकों की खरीद फरोख्त के लिए जो शब्द होर्स ट्रेडिंग चलता है उसमें हार्स शब्द के बदलना पड़ेगा क्योंकि कीमतें अब (शेष पेज 8)

# आंध्र में एमबीबीएस के लिए मोटी फीस का प्रस्ताव रद्द

● शिक्षा लाभ कमाने का जरिया नहींः कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि शिक्षा लाभ कमाने का जरिया नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें मेडिकल कॉलेजों में ट्यूशन फीस बढ़ाकर 24 लाख रुपए सालाना किए जाने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने याचिकाकर्ता नारायण मेडिकल कॉलेज और आंध्र प्रदेश पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया। यह राशि छह सप्ताह के अंदर न्यायालय की रजिस्ट्री में जमा करानी होगी। पीठ ने कहा, फीस (ट्यूशन) बढ़ाकर 24 लाख रुपए सालाना करना, यानी पहले से तय की गई फीस से सात गुना अधिक, बिल्कुल भी उचित नहीं है। शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है। ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए। पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ मेडिकल कॉलेज द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि ट्यूशन फीस का निर्धारण या समीक्षा करते समय पेशेवर संस्थान का स्थान, पेशेवर पाठ्यक्रम की प्रकृति, उपलब्ध बुनियादी ढांचे की लागत जैसे कई कारकों पर प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति द्वारा विचार किया जाना आवश्यक है। उसने कहा कि कॉलेज प्रबंधन को सरकार के अवैध आदेश के अनुसार एकत्र की गई राशि को अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,185 | |
| निफ्टी | 18,203 | |
| सोना | 50,909 | /10g |
| चांदी | 60,244 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत का प्रथम निजी रॉकेट 12 से 16 के बीच हो सकता है प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** भारत के निजी क्षेत्र द्वारा विकसित पहले रॉकेट विक्रम-एस का प्रक्षेपण 12 से 16 नवंबर के बीच किया जा सकता है। हैदराबाद के अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को यह घोषणा की। स्काईरूट एयरोस्पेस के इस पहले मिशन को प्रारंभ नाम दिया गया है जिसमें तीन उपभोक्ता पेलोड होंगे और इसे श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लांचपैड से प्रक्षेपित किया जा सकता है। स्काईरूट एयरोस्पेस के सीईओ और सह-संस्थापक पवन कुमार चांदना ने कहा, अधिकारियों ने प्रक्षेपण के लिए 12 नवंबर से 16 नवंबर की संभावित अवधि बताई है, अंतिम तारीख मौसम के हालात के हिसाब से तय की जाएगी।

# इंग्लैंड व वेल्स में विदेश में जन्मे निवासियों में भारतीय सबसे ज्यादा

**भाषा।** लंदन

## जनगणना

**देश** के 2021 की जनगणना के आधार पर नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इंग्लैंड और वेल्स में रहने वाले छह लोगों में से एक का जन्म देश के बाहर हुआ था और 1.5 प्रतिशत निवासियों के साथ भारतीयों का हिस्सा सबसे बड़ा था।

ब्रिटेन के ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स (ओएनएस) ने पाया कि भारत पिछले साल 9,20,000 लोगों के साथ ब्रिटेन के बाहर पैदा हुए निवासियों के लिहाज से सबसे ज्यादा निवासियों की नुमाइंदगी करता है, इसके बाद पोलैंड के 7,43,000 लोग (1.2 प्रतिशत) देश में रहते हैं। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान आता है जिसके निवासियों की संख्या 6,24,000 (एक प्रतिशत) है। ओएनएस ने एक विज्ञप्ति में कहा, इंग्लैंड और वेल्स के छह आम निवासियों में से एक ब्रिटेन के बाहर पैदा हुआ था और इस आंकड़े में 2011 से 25 लाख की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया, भारत ब्रिटेन के बाहर जन्म लेने वाले निवासियों के लिहाज से 2021 में सबसे आम देश रहा।

विज्ञप्ति के मुताबिक, इंग्लैंड और वेल्स के लिए ब्रिटेन के बाहर जन्म के शीर्ष तीन देश 10 साल पहले की पिछली जनगणना के बाद से भारत, पोलैंड और पाकिस्तान के रूप में बरकरार हैं तथा सभी श्रेणियों में संख्या बढ़ रही है - 2011 के आंकड़ों के मुकाबले देखें तो भारत 6,94,000 से 9,20,000 हो गया है, पोलैंड 579,000 से 7,43,000 और पाकिस्तान 482,000 से 6,24,000 हो गया है।

## देश आर्थिक सुधारों के लिए मनमोहन सिंह का ऋणीः गडकरी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आर्थिक सुधारों के जरिए देश को नई दिशा देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मंगलवार को प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके लिए देश उनका ऋणी है। गडकरी ने यहां आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1991 में तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों ने भारत को एक नई दिशा दिखाने (शेष पेज 8)

# बढ़ता तापमान वन्य जीवों के लिए बना आफत

● जलवायु परिवर्तन का असर, चौपाये, कीड़े और पक्षी बुरी तरह हो रहे प्रभावित

● निर्जलीकरण के साथ तेजी से बीमार होने के बढ़े मामले

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**जलवायु** परिवर्तन के चलते सतह के तापमान में बढ़ोतरी का दुष्प्रभाव मनुष्य के साथ-साथ चौपाये जानवरों, कीड़ों और पक्षियों देखने को मिल रहा है।

जहां वन्यजीव कार्यकर्ता, वैज्ञानिक मौसम के गर्म होने पर चिंता जता रहे हैं, वहीं इसके चलते पक्षियों, बड़े जानवरों और सरीसृपों के तेजी से बीमार पड़ने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। देश में जानवरों के बचाव के लिए काम करने वाले एनजीओ एसओएस वन्यजीव के कार्तिक नारायण ने कहा कि जलवायु परिवर्तन ने जानवरों और पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। जबकि कुछ मामलों में कुछ प्रजातियां लुप्त प्रायः श्रेणी की तरफ बढ़ रही हैं। तापमान बढ़ोतरी और गर्म हवाओं के चलने से भोजन की कमी के कारण लाल पांडा जैसे जानवर आहार चक्र में कमी के कारण बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। सत्यनारायण ने साथ यह भी जोड़ा कि उसके साथी ऐसे पक्षियों के इलाज का आंकड़ा जुटाने में व्यस्त हैं जो इस साल दिल्ली-एनसीआर में 46 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचने पर बुखार, निर्जलीकरण और हीट स्ट्रोक से प्रभावित हुए। एसओएस वन्यजीव ने इस गर्मी में 300 से अधिक पक्षियों का इलाज किया जो तापमान में बढ़ोतरी और गर्म हवा से प्रभावित थे। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि हैदराबाद के एक बचाव समूह ने पानी की कमी से बीमार हुए पक्षियों को बचाया। इसी तरह गुरुग्राम के एक पक्षी अस्पताल में पिछले साल की तुलना में 1.5 (डेढ़) गुना अधिक बीमार पक्षियों को देखा गया।

इस साल सिर्फ मार्च में ही एसओएस वन्यजीव के त्वरित बचाव दल ने करीब 120 पक्षियों को बचाया, जिसमें 30 चील और 70 से अधिक कबूतर शामिल हैं। त्वरित बचाव दल के लिए अप्रैल का महीना भी बेहद व्यस्तता से भरा रहा, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में 156 पक्षियों को बचाया गया जिसमें 82 काली चील और 42 कबूतर हैं। अन्य पक्षियों में मैना, मोर, उल्लू, शिकारा और डोव (कबूतर) शामिल हैं। वन्यजीवों के बचाव कार्य के संकलन का काम एसओएस वन्यजीव के नीलोहित बनर्जी कर रहे हैं। भारत में मार्च का महीना पिछले (शेष पेज 8)

# मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए 12 हजार आपत्तियां

## यूपी नगर निकाय के चुनाव दिसंबर में संभावित, भावी प्रत्याशियों ने कमर कसी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




नगर निकाय के चुनाव नवंबर-दिसंबर में चुनाव होने संभावित हैं। जिला प्रशासन द्वारा 31 अक्टूबर को नगर निगम चुनाव की मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जा चुका हैए जिस पर एक से चार नवंबर तक आनलाइन और एक से सात नवंबर तक आफ लाइन माध्यम से आपत्ति और दावे मांगे गए थे, इन दावे और आपत्तियों को निस्तारित कर 18 नवंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि आनलाइन माध्यम से 12503 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इनमें नगर निगम से संबंधित 6541 नगर पालिका परिषद लोनी 4549, नगर पालिका परिषद मोदीनगर से 410, नगर पालिका परिषद मुरादनगर से 113, नगर पालिका परिषद खोड़ा.मकनपुर से 831, नगर पंचायत पतला से छह, नगर पंचायत निवाड़ी से 42, नगर पंचायत फरीदनगर से 11 और डासना से शून्य आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इनके अलावा आफ लाइन माध्यम से प्राप्त हुई आपत्तियों की जानकारी मंगलवार तक तीनों तहसीलों से निर्वाचन कार्यालय को प्राप्त हो जाएंगी। इसके बाद दोनों माध्यमों से प्राप्त आपत्तियों को निस्तारित करने का कार्य शुरू कराया जाएगा। जिससे कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़े हैं उनका नाम सूची में जोड़ा जा सके। विशाल सिंह ने बताया कि सात नवंबर तक अभियान चलाकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य किया गया थाए हालांकि अब भी जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है और वे फार्म नहीं जमा कर सके हैंए ऐसे लोग संबंधित तहसील में फार्म भरकर जमा कर सकते हैं, उनका नाम पूरक सूची में जोड़ा जाएगा, जिससे कि वे नगर निकाय चुनाव में मतदाता बन सकें।

### वार्ड आरक्षण की नई सूची को लेकर हो सकता है कानूनी विवाद

**गाजियाबाद।** वार्ड के आरक्षण की नई सूची को लेकर कानूनी पेंच फ ंस सकता है। कई ऐसे पार्षद हैं जो शासन से इस सूची के प्रकाशन का इंतजार कर रहे हैं। प्रकाशन होते ही वह इस मामले में कोर्ट जा सकते हैं। नगर निगम एक्ट में दिए गए वार्ड के आरक्षण के प्रावधान को लेकर सबसे पहले दो नवंबर को सूची तैयार कर शासन के पास मंजूरी को भेजी गई थी। मगर, बाद में शासन ने यह सूची वापिस लौटा दी। शासन ने पांच नवंबर को जब यह सूची लौटाई तो कहा कि जो वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हो चुके है वह अगले वर्ग के लिए महिलाओं के लिए क्यों आरक्षित नहीं हो सकते हैं। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की ओर से यह सुझाव दिया गया था। इसके बाद फिर से वार्ड के आरक्षण की सूची को तैयार कर भेजने के लिए कहा गया। इस सूची को कल फाइनल कर शासन के पास भेजा गया है। मगर, अब इस सूची पर कई नगर निगम के अधिकारी ही सवाल खड़ा कर रहे हैं। इस मामले में कई पार्षद कोर्ट जाने की तैयारी में है।

### नसीमुद्दीन के सामने लोकेश रखेंगे 100 वार्डों व मेयर सीट का हिसाब!

**गाजियाबाद।** बुधवार का दिन महानगर कांग्रेस कमेटी के लिए खास मायने रखने वाला होगा। पश्चिमी यूपी प्रभारी नसीमुद्दीन सिद्दीकी कंपनी बाग स्थित कांग्रेस के महानगर कार्यालय में पधार रहे हैं। नगर निगम चुनाव को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लोकेश चौधरी की ओर से इस बैठक का मैसेज कई दिन पूर्व ही फ्लैश कर दिया गया था। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष जहां एक तरफ महानगर कांग्रेस कमेटी के संगठन की समीक्षा करेंगे, वहीं दूसरी ओर महानगर अध्यक्ष भी उनके सामने महानगर के 100 वार्डों एवं महापौर सीट का लेखा जोखा रखेंगे। बैठक नगर निगम चुनाव के हिसाब से महानगर कांग्रेस की रणनीति के बारे में भी कई अहम जानकारियां देगी।

# गौतबुद्धनगर में डेंगू के 13 नए मरीजों की पुष्टि

- कई मरीजो में लक्षण तो दिखे, लेकिन जांच रिपोर्ट नेगेटिव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जिले में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी मिल रहे हैं, जिनमें डेंगू के लक्षण तो दिख रहे हैं, लेकिन जांच रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है। 13 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सभी मरीजों का अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाई गई सेंटिनल लैब में इनकी जांच की गई है। अब तक 138 मरीजों की पुष्टि हुई है। जिला अस्पताल ब्लड बैंक के प्रभारी डा बिंदु का कहना है कि बुखार के ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिनके प्लेटलेट्स काउंट कम आ रहे हैं, जबकि संक्रमण बताने वाले मार्कर टीएलसी के भी नीचे है। ऐसे मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है। लेकिन इनकी डेंगू रिपोर्ट नेगेटिव मिल रही है। इन्हें नान डेंगू वायरल सिंड्रोम बताकर इलाज कर रहे हैं। अन्य मरीजों में मलेरिया, वायरल बुखार के लक्षण मिल रहे हैं। इमरजेंसी की बात करें तो हर दिन 10 से 12 बुखार के मरीजों में डेंगू के लक्षण देखने को मिल रहे हैं।

इनमें तीन से चार मरीज ही डेंगू के मिल रहे हैं, जबकि अन्य मरीजों में लक्षण तो डेंगू के हैं, लेकिन रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है। यही हाल सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल व सेक्टर-30 चाइल्ड पीजीआई का है। जहां ऐसे सैकड़ों मरीज भर्ती हैं। शासन ने अभियान के तहत डेंगू प्रभावित इलाकों में छिड़काव के निर्देश दिए हैं, लेकिन विभाग ने कागजों में छिड़काव कर वाहवाही लूट रखी है। शहर में डेंगू तेजी से फैल गया। मलेरिया विभाग का कहना है कि अभियान चलाकर छिड़काव करने के साथ घरों और आसपास जमे पानी, टायर और गमलों को साफ करवाया जा रहा है।

डेंगू से निपटने को विशेष टीम बनाकर कार्रवाई की बात कही जा रही है। जिला अस्पताल में डेंगू के बेडों की संख्या को बढ़ाकर दस से 14 कर दिया गया है। वर्तमान में दो बेड पर डेंगू पाजीटिव मरीजों का इलाज चल रहा है। सीएमएस डा पवन कुमार अरुण का कहना है कि भर्ती मरीजों की हालत स्थिर है। वार्ड में भर्ती मरीजों के इलाज के लिए सभी जरूरी दवाएं रखवा दी गई हैं।

### अजनारा गोलचक्कर पर हादसा, चालक की मौत

**नोएडा।** दनकौर क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेसवे से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर सोमवार की रात एक कार अजनारा गोल चक्कर पर चढ़ गई।

हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसका चालक कार के स्टेरिंग के नीचे फंस गया। कड़ी मशक्कत के बाद राहगीरों द्वारा उसे बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मेरठ के शास्त्री नगर निवासी आदित्य प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सोमवार की रात दनकौर क्षेत्र के लतीफ पुर गांव में अपनी बुआ के घर जा रहा था। रात करीब नौ बजे जब उसकी कार अजनारा बिल्डर साइट के नजदीक पहुंची तो वहां स्थित गोल चक्कर को टक्कर मारती हुई ऊपर चढ़ गई।

# लैप्स इंश्यारेंस सेटलमेंट के नाम पर ठगी, सिपाही समेत पांच गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लैप्स हुई इंश्योरेंस पालिसी का सेटलमेंट कर ठगी करने वाले गैंग साइबर सेल ग्रेटरनोएडा व थाना दादरी पुलिस ने जॉइंट आपरेशन के बाद एक महिला कॉन्स्टेबल सहित 05 लोगों को गिरफ्तार किया है।

ये लोग बीमा लोकपाल बनकर कॉल करते थे। पॉलिसी के लैप्स हुए पैसे को कई गुना बढ़ाकर पैसे रिकवर कराने का झांसा देते थे। इस मामले में एच्छर चौकी प्रभारी रंजीत निलंबित कर दिया गया है। इनके खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है। डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया पकड़े की महिला कॉन्स्टेबल प्रियंका मास्टर माइंड दीपक पति पत्नी है। प्रियंका शामली में कॉन्स्टेबल है। इसका बैंक खाता फ्राड की रकम जमा करने के लिए प्रयोग किया जाता था। अब तक ठगी के 12 लाख रुपए इसके खाते में ट्रांसफर किए गए। ये पैसा पीड़ित अशोक शर्मा से ठगी के बाद डाले गए थे।

इनसे ठगों ने अस्सी लाख रुपए की ठगी की। ये पैसा ये रजिस्ट्रेशन चार्ज व अन्य चार्ज के नाम पर बैंक खातों में डलवाई गई। पुलिस ने बताया कि गिरोह 2019 से सक्रिय है। अब तक सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके है।

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में एमए में हिंदी, अंग्रेजी व अर्थशास्त्र की 60 फीसदी सीटें खाली

- एलएलबी कोर्स में भी छात्रों के पास मौका

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

परास्नातक पाठ्यक्रमों में सीटों के मुकाबले नामांकन भले ही कई गुना ज्यादा हुए थे, लेकिन तीन मेरिट आने के बाद भी कई विषयों में केवल 50 फीसदी सीटों पर ही प्रवेश हो सके हैं। पहली ओपन मेरिट में दाखिले का अंतिम दिन था। चौधरी चरण सिंह विवि में स्नातक के बाद परास्नातक के प्रोफेशनल एवं ट्रेडिशनल कोर्स में दाखिला प्रक्रिया जारी है। पीजी में जिस तरह धुंआधार नामांकन हुए थे, प्रवेश प्रक्रिया में वह रफ्तार उतनी ही धीमी है। दो सामान्य मेरिट और एक ओपन मेरिट के बाद भी एमएम हिंदी, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र सहित कई विषय ऐसे हैं जिनमें अभी तक करीब 50 फीसदी सीटों पर ही प्रवेश हुए हैं।

इसके अलावा एमकॉम एवं एमएससी में 30 फीसदी सीटें खाली हैं। हालांकि ओपन मेरिट में दाखिले का अंतिम दिन है। इसके बाद खाली सीटों के लिए विवि दूसरी ओपन मेरिट जारी कर सकता है। चार राजकीय कॉलेजों में एमए हिंदी की 240 सीटों के मुकाबले 68, एमए अंग्रेजी में 124 दाखिले हुए हैं।

एमएमएच में एमए गणित की 60 सीटों पर नौ, दर्शनशास्त्र की 60 सीट पर मात्र सात ही दाखिले हुए हैं। एलएलबी की बात करें तो एमएमएच में 120 में से 31 सीटें खाली हैं। निजी कॉलेजों में सुंदरदीप में 59, संकल्प इंस्टिट्यूट में 45, आईपीईएम में 12, रिलायबल इंस्टिट्यूट में 28 सीटें खाली हैं।

# छह लोगों का संविदा खत्म करने पर सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्राधिकरण ने सोमवार देर रात तीन सुपरवाइजर और तीन कर्मचारियों की संविदा समाप्त कर दीए जिसके बाद अन्य कर्मचारी भड़क गए। वे मंगलवार को बड़ी संख्या में प्राधिकरण कार्यालय के सामने झाड़ू लेकर धरना देने के लिए पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।

वहीं, प्राधिकरण की ओर से गंदगी फैलाने और काम में बाधा उत्पन्न करने का मामला फेज.1 कोतवाली में दर्ज करा दिया गया। साथ ही, पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया।

नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित मुख्य कार्यालय के सामने कई मांगों को लेकर दीनाभाना कर्मचारी फेडरेशन के तत्वावधान में सफाई कर्मचारी धरना दे रहे हैं। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को अपना पक्ष जारी किया गया था। प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश ने बताया कि चार महीने पहले ही सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया गया था।

### गाजियाबाद में एक-दूजे के होंगे 2200 जोड़े

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 24 नवंबर को सामूहिक विवाह होगा। 2200 जोड़े सात फेरे लेकर एक-दूजे के बंधन में बंध जाएंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समारोह में पहुंचकर जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि कार्यक्रम कमला नेहरू पार्क में होगा। इसमें गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर के 2200 जोड़े आएंगे। कार्यक्रम में 25 हजार से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना है। उप श्रमायुक्त रवि श्रीवास्तव ने बताया, अब तक 800 श्रमिकों ने सामूहिक विवाह के लिए आवेदन किया है।

## संक्षिप्त समाचार



गुरु पर्व के मौके पर अटूट लंगर का आयोजन।

### शबद-कीर्तन और अटूट लंगर के साथ मना गुरु पर्व

**गाजियाबाद।** गुरु पर्व के अवसर पर मंगलवार को गाजियाबाद के सभी गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन और अटूट लंगर के साथ पूरे श्रद्धा भाव से मना। सिखों के पहले गुरु गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सुबह चार बजे से ही गुरुद्वारों में सुबह से ही अरदास लगाने और मत्था टेकने के लिए लोग पहुंचने लगे। इंदिरापुरम स्थित गुरुद्वारे में स्वास्थ्य शिविर के साथ रक्तदान और अंगदान शिविक का भी आयोजन किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक प्रबंधक समिति के अध्यक्ष गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक समिति पदाधिकारियों के साथ ही कुल 25 लोगों ने देहदान के लिए दधिची देहदान संस्था में पंजीकरण कराया। वहीं 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। गुरुद्वारा में मत्था टेकने पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद वीके सिंह प्रबंधक समिति ने स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के साथ ही खालासा पंथ के साथ ही यश चड्ढा, गौरव कुमार, लकी, हैरी चड्ढा, अनमोल बिंद्रा का काफी योगदान रहा।

### 14 किलो गांजा, नकदी बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 किलोग्राम गांजा और 1.10 लाख रुपए नकद बरामद किया है। सेक्टर-24 थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सोमवार की रात पुलिस दल ने सेक्टर-56 के पास से अमान तथा रविशंकर उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक स्विफ्ट कार में रखा करीब 14 किलो गांजा और।,10,000 रुपए नकद बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर गांजा की आपूर्ति करते हैं। कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी नॉलेज पार्क थाना और सूरजपुर थाने में वांछित थे। पुलिस आगे की कार्वाई कर रही है।

### नाबालिग किशोरी लापता, अपहरण का मामला दर्ज

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने को लेकर एक युवक के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। थाना सेक्टर- 49 की पुलिस ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने तहरीर दी है कि सेक्टर-50 निवासी 17 वर्षीय लड़की घर से लापता हो गई है। उन्होंने एक युवक को नामजद करते हुए उसपर किशोरी के अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की तहरीर पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्वाई शुरू कर दी है। थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक यशपाल धामा ने बताया कि किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीम बनाई गई है।

### मानसिक तनाव के कारण दो युवकों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** जिला मुख्यालय नोएडा में मानसिक तनाव के कारण दो युवकों ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। पहली घटना नोएडा थाना सेक्टर-49 की है। थाना प्रभारी निरीक्षक यशपाल धामा ने मंगलवार को बताया कि सलारपुर कॉलोनी के रहने वाले पुरुषोत्तम ने मानसिक तनाव के चलते अपने में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि परिजन पुरुषोत्तम को गंभीर हालत में कैलाश अस्पताल ले गए थे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना फेस-वन थाना क्षेत्र की है। थाना प्रभारी वीरेश पाल गिरी ने बताया कि 21 वर्षीय दिलखुश ने मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या कर ली है। दोनों मामलों में पुलिस आगे की कार्वाई करते हुए आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

### यशोदा हाफ मैराथन रविवार को




**नई दिल्ली।** यशोदा हाफ मैराथन रविवार को आयोजित की जाएगी। इसे द्वितीय एडिशन के नाम से जानी जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पी एन अरोड़ा ने की। डॉ अरोड़ा ने बताया कि यह हाफ मैराथन प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया- हिट इंडिया अभियान से भी प्रेरित है और यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी से शुरू होकर हिंडन एलिवेटेड रोड पर जाएगी। इस में सभी की भागेदारी है चाहें वो महिलाएं हों, बच्चे हों या डॉक्टर और उनके परिवार वाले। इसमें मेडिकल पॉइंट, पब्लिक मोबाइल टॉयलेट, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था, पानी एवं ऊर्जा पेय की उपलब्धता भी रहेगी। मंगलवार को हॉस्पिटल में आयोजित यशोदा हाफ मैराथन 2022 के अनावरण कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने यशोदा हाफ मैराथन के फिनिशर पदक, टी शर्ट, सर्टिफिकेट एवं किट का अनावरण किया।

# पांबदियों के चलते ट्विन टावर मलबे के निस्तारण का काम रुका

- मलबा हटाने में लगे 235 मजदूरों को छुट्टी दी गई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




फाइल फोटो

शहर में बढ़ते प्रदूषण और ग्रैप के लागू होने के बाद अब ट्विन टावर के मलबे का निस्तारण रोक दिया गया है। इस मलबे को तीन महीने में हटाया जाना था। ऐसे में टावर के मलबा को हटाने में लगे 235 मजदूरों को छुट्टी दे दी गई है। ये काम प्रदूषण हटने के साथ दोबारा शुरू किया जाएगा। इसके अलावा एक पैसेज का निर्माण किया जाना है। जिसे भी रोक दिया गया है।

ट्विन टावर के मलबा को ग्रीन नेट से ढक दिया गया है, ताकि धूल न उड़े। मशीनों को बंद कर दिया गया है। यहां काम करने वाले मजदूर नदारद नजर आ रहे हैं, क्योंकि यहां पर मलबा हटाने के काम को पूरी तरह से रोक दिया गया है। मलबा से निकले स्कैप को कुछ मजदूर जरूर ट्रक में भर रहे हैं, ताकि इन्हें हटाया जा सके। लेकिन, मलबे को तोड़ने और उसे हटाने के काम पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। नोएडा सेक्टर-93ए में बने सुपरटेक ट्विन टावर को 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सुरक्षित तरीके से ब्लास्ट करके गिरा दिया गया था। इस दौरान करीब 80 हजार मीट्रिक टन मलबा निकला था। बता दे एडफिस इंजीनियरिंग को 50 मीटर लंबी, नौ मीटर चौड़ी, चार मीटर गहरा एक पैसेज बनाना है। इसके लिए 45 हजार मीट्रिक टन मलबा प्रयोग किया जाएगा। हालांकि इसका काम भी रोक दिया गया है। दरअसल ट्विन टावर के मलबे को हटाने के लिए एडिफिस इंजीनियरिंग को तीन महीने का समय दिया गया है।

इसमें 15 दिन का समय अथॉरिटी से एनओसी न मिल पाने के कारण यूं ही बर्बाद हो गया था। अब नवंबर में प्रदूषण बढ़ने से जो अड़चन आ रही है, इससे यहां से मलबा जल्द साफ होने की उम्मीद कम ही नजर आ रही है।

सुपरवाइज़र रोहित कुमार बताते हैं कि ग्रैप लागू होने के बाद एनजीटी के मानकों के अनुसार मलबा हटाने के काम को रोक दिया गया है। अब तक इस साइट से 25 ट्रक यानी लगभग 510 मीट्रिक टन लोहे का स्क्रैप हटाया जा चुका है, जबकि 5340 मीट्रिक टन कॉन्क्रीट और मलबा 267 ट्रकों में लाद कर हटाया गया है। उनका कहना है कि अग्रिम आदेश तक काम को चालू नहीं किया जाएगा।


## जिंदल लीजफिन लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली-110001

30-09-2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-06-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-2021 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30-09-2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2022 लेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | - | - | - | - | - | 19.92 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व#) | -3.19 | -5.22 | -2.97 | -8.41 | -8.01 | 8.97 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद#) | -3.19 | -5.22 | -2.97 | -8.41 | -8.01 | 8.97 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद#) | -10.68 | 3.39 | -3.74 | -7.29 | -10.09 | 19.47 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 1.4 | 4.22 | 5.63 | 5.61 | 6.49 | 40.1 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है। | 495.63 | 494.24 | 456.4 | 495.63 | 456.4 | 491.59 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रू. 10/-प्रत्येक) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | | |
| | 1. मूल | -0.03 | -0.21 | -0.13 | -0.24 | -0.34 | 0.65 |
| | 2. तनुकृत | -0.03 | -0.21 | -0.13 | -0.24 | -0.34 | 0.65 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स www.bseindia.com पर उपलब्ध है। यह कम्पनी की वेबसाइट www.jlltd.co.in पर भी उपलब्ध है।
2. लेखापरीक्षा समिति द्वारा सम्यक् पुनरीक्षित उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 08-11-2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./-
(सुरेन्द्र कुमार जिंदल)
प्रबंध निदेशक

तिथि : 08-11-2022
स्थान : नई दिल्ली

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सुचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | कप्तान दीपक कुमार (कर्जदार), ऋण खाता नं. LBDEL00004221662, LBDEL00004221672 | डीडीए एमआईजी, फ्लैट नंबर-86 सी, ब्लॉक-जीजी-1, दूसरी मंजिल, विकास पुरी, दिल्ली क्षेत्र का माप 700 वर्ग फुट | रु. 1,02,08, 743.09/- (अक्टूबर 31, 2022 तक) | रु. 91,60,000/- / रु. 9,16,000/- | नवम्बर 25, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | दिसम्बर 16, 2022 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसम्बर 15, 2022** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005** में **दिसम्बर 15, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **दिसम्बर 15, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसम्बर 15, 2022** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8584874809 ,8657476284** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : नवम्बर 09, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 9 नवंबर, 2022



# निगम चुनावः अपने-अपने मुद्दों पर रणनीति बुन रहे राजनीतिक दल

## कूड़े के पहाड़ को लेकर मैदान में उतरी आप ने पदाधिकारियों को सौंपे वार्ड

## पराली, प्रदूषण और भ्रष्टाचार पर सत्ताधारी दल को घेर रही भाजपा

● कांग्रेस दिखा रही अपने 15 साल वाले राज की दिल्ली का ख्वाब, पर अभी प्रचार में सुस्त


**संजय राय।** नई दिल्ली

निगम चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। राजनीतिक दल अलग-अलग मुद्दों पर निगम का रण जीतने की रणनीति बुन रहे हैं। भाजपा जहां पराली, प्रदूषण व भ्रष्टाचार को लेकर सत्ताधारी पार्टी को घेर रही है। वहीं आप ने कांग्रेस और भाजपा के लिए कार्यकालों में खड़े हुए कूड़े के पहाड़ों को हटाने का वादा किया है। कांग्रेस पिछले चुनाव की तरह फिर शीला दीक्षित सरकार के 15 सालों वाली दिल्ली का ख्वाब दिखा रही है।

भाजपा ने अपनी रणनीत को अंजाम तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय व राज्य स्तर के नेताओं को मैदान में उतार दिया है। इस बीच पार्टी को 15000 से अधिक दावेदारों के नाम की सिफारिश और बायोडाटा मिले हैं। पार्टी पर्यवेक्षकों के दलों ने दो दिन तक प्रदेश के नेताओं से संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी जुटाई। केंद्रीय और दिल्ली इकाई के नेताओं ने सोमवार और मंगलवार को 14-14 जिलों का दौरा किया और अच्छी साख वाले तथा जीत सुनिश्चित करने वाले दावेदारों के नाम जुटाए। उम्मीदवार चयन प्रक्रिया से जुड़े पार्टी की दिल्ली इकाई के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि दिल्ली की 70 विधानसभाओं के मौजूदा और पूर्व विधायकों, 270 मंडलों के अध्यक्ष तथा महासचिवों और 250 वार्ड के पदाधिकारियों ने तीन-तीन संभावित दावेदारों के नाम सुझाए। आम आदमी पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीतियों के खाखा तैयार कतरे हुए 250 सीटों पर पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी दी हैं। इसी दौरान मंगलवार से कूड़े पर जनसंवाद अभियान की शुरुआत कर दी है। इसको लेकर विधायकों को व्यक्तिगत रूप से निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जनसंवाद के माध्यम से आप के पदाधिकारी लोगों से कूडे से जुड़ी समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान पर चर्चा करेंगे।

इसके अलावा लोगों को भाजपा शासित एमसीडी की दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा करने की मंशा से अवगत कराएंगे। आप कार्यकर्ताओं को एक-एक व्यक्ति से जमीनी स्तर पर जुड़ने के भी निर्देश दिए हैं।

आम आदमी पार्टी भाजपा शासित एमसीडी द्वारा दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा करने के मुद्दे पर चुनावी मुद्दा बनाया है। आम आदमी पार्टी ने 8 नवंबरसे 20 नवंबर तक सभी 13682 बूथों पर जनसंवाद करेगी। इसके तहत आप विधायकों के नेतृत्व में हर दिन लगभग 500 जनसभा करने का निर्णय लिया गया है।




### प्रदेश कांग्रेस ने किया अजय का स्वागत



नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अतिरिक्त प्रभारी अजय कुमार का स्वागत किया। बैठक में दिल्ली निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जमीन से जुड़े कर्मठ कार्यकर्ताओं को निगम चुनावों में मौका देगी।

### स्वराज इंडिया ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली।** स्वराज इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और दिल्ली नगर निगम चुनाव की चयन समिति के अध्यक्ष प्रो अजीत झा ने पहली सूची की घोषणा करते हुए कहा की स्वराज इंडिया केवल उन सामाजिक कार्यकर्ता को ही अपना उम्मीदवार बना रही है जो लंबे समय से अपने क्षेत्र में स्थानीय मुद्दों पर काम कर रहे है और उसके लिए संघर्ष कर रहे है।



गुरुद्वारा बंगला साहिब में गुरु नानक देव की 553वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धालु मोमबत्तियां जलाते हुए। फोटोः रंजन डिमरी

## आज खुलेंगे प्राथमिक स्कूल

**नई दिल्ली।** राजधानी में पिछले तीन दिन में वायु प्रदूषण की स्थिति में सुधार के बाद स्कूल आज से फिर खुल जाएंगे। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में हवा की गुणवत्ता बिगड़ने के बाद शनिवार से प्राथमिक कक्षाओं को बंद कर दिया गया था। दिल्ली सरकार ने सोमवार को स्कूलों को फिर से खोलने का फैसला किया।

एमआरजी स्कूल, रोहिणी की प्राचार्य अंशु मित्तल ने कहा कि छात्रों को एक लिखित दिशानिर्देश बांटने पर विचार किया जा रहा है जिसमें उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह का भोजन करें, किस तरह के पेय लें और किस तरह का व्यवहार अपनाएं। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार सुबह लगातार चौथे दिन बहुत खराब श्रेणी में रहा जो इससे पहले गंभीर श्रेणी में पहुंच गया था। मौसम विज्ञानियों ने आज रात में हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। ज्ञात हो कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बाद दिल्ली सरकार ने गत शुक्रवार को अनेक उपायों की घोषणा की थी जिसके तहत शनिवार से स्कूलों में प्राथमिक कक्षाएं नहीं लगना और दिल्ली सरकार के 50 प्रतिशत कर्मियों का घर से काम करना शामिल था।

## मैं जनता का लाडला, इसलिए भाजपा को तकलीफः केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि वह जनता के लाड़ले हैं। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें लोगों से मिल रहे प्यार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) परेशान है।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और गुजरात विधानसभा के चुनावों से पहले केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की तीखी आलोचना हुई है और भाजपा नेताओं ने इसे सबसे भ्रष्ट पार्टी करार दिया है। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि पंजाब (विधानसभा चुनाव) से पहले प्रधानमंत्री बोले कि - केजरीवाल आतंकवादी है। इसके बाद गृह मंत्री (अमित शाह) ने जांच बिठा दी, लेकिन उसका क्या हुआ सका। उन्होंने कहा, अब गुजराताएमसीडी चुनावों से पहले वे कह रहे हैं कि केजरीवाल भ्रष्ट है। अगर केजरीवाल आतंकवादी या भ्रष्ट है तो गिरफ्तार करो। केजरीवाल ना आतंकवादी है, ना भ्रष्ट। केजरीवाल जनता का लाड़ला है। इससे भाजपा को तकलीफ है।

## साइबर अपराध से निपटने के लिए जांच तकनीक पर मंथन

● फ्रांसीसी दूतावास के साथ साइबर सुरक्षा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई आई4सी और फ्रांसीसी दूतावास के समन्वय में साइबर अपराध से निपटने के लिए जांच तकनीकों पर तीन दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रही है।

सत्र का संचालन फ्रांसीसी साइबर अपराध जांच दल के तीन साइबर विशेषज्ञ करेंगे, जिसमें फ्रांसीसी दूतावास के दो सहयोगी कर्मचारी और भारत के तीन साइबर विशेषज्ञ अधिकारी होंगे। पुलिस के अनुसार आईएफएसओ एक विशेष इकाई है जो साइबर अपराध के सभी जटिल और संवेदनशील मामलों को संभालती है। साइबर क्राइम यूनिट साइबर फोरेंसिक क्षमताओं के साथ एक अत्याधुनिक साइबर लैब से लैस है। आईएफएसओ गृह मंत्रालय के तहत नोडल एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र या आई4सी के समन्वय में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और विभिन्न नियमित साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी संलग्न है।

हालिया प्रशिक्षण पहल के तहत आई4सी और फ्रांसीसी दूतावास के समन्वय में साइबर अपराध से निपटने के लिए जांच तकनीकों पर एक संयुक्त प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन सोमवार को आईएफ एसओ।एनसीएफ एल सम्मेलन हॉल, सेक्टर 16-सी, द्वारका में तीन दिनों के लिए किया गया। विभिन्न सरकारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध जांच से संबंधित अवधारणाओं और मुद्दों का पता लगाने एवं चर्चा करने के लिए इस प्रशिक्षण में शामिल हो रहे हैं। ज्ञात को दिल्ली समेत देश भर में साइब अपराधों पर तेजी आ रही है।

## यूएपीए के 40 मामलों में 90 दिन में आरोपपत्र दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय को सौंपी जानकारी




दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि उसने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून (यूएपीए) के तहत 2005 से 83 मामले दर्ज किए और उनमें से 40 मामलों में 90 दिनों के अंदर आरोप पत्र दाखिए किए गए जबकि 20 मामलों में समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया।

दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर ए आंकड़े पेश किए गए। अदालत यूएपीए के एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रहा थी जिसमें उसके खिलाफ मामले में दिल्ली पुलिस को दी गई 90 दिनों की समय सीमा बढ़ाने की सुनवाई अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है।

पुलिस ने बताया कि आतंकवाद विरोधी कानून के तहत कुल 98 मामले दर्ज किए गए थे लेकिन उनमें से 15 मामले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को स्थानांतरित कर दिए गए। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता और न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने अक्टूबर में पुलिस को यूएपीए के तहत उन मामलों की संख्या बताने को कहा था, जिनमें उसने निर्धारित 90 दिनों की समयसीमा के भीतर आरोपपत्र दाखिल किए थ। उच्च न्यायालय ने पुलिस से उन मामलों का भी खुलासा करने को कहा था जहां 90 दिन की समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध के बाद आरोप पत्र दायर किया गया था।

पुलिस ने कहा कि 83 मामलों में से 40 का फैसला हो चुका है और 29 मामलों में सुनवाई लंबित है जबकि 14 अन्य मामले में जांच लंबित है। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 40 मामलों में 90 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर आरोपपत्र दाखिल किए गए जबकि 20 मामलों में समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया। जिन 14 मामलों में जांच लंबित है, उनमें से 12 मामलों में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. दो मामलों में गिरफ्तारी हुई है लेकिन शुरुआती 90 दिन पूरे नहीं हुए हैं।

### कमरे में आग लगने से युवकी की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में मंगलवार तड़के एक घर के कमरे में आग लगने से 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग ने कहा कि उन्हें तड़के चार बजकर 12 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ही देर में आग को बुझा दिया गया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) हर्षवर्धन ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि आग लगने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसकी पहचान राजेंद्र डागर के रूप में हुई है।

## एडहॉक पदों को गेस्ट टीचर्स में बदल रहे कॉलेज प्रिंसिपल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● यूजीसी ने नहीं भेजा कोई सर्कुलर : फोरम

एडहॉक से गेस्ट टीचर में तब्दील कर रहे कॉलेज प्रिंसिपल। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन व दिल्ली विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. हंसराज सुमन ने डीयू के कुलपति प्रो. योगेश कुमार सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि स्थायी व एडहॉक पदों पर होने वाली शिक्षकों की नियुक्तियों को कॉलेज प्रिंसिपलों द्वारा इन पदों को गेस्ट टीचर्स में तब्दील कर नियुक्ति कर रहे है जबकि यूजीसी व विश्वविद्यालय प्रशासन ने एडहॉक पदों को गेस्ट टीचर्स में तब्दील करने संबंधी कोई सर्कुलर जारी नहीं किया है ।

उन्होंने बताया है कि जुलाई 2022 के बाद कॉलेजों में ओबीसी सेकेंड ट्रांच (दूसरी किस्त ) के पदों का रोस्टर रजिस्टर बनाकर पदों को भरा जाना है इसके अतिरिक्त जहाँ शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं उन पदों को भी वे एडहॉक के स्थान पर गेस्ट टीचर्स में तब्दील किया जा रहा है।

कॉलेजों द्वारा अपनाई जा रही इस नीति की फोरम ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कुलपति से मांग की है कि वे प्रिंसिपलों को एडहॉक व स्थायी पदों को भरने संबंधी सर्कुलर जारी करें । डॉ. सुमन ने बताया है कि विभिन्न कॉलेजों ने अपने यहां एडहॉक के स्थान पर गेस्ट टीचर्स रखने के विज्ञापन निकाले है जबकि उन कॉलेजों में एडहॉक पदों पर नियुक्ति की जा सकती है । इन एडहॉक पदों में सबसे ज्यादा एससी, एसटी, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस कोटे के अभ्यर्थियों की सीटें बनती है , हालांकि कॉलेज इन पदों मे आरक्षित वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दे रहे हैं मगर वे इन वर्गों की स्थायी सीटों को समाप्त कर उसे गेस्ट टीचर्स में बदलकर यूजीसी, डीओपीटी व भारत सरकार के नियमों की सरेआम अवहेलना कर रहे है । उनका यह भी कहना है कि गेस्ट टीचर्स की छात्रों के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार




संगोष्ठी में पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन, मीरा कुमार व अन्य नेतागण।

### नेशनल लेजिस्लेटर कांफ्रेंस की संगोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली।** नेशनल लेजिस्लेटर्स कांफ्रेंस की रूपरेखा तय करने के लिए मंगलवार को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में राउंड टेबल डिस्कशन आयोजित किया गया। संगोष्ठी में लोकसभा की पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन , मीरा कुमार और शिवराज पाटील इस नेशनल लेजिस्लेटर्स कांफ्रेंस के संरक्षक हैं। संगोष्ठी 16 से 18 जून 2023 के बीच मुंबई में आयोजित की जाने वाली है। इस कांफ्रेंस में विभिन्न राज्यों के 15 से अधिक स्पीकर और चेयरपर्सन के साथ करीब 4000 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

### प्रोफेसर गोपाल राय स्मृति पुरस्कार की घोषणा



नई दिल्ली। हिंदी भाषा और साहित्य आलोचना के शिखर पुरुष प्रो.गोपाल राय के जयंती पर मंगलवार को उनके द्वारा संपादित 1967 से पत्रिका समीक्षा को समीक्षा वार्ता नाम से लोकार्पित किया गया। सामाजिक विकास परिषद एवं हंस प्रकाशन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में गोपाल राय की स्मृति में पुरस्कार की घोषणा भी हुई। कार्यक्रम में प्रो. मुचकुंद दुबे, प्रो.रामजन्म शर्मा, प्रो. करुणा शंकर उपाध्याय ने अपने विचार रखे। गोपाल राय के पुत्र प्रो.सत्यकेतु सांकृत एवं अतिथियों का सम्मान किया। पत्रिका की प्रबंधक डॉ. रागिनी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेन्द्र प्रजापति ने किया।

### साहित्य अकादमी आयोजित करेगा पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में साहित्य अकादमी 11 से 18 नवंबर तक पुस्तक मेले का आयोजन करेगा। इस पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त 30 से अधिक अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। अकादमी ने 'पुस्तकायन' शीर्षक से इस पुस्तक मेले का आयोजन किया है। इस बार के पुस्तक मेले की थीम 'बाल साहित्य' है। पुस्तक मेले का उद्घाटन 11 नवंबर 2022 को संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस अवसर पर साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष श्री माधव कौशिक भी मौजूद रहेंगे।

### 'चुनावों में मुफ्त घोषणा, आचार सहिता का उल्लंघन'

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के आगामी चुनावों में कोई भी राजनीतिक दल किसी भी प्रकार का यदि प्रलोभन दे, तो उसे आचार सहिता के दायरे में शामिल किया जाए। कैट ने एक पत्र दिल्ली राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी विजय देव को भेजा है । कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल एवं कैट दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने विजय देव को भेजे पत्र में कहा है की चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली नगर निगम के चुनाव आगामी 4 दिसंबर को करवाने का निर्णय लिया गया है।

### देव दीवाली के अवसर पर द्वारका में भव्य आयोजन



**नई दिल्ली।** देव दिवाली के अवसर पर द्वारका स्थित वेगस मॉल में भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पंडित अजय भाई ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पक विमान की प्रस्तुति के साथ हुई। देव दीवाली के उत्सव को आलौकिक रूप से देने के लिए हजारों दीये जलाए गए। आरती के बाद भजन और भक्तिमय गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। यहां की गई संध्या आरती ने लोगों को बनारस की देव दीवाली कि याद दिला दी।

# रेड लाइन पर दौड़ेगी 8 कोच वाली मेट्रो

## इस लाइन पर 2024 तक 39 ट्रेनों में कोच बढ़ाने का काम होगा पूरा : डीएमआरसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने अपने अपने पुराने कॉरिडोर रेड लाइन पर छह कोच वाली ट्रेनों के मौजूदा बेड़े से परिवर्तित आठ-कोच वाली दो ट्रेनों की मंगलवार से शुरुआत की है।

यह लाइन दिल्ली में रिठाला और उत्तर प्रदेश गाजियाबाद में शहीद स्थल (न्यू बस अड्डा) को जोड़ती है। यात्रियों को राहत देने के मकसद से इस कॉरिडोर पर चरणबद्ध तरीके से वर्ष 2024 तक 39 ट्रेनों में कोच बढ़ाने का काम पूरा किया जाएगा। इससे रिठाला से गाजियाबाद का सफर आसान होगा। मेट्रो के एक कोच में 50 यात्री बैठकर और कुल ढाई सौ तक यात्री यात्रा कर सकते हैं। इस तरह से अब प्रत्येक फेरे में पांच सौ ज्यादा यात्री यात्रा करेंगे। इससे सबसे ज्यादा लाभ गाजियाबाद के यात्रियों को होगा। अधिकारियों के अनुसार इसकी शुरुआत होने से इस लाइन पर सभी ट्रेनें प्लेटफॉर्म के आखिरी छोर के पास रुकेंगी। प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों के यहां रुकने से इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए यह अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। रेड लाइन पर इन 39 ट्रेनों में जोड़े जाने वाले सभी 78 अतिरिक्त कोच भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) से खरीदे गए हैं। ये कोच रेड लाइन (लाइन -1) की वहन क्षमता को बढ़ाएंगे, जिसे वर्ष 2019 में लगभग 34 किलोमीटर की कुल लंबाई के साथ शहीद स्थल स्टेशन तक बढ़ाया गया था। रेड लाइन पर छह कोच वाली ट्रेनों से परिवर्तित आठ कोच वाली ट्रेनों की शुरुआत चरणबद्ध तरीके से की गई है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि इससे नियमित यात्री सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़े और इसका काम 2024 तक पूरा होने की संभावना है।

यात्रियों की संख्या को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम अलग-अलग लाइन पर ट्रेनों में कोच की संख्या बढ़ाने का काम कर रहा है। येलो लाइन (समयपुर बादली-हुड्डा सिटी सेंटर) और ब्लू लाइन (द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा इलेक्ट्रानिक सिटी/ वैशीली) पर सभी ट्रेनों को आठ कोच में बदलने का काम पूरा हो गया है। अब रेड लाइन पर यह काम शुरू किया गया है।

गौरतलब है कि रिठाला से शहीद स्थल नया बस अड्डा तक 34 किलोमीटर लंबे कोरिडोर पर वेलकम, कश्मीरी गेट, इंद्रलोक और नेताजी सुभाष प्लेस चार इंटरचेंज स्टेशन है। चौथे चरण का काम पूरा होने पर पुलबंगश और पीतमपुरा दो नए इंटरचेंज स्टेशन बन जाएंगे। अभी इस लाइन पर प्रतिदिन लगभग 4.7 लाख यात्री यात्रा करते हैं।

### सत्येंद्र व केजरीवाल का हो लाई डिटेक्टर टेस्ट : तिवारी

**नई दिल्ली।** दो सौ करोड़ रुपये की ठगी में आरोपी सुकेश चंद्रशेखर मंडोली जेल से हाथों से लिखे पत्र अपने वकील के जरिये मीडिया में वायरल कर रहा है।

इन पत्रों में सुकेश ने आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन और कैलाश गहलोत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मुद्दे पर भाजपा आम आदमी पार्टी पर हमलावर है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मांग की है कि जांच की कड़ी में सुकेश चंद्रशेखर, सत्येंद्र जैन और अरविंद केजरीवाल का लाइ डिटेक्टर टेस्ट किया जाना चाहिए। पहले मुख्यमंत्री के ऊपर आरोप ना लगाकर आप के किसी अन्य नेता या दिल्ली सरकार के मंत्रियों पर लगते थे लेकिन अब आरोप प्रत्यक्ष रुप से केजरीवाल पर लगा है जिसका जवाब उन्हें देना पड़ेगा।

# पति की हत्यारोपी महिला ने प्रेमी पर लुटा दिया 65 तोले सोना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अवैध** संबंधों में किस तरह से लोग अपना घर और जीवन बर्बाद कर लेते हैं, इसका एक बड़ा उदाहरण गुरुग्राम से सामने आया है। अपनी नौकरानी के दोस्त के प्रेम में पागल हुई एक महिला ने अपने प्रेमी पर ना केवल 65 तोले सोना लुटा दिया, बल्कि उससे शादी करने के लिए अपने पति की ही हत्या करवा दी। इस जघन्य वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए महिला समेत हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि महिला नीतू को अपने पति और नौकरानी के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इस

## नौकरानी के दोस्त के प्रेम में पड़कर बर्बाद किया अपना घर

## महिला के प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर उसके पति की कर दी हत्या

शक के चलते उसने एक नौकरानी को काम से हटा दिया और दूसरी नौकरानी रख ली। दूसरी नौकरानी का एक दोस्त बबलू खान था। नीतू उसके प्रेम के चक्कर में पड़ गई। नीतू उसके प्रेम में इस कदर पागल हो गई कि उससे शादी तक करने


मृतक धर्मेश यादव की फाइल फोटो।

का फैसला कर बैठी। अपने प्रेमी बबलू खान को वह उपहार स्वरूप 65 तोले सोना तक दे चुकी थी। उनके इस अवैध रिश्ते में उसका पति धर्मेश यादव आड़े आ रहा था। यानी पति के रहते वह ऐसा नहीं कर पा रही थी। पति की प्रॉपर्टी की मालकिन बनने के लिए भी वह लालायित थी। उसका प्रेमी भी यही सपने ले रहा था कि वह उसके पति को रास्ते से हटाने के बाद महिला से शादी करके करोड़पति बन जाएगा। ऐसे में दोनों ने ही (महिला के पति धर्मेश यादव को) रास्ते से हटाने की योजना बना ली। धर्मेश यादव प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। इस काम में उसने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली थी।

**निर्माणाधीन मकान में सो रहे धर्मेश को मारी थी गोलियां :** बीती 30 अक्टूबर की रात को सेक्टर-22 में धर्मेश यादव की उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह अपने निर्माणाधीन मकान में सोया हुआ था। वारदात को अंजाम देने में बिना नंबर की स्विफ्ट कार का इस्तेमाल किया गया। धर्मेश हत्याकांड में पुलिस ने तत्परता से छानबीन शुरू की। इस दौरान पुलिस को धर्मेश की पत्नी नीतू पर कुछ शक हुआ। जब नीतू से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सारी योजना पुलिस के सामने खोल दी।

### नीतू ने बबलू खान को पति के बारे में दी थी जानकारी

**जिस** रात को यह वारदात हुई, उससे पहले नीतू ने अपने प्रेमी बबलू खान को फोन करके सूचना दी थी कि उसका पति धर्मेश उस रात निर्माणाधीन मकान में सोएगा। पति की संपत्ति हड़पकर प्रेमी के साथ शादी रचाने के लिए नीतू ने पति को रास्ते से हटाने का यही उचित समय समझा। तय समय और बताए गए स्थान पर आधी रात को बबलू खान ने अपने साथी के साथ मिलकर निर्माणाधीन मकान में सो रहे धर्मेश यादव की गोलियां मारकर हत्या कर दी। एसीपी अपराध प्रीतपाल सिंह के मुताबिक इस हत्याकांड में आरोपी पत्नी नीतू व एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसका नाम मोहम्मद्दीन है। वह यूपी के बहजोई का रहने वाला है। महिला के प्रेमी बबलू खान को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

# जिप, ब्लॉक समिति के चुनाव को बूथों पर पहुंची पोलिंग पॉर्टियां

## डीसी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोलिंग पार्टियों से निष्पक्ष स्वतंत्र व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाने का किया आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में पंचायत चुनाव के मद्देनजर अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनावी सामग्री के साथ बूथों पर रवाना होती पोलिंग पार्टियां।

**गुरुग्राम** जिला में पंचायती राज संस्थाओं (जिला परिषद, ब्लॉक समिति) के चुनाव को लेकर मंगलवार को सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में पोलिंग पार्टियों को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी पार्टियां अपने बूथों के लिए रवाना हो गई।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने पोलिंग पार्टी के सदस्यों से निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले अधिकारी व कर्मचारी निश्चित रूप से भाग्यशाली हैं। क्योंकि ऐसा मौका सभी को नहीं मिलता।

पोलिंग पार्टी के सदस्य धैर्य व संयम के साथ चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाएं। अगर किसी को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वह अपने रिटर्निंग अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। डीसी श्री यादव ने कहा कि चुनाव ड्यूटी को लेकर किसी भी प्रकार का बहाना नहीं सुना जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही लाजमी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में आए प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को अपनी हाजिरी लगानी है।

अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने चुनाव कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर ट्रेनिंग में कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। उन्होंने प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों व अधिकारियों को पंचायत चुनाव की प्रक्रिया, चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्य, भरे जाने वाले प्रपत्र तथा ईवीएम के संबंध में समस्त जानकारी में दक्षता प्राप्त करने के निर्देश दिए जिससे चुनाव के दिन उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने कार्मिकों से कहा कि सभी पूरी निष्ठा, लगन, समर्पण एवं पूरे मनोयोग से टीम भावना के साथ चुनाव कार्य को सम्पन्न करवाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# म्हारी पंचायत पोर्टल पर मिलेगी पोलिंग अपडेट




## चुनाव से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी लेने को करें डाउनलोड

**गुरुग्राम।** पंचायत चुनाव के दिन मतदान प्रतिशत व अन्य जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होंगी। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा ने इस पोर्टल को एनआईसी के माध्यम से विशेष रूप से तैयार करवाया है ताकि प्रत्याशियों व आमजन को पंचायत चुनाव से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही म्हारी पंचायत पोर्टल पर पंचायत चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण डाटा भी जिलेवार उपलब्ध है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि मतदान व मतगणना के दिन के लिए विशेष ई-डैशबोर्ड तैयार करवाया गया है जिससे चुनावों के रुझान, मतदान प्रतिशत व अंतिम नतीजों को कोई भी घर बैठे पोर्टल पर देख सकेगा। इसमें उम्मीदवारों के नामांकन, चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूचियां डाली गई हैं। डेस्कटॉप या स्मार्ट फोन पर गूगल के माध्यम से म्हारी पंचायत सर्च करने पर पोर्टल का लिंक उपलब्ध होगा। इस लिंक पर जाकर जिला परिषद्, ब्लाक समिति, सरपंच व पंच के नामांकनों के बारे में लाइव अपडेट मिलेगा। इस लिंक पर न केवल गुरुग्राम जिला, बल्कि प्रदेशभर के अन्य जिलों के बारे में लाइव अपडेट मिलेगा।

# बजाज आलियांज लाइफ का 581% सॉल्वेंसी रेशियो इंडस्ट्री में सर्वोच्च नियामक मापदंडों से तीन गुना अधिक

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ/आगरा

**अग्रणी** जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने आज दो प्रमुख मापदंडों को साझा किया, जिन्होंने बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत बनाया है, और इसके ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित रखने करने को इस बीमाकर्ता की वित्तीय क्षमता को प्रदर्शित किया है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस का सॉल्वेंसी रेशियो 150% की नियामक आवश्यकता के मुकाबले 581% (वित्त वर्ष-22) है। वैश्विक स्तर पर, बीमाकर्ताओं द्वारा सॉल्वेंसी रेशियो उच्च बनाए रखा जाता है और यह कंपनी की वित्तीय स्थिति को उजागर करता है। बजाज आलियांज लाइफ का 581% का सॉल्वेंसी रेशियो इसकी अल्पकालिक और दीर्घकालिक देनदारियों दोनों को पूरा करने की क्षमता को इंगित करता है। इसके अलावा, कंपनी का दावा निपटारा अनुपात 99.02% (वित्त वर्ष के लिए व्यक्तिगत दावा निपटारा अनुपात) है, जो इंडस्ट्री में दर्ज कराए गए सर्वोच्च अनुपातों में शामिल है। यह ग्राहकों से किए गए अपने वादे को पूरा करने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का संकेत है, जो ग्राहक की पॉलिसी पर किए जाने वाले दावे के निपटारे से जुड़ा है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुघ ने कहा, ग्राहकों को सर्वोपरि प्राथमिकता देने की हमारी विचारधारा अब हमारा मिशन है, और पिछले पांच वर्षों की अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के क्रम में हमने हरसंभव प्रयास किया है कि हम अपने ग्राहकों से किए गए अपने वायदे पर खरा उतरें। हमारा सॉल्वेंसी अनुपात और दावा निपटारा अनुपात इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम भारत अन्य अनेकानेक ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम बनाने हेतु पसंदीदा जीवन बीमाकर्ता बनने की दिशा में लगातार निवेश जारी रखेंगे।

# श्रद्धालुओं ने शिव कुंड में लगाई आस्था की डुबकी


सोहना के शिव कुंड गर्म पानी में स्नान करते श्रद्धालु।


गंगा स्नान के अवसर पर शिव कुंड में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गंगा** स्नान के अवसर आस्था के गर्म पानी शिव कुंड में श्रद्धालुओं ने शाही स्नान किया। आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रंद्धालुओं ने सुबह चार बजे से शिव कुंड पर लाइन में लगना आरंभ कर दिया।

शहर के बीचों बीच स्थित आस्था का शिव कुंड पर श्रंद्धालुओं की भीड़ रही। गुरुग्राम, रेवाड़ी, झज्जर, सिरसा, रोहतक, फरीदाबाद समेत प्रदेश के अन्य जिलों से आए श्रद्धालुओं ने सुबह चार बजे से कुंड में स्नान करना आरंभ कर दिया था। इस बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही। आसमान में छाएं बदलों ने मौसम को और दिनों की अपेक्षा ठंडा कर दिया। वहीं ऐसे मौसम में श्रद्वालुओं को कुंड के गर्म पानी में स्नान करने का पूरा आनंद लिया।

### महिलाओं के लिए विशेष सुविधा

**शाही** स्नान के अवसर पर महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से प्रबंध किए गए। सामान्य कुंड के अलावा बुकिंग वाले कुंड भी उपलब्ध कराए गए। जिसके के लिए मात्र 10 रुपये की टिकट रखी गई। क्योंकि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक थी।

### एक दिन पहले से की तैयारियां

**गंगा** स्नान को लेकर कुंड कमेटी प्रशासन ने एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशान हो। इसके लिए सोमवार शाम से ही सभी सुविधाएं कर ली थी। मंगलवार को गुरुनानक देव की जयंती होने के अवसर पर शहर में सामाजिक संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण किया। शहर के बीच सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भंडारा चलाया। मुख्य गुरुद्वारा में गुरुवाणी का पाठ कराने के बाद प्रसाद खिलाया। सिंह साहिब गुरुद्वारा कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही प्रसाद वितरण किया है।

कुंड कमेटी के प्रधान अनुराग राणा ने बताया कि गंगा स्नान के पवित्र पर्व पर भक्तों को आस्था की डुबकी लगाने के लिए एक दिन पहले से विशेष प्रबंध किए गए थे। ताकि स्नान करने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी कर्मचारियों को सुबह तीन बजे से जिम्मेदारियां सौंपते हुए खड़ा कर दिया था।

# अमेजन पे का #AbHarDinHuaAasan अभियान व्यापारियों को डिजिटल भुगतान से मिल रही सुविधा को दिखाता है

## यह व्यापारी-ग्राहक बातचीत के महत्वपूर्ण क्षणों को रिकॉर्ड करता है, भरोसा, सुविधा और पुरस्कारों के बारे में बताता है

amazon pay

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**डिजिटल** भुगतान की वजह से देशभर में लाखों व्यापारियों का जीवन आसान बनने का जश्न मनाने के लिए अमेजन पे ने आज अपने डिजिटल अभियान #AbHarDin HuaAasan के दूसरे चरण का अनावरण किया। लॉन्च होने के बाद से अब तक 50 लाख से ज्यादा व्यापारियों ने अमेजन पे फॉर बिजनेस के ऐप पर साइनअप किया है।

अभियान फिल्म दैनिक जीवन के उदाहरणों को दिखाती है, जहां व्यापारी अमेजन पे की सुविधा का अनुभव करते हैं और उपभोक्ताओं को किसी को भी, कहीं पर भी, सहजता से भुगतान करने और तत्काल पुरस्कार हासिल करने में सक्षम बनाने के लिए भुगताल टूल्स के उपयोग की सादगी को रेखांकित करता है। अभियान के बारे में बोलते हुए, विकास बंसल, पूर्णकालिक सदस्य - अमेजन पे इंडिया ने कहा, 卐हमारा लक्ष्य प्रत्येक भारतीय की भुगतान और वित्तीय जरूरतों को हल करके उनके जीवन को आसान बनाना और आकांक्षाओं को पूरा करना है। हमनें डिजिटल भुगतान को विश्वसनीय, सुविधाजनक, तेज और बिना किसी रुकावट के बनाया है, और अपने व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए भुगतान विकल्पों की व्यापक पसंद उपलब्ध कराई है। हमारा निरंतर ध्यान स्माल एंड मीडियम बिजनेस और छोटे व्यापारियों को भुगतान टूल और समाधानों के माध्यम से सशक्त बनाना है, जो विभिन्न कस्टमर टचप्वॉइंट्स पर उनके डिजिटल भुगतान अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। #AbHarDin HuaAasan जागरुकता फैलाने और डिजिटल भुगतान को अपनाने की जरूरत को और मजबूत करने और प्रत्येक व्यापारी, उपभोक्ता, बुजुर्ग या युवा को निर्बाध रूप से लेनदेन करने के लिए प्रोत्साहित करना हमारा एक प्रयास है।

#AbHarDinHuaAasan अभियान फिल्म यह दिखाती है कि कैसे व्यवसाय मालिक अपने स्टोर में भारी हलचल के बीच भी भुगतान स्वीकार करने में आसानी का अनुभव करते हैं और अपने व्यवसाय को कुशलता से चलाते हैं। यह अमेजन पे आईसीआईसीआई को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के माध्यम से क्रेडिट तक पहुंच की आसानी को भी दर्शाती है जो अपने ग्राहकों को अपने बजट का तुरंत विस्तार करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, यह फिल्म दिखाती है कि स्थानीय स्टोर मालिक अमेजन पे फॉर बिजनेस ऐप के साथ एकाउंट्स रिकंसीलेशन आदि जैसे फीचर्स के जरिये कैसे अपने व्यवसाय को बढ़ा सकते हैं। 2021 में शुरू किए गए #AbHarDinHuaAasan अभियान का पहला भाग महामारी के बाद डिजिटल भुगतान का उपयोग करने में आसानी और लाखों ग्राहकों और व्यापारियों पर इसके प्रभाव को दिखाती है। फिल्म अमेजन पे की सुविधा, सुरक्षा और सर्वव्यापकता को सामने लेकर आई है और यह दिखाती है कि कैसे छोटे और सूक्ष्म व्यापार मालिकों को डिजिटल भुगतान को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। अमेजन पे यूटिलिटी बिल, रेस्तरां बिल और रिचार्ज से लेकर ट्रैवल टिकटों की बुकिंग, डिजिटल गोल्ड और ऑटोमोबाइल बीमा, मनी ट्रांसफर करने जैसे बहुत से काम करने की सुविधा देता है।

# पर्ल प्रेसिजन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को पाइप इंसर्ट स्ट्रक्चर की विधि और प्रणाली के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**पीटीएमटी** टैप्स बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी और सैनिटरी वेयर एवं बाथरूम एक्सेसरीज में अग्रणी नाम, पर्ल प्रेसिजन प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड ने आज घोषणा की कि कंपनी को 'पाइप इंसर्ट स्ट्रक्चर की विधि व प्रणाली' के लिए पेटेंट मिल गया है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा दिए गए इस नए पेटेंट द्वारा कंपनी अपने ग्राहकों के लिए एसएस-304 इंसर्ट फिटेड पीटीएमटी टैप का इस्तेमाल कर सकेगी, जो ज्यादा मजबूत और टिकाऊ होगा।

कंपनी अपने ग्राहकों को ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। देखा गया है कि टैप्स के थ्रेड थोड़ा सा ज्यादा बल लगाए जाने पर टूट जाते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए कंपनी पिछले पांच सालों से कड़ी मेहनत कर रही थी और अंततः कंपनी को इसके लिए पेटेंट मिल गया। पर्ल प्रेसिजन प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, नरेश कुमार गर्ग ने बताया, इस अद्वितीय पेटेंट का महत्व यह है कि आपको स्वतः ही भरोसा मिल जाता है कि हमारे पीटीएमटी टैप अन्य उत्पादों के मुकाबले ज्यादा मजबूत एवं टिकाऊ हैं। उन्होंने कहा, इसका परिणाम यह है कि प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार हो गया है। पर्ल प्रेसिजन प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड अपने सुंदर और किफायती उत्पादों के लिए मशहूर है और यह सर्वोत्तम टंकियों, सीट कवर्स, कैबिनेट्स, पीटीएमटी टैप्स, कनेक्शन पाईप्स, किचन सिंक, और बाथरूम एक्सेसरीज का निर्माण करता है।

इन विविध उत्पादों के अलावा कंपनी जल्द ही अपने पोर्टफोलियो में विस्तृत उत्पाद श्रृंखला शामिल करने वाली है। कंपनी के पास पूरे देश में 20,000 से ज्यादा डीलर्स और 750 से ज्यादा वितरकों का नेटवर्क है, और इसके उत्पादों का विस्तार मिडिल ईस्ट एवं दक्षिण एशिया में यूएई, नेपाल, और बांग्लादेश तक हो चुका है। टेक्नॉलॉजी और इनोवेशन के बेहतरीन संगम के साथ पर्ल के उत्पादों की टिकाऊपन के लिए कठोर जांच की जाती है और इनकी पहचान गुणवत्ता, भरोसे एवं बेहतरीन प्रदर्शन द्वारा होती है।

# ऋणों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना शुरू

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना शुरू की है। इसके तहत यदि लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या छह किस्तों में एक दिसंबर, 2022 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। यह योजना उन ऋणियों को कवर करेगी, जिनका ब्याज 31 मार्च 2019 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। योजना 31 मार्च 2019 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। ऋण लेने वालों को छह महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी। यदि ऋणी बकाया मूल राशि को एकमुश्त या किश्तों में छह महीने के भीतर चुका देता है तो वह लाभार्थी महिला ब्याज की 100 फीसदी छूट के लिए पात्र होगी। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का कहना है कि छूट का लाभ ऋणी को बकाया मूलधन की अंतिम किश्त के भुगतान के समय दिया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## डेरा अनुयायियों ने गर्भवती महिलाओं को दिया पौष्टिक आहार


गुरुग्राम के न्यू पालम विहार में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार भेंट करते डेरा सच्चा सौदा के सेवादार।

**गुरुग्राम।** सेवा हमारा कर्म और सेवा हमारा धर्म। इसी उद्देश्य से डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों ने गुरुग्राम में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया। महिलाओं ने पौष्टिक आहार की किट पाकर डेरा के सेवादारों को धन्यवाद दिया। बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के अवतार दिवस पर डेरा सच्चा सौदा ब्लॉक गुरुग्राम के सेवादारों द्वारा डेरा सच्चा सौदा की जननी सत्कार मुहिम के तहत न्यू पालम विहार में तीन गरीब गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया। जिसमें देशी घी, काले चने, साबूत मूंग, सोयाबीन, चने की दाल, देशी खांड, गुड़, भूने हुए चने, किशमिश, बेसन, कपड़े धोने और नहाने के साबुन शामिल रहे। ऐसा इसलिए कि गर्भवती महिला और उसके होने वाले बच्चे को शारीरिक रूप से किसी तरह की कमजोरी ना रहे। कुछ बच्चों को बिस्किट भी वितरित किए गए। डेरा के सेवादारों ने कहा कि पूज्य गुरुजी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसान द्वारा जननी सत्कार मुहिम की शुरुआत की गई थी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं और उनके शिशु की सेहत को सही रखने के उद्देश्य से उन्हें पौष्टिक आहार दिया जाता है। सेवादारों ने मस्ताना जी महाराज के अवतार दिवस पर यह सेवा कार्य करके खुशी भी मनाई और भविष्य में भी इसी तरह से सेवा करते रहने की बात कही।

## कोर्ट परिसर में भिड़ गईं दो महिलाएं, चले लात-घूसे

**सोहना।** स्थानीय कोर्ट परिसर में दो महिलाओं के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने पांच नामजद समेत करीब 12 आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। दोनों ही महिलाएं अदालत में चल रहे विचाराधीन मामले में तारीख पर आई थीं। राजस्थान मूल की महिला सुशीला ने पुलिस को बताया कि वह हाल में गुरुग्राम सिकंदरपुर में किराए के मकान में रहती है। वह गुरुग्राम से सोहना अदालत में वकील के पास अपने मुकदमे की तारीख लेने के लिए आई थी। इस दौरान पहले से ही खड़ी मुकेश चौधरी ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। सुशीला की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने मुकेश चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सेक्टर-10ए निवासी मुकेश चौधरी ने दक्षिण गुरुग्राम डीसीपी को दी गई शिकायत में सुशीला व उसके साथ आए राजेश, निशांत, देवेन्द्र और 5-6 अन्य युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि शिकायतों के आधार पर दो अलग-अलग मामले दर्ज कर लिए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

## बाइक सवार बदमाश मोबाइल और नकदी छीनकर भागे

**सोहना।** शहर थाना के गांव रायपुर में कार में सो रहे युवक से बाइक सवार दो युवक नकदी और मोबाइल छीन कर भाग गए। पीड़ित ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ पुलिस को लिखित में शिकायत दी है। स्थानीय निवासी शाहरुख ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह वह करीब 4 बजे वह अपने कार को घर के सामने खड़ी करके सो रहा था। उसने कार की खिड़कियों को लॉक नहीं किया था। अचानक से कार के पास एक बाइक आकर रुकी। जिस पर दो युवक सवार थे। दोनों युवक उससे नकदी और मोबाइल छीन ले गए। जब तक वह कार से नीचे उतरता। उससे पहले बदमाश गांव से बाहर चले गए थे।

## स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**सोहना।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। स्कूली विद्यार्थियों ने मताधिकार का सदउपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पंचायत चुनाव में समिति सदस्य व जिला पार्षद पद के चुनाव में मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशी कड़ी मेहनत कर रहे है। मंगलवार को जिला परिषद के वार्ड-2 के गांव दमदमा, खेड़ला, बहलपा, सहजावास तथा रिठौज में शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरूक रैली निकाली। विद्यार्थियों ने जन-जन की यही पुकार-वोट देना हमारा मूल अधिकार के नारों के साथ मतदाताओं को अपने मत का उपयोग करने के लिए घर से बाहर निकलने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जाति से लेकर धर्म को त्याग विकास करने वाले अच्छे उम्मीदवार का चयन करने की अपील अपने नारों के माध्यम से की।

## समिति सदस्य व जिला पार्षद पद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

**सोहना।** समिति सदस्य पद के 14 और जिला परिषद के वार्ड एक व दो के लिए मैदान में उतरे 66 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम से होगा। खंड के करीब 52 हजार मतदाता वोट डालेंगे। प्रशासनिक स्तर पर बुधवार को पंचायत चुनाव के पहले चरण में होने वाले समिति सदस्य और जिला पार्षद पद के चुनाव की तैयारियां कर ली गई हैं। बुधवार की सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होकर सायं पांच बजे तक चलेगा। खंड के एक सौ के लगभग मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच मतदान कराने की तैयारियों में जुट गई हैं। बुधवार सोहना खंड में समिति सदस्य के 14 पदों पर अपनी किस्मत अजमाने उतरे 54 प्रत्याशी व जिला पार्षद पद के वार्ड एक और दो में 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर करेंगे।खंड के सभी मतदान केन्द्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। मतदान केन्द्र से करीब 100 मीटर दूर ही आम व्यक्ति रहेगा। प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं को पर्चियां बनाने के लिए बैठ सकेंगे।

## ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की अवहेलना पर छह गाड़ियां जब्त


गुरुग्राम में ठोस कचरा प्रबंधन के नियमों की अवहेला पर गाड़ियों को जब्त करते नगर निगम के अधिकारी।

**गुरुग्राम।** ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत कचरा उठान करने वाली गाड़ियों को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने क निर्देश दिए गए थे। इस बारे में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा पूर्व में कई बार आगाह भी किया गया था कि कचरा केवल अलग-अलग ही उठाया जाएगा। मंगलवार को नगर निगम गुरुग्राम की सैनीटेशन विंग की स्पेशल टीमों ने डूंडाहेड़ा क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कचरा उठान करने वाली गाड़ियों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान छह गाड़ियों में नियमों की अवहेलना के तहत मिक्स कचरा पाया गया। टीमों ने सभी छह गाड़ियों को जब्त करते हुए उन्हें नगर निगम गुरुग्राम के सेक्टर-42 स्थित कार्यालय में पहुंचाया। साथ ही उन पर 20 हजार रुपये का चालान भी किया। टीम में वरिष्ठ सफाई निरीक्ष सुधीर कुमार, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, दीपक कुमार व हरीश शर्मा शामिल थे। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार के अनुसार ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत कचरे को अलग-अलग करना अनिवार्य है। इसके साथ ही कचरा उठान करने वाली गाड़ियों को भी गीला, सूखा व घरेलू हानिकारक कचरा अलग-अलग रखना भी अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# दिव्यांग माउंटेनियर अरुणिमा सिन्हा की हुई बीके में डिलीवरी

कविता। फरीदाबाद

**अंटार्कटिका** के सबसे ऊंचे शिखर मांउट विन्सन पर तिरंगा लहराने वाली पहली दिव्यांग महिला अरुणिमा सिन्हा ने अपनी डिलीवरी शहर के सिविल अस्पताल (बीके) में करवाई। उन्हें कई नामचीन निजी अस्पतालों ने सिजेरियन डिलीवरी की बात कही गई थी। ऐसे में बीके में नॉर्मल डिलीवरी करवाने वाले चिकित्सकों और स्टाफ का अरुणिमा सिन्हा और उनके पति ने धन्यवाद किया।

**सिजेरियन डिलिवरी को कहा :** अरुणिमा सिन्हा यूपी के अंबेडकर नगर में जन्मी हैं। फिलहाल वह लखनऊ में अपने पति के संग रहती हैं। उन्होंने कहा कि यहां उन्हें एक बार फिर चुनौतियों का सामना करने का मौका मिला। पहला मुकाबला उन्होंने पहली दिव्यांग महिला के

### सबसे ऊंचे शिखर माउंट विन्सन पर फहरा चुकी हैं तिरंगा झंडा

रूप में सबसे ऊंचे शिखर पर तिरंगा लहरा कर जीता था। वहीं अब उन्होंने नामचीन निजी अस्पतालों के चिकित्सकों द्वारा कही सिजेरियन डिलीवरी की बात को नकारते हुए बीके अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा नॉर्मल डिलीवरी होने पर जीत हासिल की है। हालांकि वे इस डिलीवरी का वह पूरा श्रेय बीके अस्पताल की चिकित्सक डॉ. प्रोनिता, डॉ. अरुणा, नर्सिंग सिस्टर अंजू, पूरे स्टाफ, पीएमओ और सीएमओ को देती हैं।

**इस तरह हुआ हादसा :** अरुणिमा सिन्हा ने बताया कि वह नेशनल



बीके अस्पताल की गायनोलॉजिस्टो डॉ. प्रोनिता, डॉ. अरुणा, नर्सिंग सिस्टर अंजु और स्टाफ के संग अरुणिमा सिन्हा।



अपने बच्चे के संग अरुणिमा सिन्हा

वॉलीबॉल टीम का हिस्सा थीं। 12 अप्रैल 2011 को वो एक स्पोर्ट्स इवेंट के लिए दिल्ली जा रही थीं। उस समय वो 24 साल की थीं। लखनऊ से अरुणिमा पद्मावती एक्सप्रेस में बैठीं। उनके गले से गोल्ड चेन ट्रेन में बैठे कुछ बदमाशों ने खींचने की कोशिश की। अरुणिमा ने विरोध किया तो बदमाश हाथापाई पर उतारू हो गए। कंपार्टमेंट में कई लोग बैठे थे, लेकिन किसी ने भी उनकी मदद नहीं की। चेन छीनने में नाकाम रहे बदमाशों ने धनेती स्टेशन के पास उन्हें चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। इस हादसे में अरुणिमा का एक पैर कट गया था।

**मिली थी चुनौती :** पैर कटने के बाद किसी ने कहा कि वह सुसाइड करने को ट्रेन से कूदी, किसी ने कहा कि ट्रेन का टिकट न होने पर वह कूदी। इन बातों से परेशान अरुणिमा ने आलोचकों को करारा जवाब देने की प्लानिंग की और पैर खराब होने के बावजूद उन्होंने माउंटेनियर बनने की ठानी। उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाली पहली महिला बचेंद्री पाल की मदद और अपने जज्बे से यह कारनामा किया। अब एक बार फिर निजी अस्पतालों की बात को उन्होंने नकारते हुए नॉर्मल डिलीवरी से एक बेटे को जन्म दिया।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से देश में बजा हरियाणा का डंका : डॉ. अग्रवाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना जनसंपर्क भाषा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में हरियाणा एक बार फिर देश में डंका बजाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस अभियान के बारे में हरियाणा की तारीफ कर चुके हैं। परंतु कोविड के कारण किन्हीं कारणों से प्रदेश के कई जिलों में लिंगानुपात में काफी गिरवाट आई है। इस लिंगानुपात को सुधारने के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल करके ग्रास रूट पर कार्य करना सुनिश्चित करें। शहरों में आंगनबाड़ी स्तर और गांवों में ग्राम स्तर पर कमेटियां गठित करें।

डॉ. अमित अग्रवाल गत सायं वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी आपस में रणनीति बनाकर बेटी बचाओ बेटी



मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में शिरकत करते जिले के आला अधिकारी।

पढ़ाओ अभियान के कार्य को गंभीरता से करें। इस कार्य को हल्के में न लें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे जो लोग अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण लिंग की जांच आदि करते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ तुरंत एक्शन लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से प्रदेश में लिंगानुपात के क्षेत्र में कई जिलों में गिरावट आई है। इसके लिए संबंधित जिलों के डिप्टी कमिश्नर, पुलिस कप्तान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जिला महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी आपस में तालमेल करके लिंगानुपात के बढ़ाने के कार्य को गंभीरता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह पुराने ढर्रे के साथ शक्ति से निपटें। डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ऐसी सूचनाओं को कार्यालयों से लिक ना होने दें।

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना जनसंपर्क भाषा एवं सास्कृतिक कार्य विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि जागरुकता कार्यक्रमों में भी ढील ना बरतें। पुराने ढर्रे पर अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम चलाएं। ताकि लोगों में इसके प्रति और अधिक जागरुकता करके हरियाणा में लिंगानुपात में और भी बेहतर सुधार करना है। उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वह इसकी एक रणनीति बनाकर आपस में पुलिस, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी तालमेल करके इस कार्य को बेहतर अमलीजामा पहनाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद वीडियो कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिला फरीदाबाद में इस महीने में लिंगानुपात 897 है। उन्होंने बताया कि भ्रूण हत्या के 12 केसों की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस व जिला स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ तालमेल करके बेहतर तरीके से इस बारे में बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरुकता कार्यक्रम को भी आपस में तालमेल करके तेज गति दी जाएगी।

वीडियो कांफ्रेंस में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी, सीडीपीओ डॉ. मंजू श्योरान, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपने ही आदेश को किसके दबाव में बदला सीएम ने : शर्मा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



**विधायक** नीरज शर्मा ने बताया कि पंचकूला शहर में 08 सितंबर 2015 को अलांट किए गए आउट्सटीज कोटा के 13 प्लांटों में की गई धांधली और भ्रष्टाचार का मामला विधानसभा सत्र में उठाया था। वर्ष 2016 में ज्ञानचंद गुप्ता विधायक, मुख्य सचेतक (राज्यमंत्री) रहते हुए मुख्यमंत्री हरियाणा से दिनांक 08 सितंबर 2015 को आउसटीज कोटा के अंतर्गत अलॉट किए 13 प्लाटों में बरती गई अनेक अनियमताओं एंव धोर धांधली तथा भष्टाचार की जांच करने के लिए लिखा था, इसमें 129 लोगों के द्वारा आवेदन दाखिल किया, जिसमें 49 लोग योग्य पाए, और जब 2015 में ड्रॉ किया तो उसमें सिर्फ 13 लोगों को शामिल किया और 13 ही प्लाट थे।

इसपर ज्ञानचंद गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए सभी फैक्ट के साथ इस मामले की सीबीआई जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को लिखा था, उसके बाद सरकार ने फाइल चलाई फिर 01 जून 2020 को मुख्यमंत्री ने आदेश कर दिया कि यह केस सीबीआई में रेफर कर दिया जाए, एक जून 2020 के मुख्यमंत्री के आदेश को घूमाफिरा दिया। उसके बाद दोबारा फाइल इधर से उधर घूमती रही उसके बाद एक जुलाई 2020 को मुख्यमंत्री ने पुन: आदेश कर दिए कि इस मामले को सीबीआई को दे दिया जाए। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि लेकिन आज 2022 खत्म होने को है अभी तक जांच सीबीआई को नहीं दी गई।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि मामले को मेरे द्वारा विधानसभा सत्र में उठाया गया था उसके बाद पंचकुला थाने में एफआईआर नं0-0368 एवं 0369 दर्ज कराई गई। लेकिन बड़ा दुख हुआ कि 21 अक्टूबर 2022 को उपरोक्त मामले पर मुख्यमंत्री ने पुनर्विचार करते हुए मामले को सीबीआई में न स्थानातांरित करके मामले को हरियाणा राज्य चौकसी ब्योरो को देने के आदेश जारी कर दिए। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि पता नहीं किसके दबाव में तो मुख्यमंत्री जी ने दोबारा फाइल पर पुनर्विचार किया और किस अधिकारी को बचाने के लिए मुख्यमंत्री जी ने मामले की जांच सीबीआई को ना देकर हरियाणा राज्य चौकसी ब्योरो को दे दी।

## एनएचपीसी ने मनाया 48वां स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएचपीसी** के मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी के 48वें स्थापना दिवस पर पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलित मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने किया।

आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार, वाईके चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, आरपी गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी और बिस्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) एनएचपीसी भी उपस्थित थे। जानकारी के मुताबिक एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की प्रमुख जलविद्युत कंपनी ने अपना 48वां स्थापना दिवस सात नवंबर को एनएचपीसी निगम



मुख्यालय, फरीदाबाद और अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों और परियोजनाओं में बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। अपने संबोधन में मंत्री आरके सिंह ने एनएचपीसी के 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी एनएचपीसी कार्मिकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने ने देश के समग्र विकास तथा आर्थिक विकास में जलविद्युत परियोजनाओं की भूमिका की सराहना की।

## गुरु नानक देव जी ने दूर की कुरीतियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गुरु नानक** देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को सिंह सभा गुरुद्वारा एनआईटी-1 नंबर से नगर कीर्तन यात्रा का भव्य इंतजाम किया गया। पूरा नगर 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' आदि गुरु वाणी से गूंज उठा। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने काग्रेंसी नेता भारत अरोड़ा का शॉल पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी सिख धर्म के प्रथम गुरु हैं। इन्होंने ही सिख धर्म की स्थापना की थी।

समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए उन्होंने अपने पारिवारिक जीवन और सुख का ध्यान न करते हुए दूर-दूर तक यात्राएं की और लोगों के मन में बस चुकी कुरीतियों को दूर करने की दिशा में काम किया। उन्होंने कहा कि हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को इनका जन्मदिन प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि गुरु नानक देव ने कुरीतियों और बुराइयों को दूर कर लोगों के जीवन में नया प्रकाश भरने का कार्य किया। उन्होंने गुरु नानक के बचपन के किस्से बताते हुए कहा कि गुरु नानक में बचपन से ही प्रखर बुद्धि के लक्षण दिखाई देने लगे थे। बचपन से ही इनमें सांसारिक विषयों के प्रति



कोई खास लगाव नहीं था। पढ़ने लिखने में इनका मन नहीं लगा और मात्र आठ साल की उम्र में स्कूल छूट गया क्योंकि भगवत्प्रापति के संबंध में इनके प्रश्नों के आगे अध्यापक ने हार मान ली। इनके प्रश्नों के आगे खुद को निरुत्तर जानकर इनके शिक्षक इन्हें लेकर इनके घर पहुंचे तथा वे इन्हें ससम्मान घर छोड़कर चले गए। इसके बाद नानक का सारा समय आध्यात्मिक चिंतन और सत्संग में व्यतीत होने लगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आगे चलकर नानक नाम का बालक गुरु नानक नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस मौके पर प्रधान मनजीत सिंह चावला, उप प्रधान जगपाल सिंह पिंटू, उप प्रधान चरणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष अवतार सिंह, टीनू वीर बलजीत सिंह, रविंद्र सिंह राणा, बहादुर सिंह सभरवाल और समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गण मौजूद रहे।

## पहली मिक्स नेटबॉल एसोसिएशन का गठन

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद की प्रथम मिक्स नेट बॉल एसोसिएशन का गठन हुआ।

एसोसिएशन का प्रधान दीपक कपिल, कोषाध्यक्ष संदीप डागर और नरेंद्र जैन को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया। हरियाणा मिक्स नेटबॉल एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं ऑब्जर्वर सुनील भारद्वाज द्वारा एफिलेशन का पत्र सौंपा गया। एसोसिएशन द्वारा फरीदाबाद में इस खेल के टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे और इस खेल का ज्यादा से ज्यादा प्रमोशन किया जाएगा ताकि बच्चों में इस खेल के प्रति रुचि पैदा हो सके और फरीदाबाद से ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों का नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर भागीदारी हो सके।

### गुरु नानक ने समाज को दया धर्म और सेवा का मंत्र पढ़ाया

# गुरु नानक देव की शिक्षा आज भी महत्वपूर्ण : राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सिख** गुरु नानकदेव के पूरब दिवस पर तिगांव विधायक राजेश नागर ने भी अनेक गुरुद्वारों में अरदास की और अनेक जगहों पर लंगरों में भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव ने अपने कर्म कर्तत्व द्वारा समाज को जीने की एक नई राह दी।

उन्होंने समाज को दया, धर्म और सेवा का मंत्र पढ़ाया जिस पर चलकर आज भी करोड़ों लोग समाजहित में जुटे हुए हैं। नागर ने कहा कि गुरुनानक देव ने मानवता का मूल मंत्र हमको दिया है जिसमें न कोई ऊंचा है न कोई नीचा है। उन्होंने हमें मानव रहना सिखाया और गुरुवाणी प्रदान की जो हमारा अनंत काल तक मार्गदर्शन करेगी। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारी सरकार सर्वधर्म समभाव के लिए बड़े प्रयास कर रही है। इसी वर्ष अप्रैल में हमने पानीपत में खालसा पंथ का 300



गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य विधायक राजेश नागर का सम्मान करते हुए।

साला जलसा आयोजित किया था जिसमें बड़ी संख्या में पंथ के लोग जुटे थे। इसके अलावा भी गुरुद्वारा की देखरेख व अन्य सुविधाओं पर भी भाजपा सरकार का रुख हमेशा ही झुका रहता है। हमने सभी की आस्था और विश्वास को मजबूती देने का काम किया है। हमारा मत है कि लोकतांत्रिक देश भारत में सभी को अपने मत को मानने लायक माहौल मिलता रहे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि गुरुमत को मानने वालों को पूरी दुनिया उनकी सेवा के लिए जानती है। सिख पंथ ने कोरोना काल में भी सरकार के साथ मिलकर खूब सेवा की और यश कमाया है। मैं सभी का धन्यवाद करता हूं।

विधायक राजेश नागर गुरपूरब दिवस पर सेक्टर 37 गुरुद्वारा, इस्माइलपुर गुरुद्वारा सहित अनेक गुरुद्वारों में गए और लोकहित में अरदास की। गुरुद्वारा कमेटियों द्वारा उनको सरोपा भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता गिर्राज शर्मा, अजब चंदीला, कुलदीप गुप्ता, लाल मिश्रा, सरदार गुरचरण सिंह, उत्कर्ष गर्ग आदि अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

## डॉ. पवन सिंह को मिला 'हिन्दी सेवा सम्मान'



**फरीदाबाद।** भारत के प्रमुख हिन्दी समाचार पोर्टल प्रभासाक्षी की 21 वीं वर्षगांठ के अवसर पर लेखक एवं मीडिया प्राध्यापक डॉ. पवन सिंह को 'हिन्दी सेवा सम्मान-2022' से सम्मानित किया गया। प्रभासाक्षी की ओर से प्रतिवर्ष यह सम्मान दिया जाता है। डॉ. पवन सिंह के अलावा देशभर से 19 अन्य लेखकों को भी यह सम्मान दिया गया है। डॉ. पवन सिंह वर्तमान में जेसीबोस विवि, फरीदाबाद के पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष है। और निरंतर पत्रकारिता, सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर हिंदी में लेखन के माध्यम से सक्रिय रहते हैं। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर एवं कुलसचिव डॉ. सुनील गर्ग ने इस सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया और डॉ. पवन सिंह को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा यह सम्मान विवि के लिए गौरव की बात है। प्रो. तोमर ने बताया कि डॉ. पवन सिंह पत्रकारिता एवं समसामयिक विषयों पर हिन्दी में नियमित लेखन कर रहे हैं।

# विशाल जांच शिविर का किया आयोजन



चेतना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर में रोगी की जांच करते डॉक्टर।

**फरीदाबाद।** दिव्यांग एवं गरीब बच्चों को समर्पित समाजसेवी संगठन चेतना वेलफेयर सोसाइटी के प्रागंण में मानव जनहित एकता परिषद के तत्वावधान में केवल प्रेम आंख अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जांच शिविर में मुख्य रूप से अरूण मिश्रा मैनेजर कजारिया टाइल्स, वरुण शर्मा, संजीव कुशवाहा, अवधेश कुमार ओझा, राकेश कुमार, सरदार मनजीत सिंह, मनीष शर्मा, अशोक तंवर आदि लोग उपस्थित थे। शिविर में नि:शुल्क लगभग 250 लोगों ने आंखों की जांच कराई। शिविर में लोगों को नि:शुल्क चश्मे व दवाइयां भी वितरित की गई, जबकि 27 मरीजों को आंखों के नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए केवल प्रेम आंखों के अस्पताल फरीदाबाद में भेजा गया। मानव रचना डेंटल कॉलेज के द्वारा नि:शुल्क दांतों का शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 82 लोगों ने अपने दांतों की जांच कराई।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाताओं की सूची का आज होगा प्रकाशन

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हिदायतों के अनुसार बुधवार को जिला फरीदाबाद की कुल 1643384 एकीकृत मतदाता सूची इसमें 901270 पुरुष और 742114 महिला मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण के कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एकीकृत मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि 85- पृथला विधान सभा क्षेत्र में कुल 214747 मतदाता शामिल हैं। इनमें 114887 पुरुष मतदाता व 99880 महिला मतदाता शामिल हैं। 86-एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में कुल 285324 मतदाता शामिल हैं। इनमें 159385 पुरुष मतदाता व 125929 महिला मतदाता, 87 बड़खल विधान सभा क्षेत्र में कुल 304797 मतदाता शामिल हैं। इनमें 165476 पुरुष मतदाता व 139321 महिला मतदाता, 88- बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कुल 252020 मतदाता शामिल हैं। इनमें 140537 पुरुष मतदाता व 111433 महिला मतदाता, 89- फरीदाबाद विधान सभा क्षेत्र में कुल 251062 मतदाता शामिल हैं। इनमें 135599 पुरुष मतदाता व 115463 महिला मतदाता और 90- तिगांव विधान सभा क्षेत्र में कुल 335434 मतदाता शामिल हैं। 1185346 पुरुष मतदाता व 150086 महिला मतदाता शामिल हैं। बताया कि ड्राफ्ट के अन्तर्गत कार्यक्रम में बुधवार से आगामी आठ दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। इसी कड़ी में आगामी 19 नवम्बर शनिवार, 20 नवम्बर रविवार और तीन दिसम्बर शनिवार व चार दिसम्बर रविवार को नई वोट बनवाने के लिए विशेष तिथियां अवकाश के दिन घोषित की गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि दावे और आपत्तियों को निरस्त करने की तिथि आगामी 26 दिसम्बर रखी गई है। जबकि कार्यक्रम के तहत आगामी पांच जनवरी 2023 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### किक बॉक्सिंग की टीम ने किया अस्पताल का दौरा



**फरीदाबाद।** वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग तथा वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पांच देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता से पहले वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग के चेयरमैन रोमियो डेसा और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के चेयरमैन संतोष अग्रवाल ने एकॉर्ड अस्पताल का दौरा किया। मरीजों के लिए अस्पताल में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना की। अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने कहा की हमारा प्रयास मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का है। इस दिशा में तेजी से कार्य जारी है। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा की एकॉर्ड अस्पताल न्यू टेक्नोलॉजी पर कार्य रहा है। अस्पताल के ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एंड स्पोर्ट्स इंजरी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार ने बताया कि दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में एकॉर्ड हेल्थ पार्टनर था। अस्पताल नेफ्रोलोजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने सभी का अस्पताल पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

### श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव की भव्य यात्रा आयोजित



**फरीदाबाद।** श्री श्याम रथ सेवा मंडल द्वारा श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित भव्य रथ एवं निशान यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दर्जन भर बैंड, ढोल पार्टी एवं डीजे द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीत एवं भजनों पर खाटू श्याम के भक्तों ने नृत्य कर वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। जागरण में लखदाता जागरण एंड पार्टी ने श्री खाटू श्याम का गुणगान कर रातभर भक्ति रस की गंगा में भक्तों को डुबकी लगवाई। इस्माइलपुर गुरुद्वारा के निकट श्री खाटू श्याम पंसारी स्टोर से खाटू श्याम सेवक हरिओम एवं बांके बिहारी गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रथम भव्य रथ एवं निशान यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खाटू श्याम की आरती एवं निशान पूजन से हुआ। निखिल विहार से शुरू होकर रथ यात्रा अजय नगर, सोनी मॉडर्न स्कूल के सामने से होते हुए जगमाल एंक्लेव, रौशन नगर चौक से होकर लगभग तीन किलोमीटर का रास्ता तय करते हुए सुरजीत ऑफिस भाटी डेयरी अजय नगर जागरण स्थल पर संपन्न हुई। जागरण में गायक मंडली के भूपेंद्र यदुवंशी, गार्गी शर्मा, सुभाष दीवान, प्रेमकृष्ण तिवारी,विकास मिश्रा ने अपनी सुरीली आवाज से रातभर भक्ति रस की बयार बहाई। आयोजक बांके बिहारी गुप्ता ने बताया कि यात्रा के दौरान रथ पर सवार खाटू श्याम की पालकी एवं राधा-कृष्ण बने बच्चों की भव्य एवं मनोहारी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं में पुरुष, महिला और बच्चे भजन कीर्तन करते हुए हाथों में पवित्र रंगबिरंगे निशान लहराते हुए जय श्री श्याम, खाटू नरेश की जय, हारे के सहारे की जय, लख दातार की जय, तीन बाण धारी की जय के जयघोष करते हुए और बैंड, ढोल और डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस मनोहारी दृश्य से समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया।

### पांच हजार के इनामी समेत तीन बदमाश गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने भैंस चोरी के मामले में सात वर्ष से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद आरिफ और रुक्कू उर्फ रुकमुद्दीन का नाम शामिल है। दोनों आरोपी नूंह जिले के बीबीपुर गांव के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से फरीदाबाद के सेक्टर 24 एरिया से थाना मुजेसर के भैंस चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वर्ष 2015 में थाना मुजेसर के एरिया में अपने साथियों के साथ मिलकर एक मकान से भैंस चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात को अंजाम देते समय भैंस मालिक जाग गया था जिसको लाठी-डंडे से डरा धमका कर भैंस चोरी कर ली थी। मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर भैंस और वारदात में प्रयोग पिकअप गाड़ी बरामद की जा चुकी है। क्राइम ब्रांच टीम आरोपियों को तलाश कर रही थी। आरोपियों को राजस्थान के अलवर जिले के कई गांव में और नूंह जिले के कई गांव में लगातार रेड की गई थी। आरोपी रुकमुद्दीन पर थाना डबुआ में मामला दर्ज है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### सैन समाज चार दिसंबर को मनाएगा सैन जंयती

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद युवा सैन समाज संगठन की बैठक डबुआ कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र सैन व ठाकुरलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सैन समाज के बच्चे, युवा, बुजर्ग व महिलाओं ने सैकड़ों की संख्या में भाग लिया। मौके पर ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद भाजपा के महामंत्री मनोज बालियान विशेष रूप से उपस्थित थे। फरीदाबाद सैन समाज ने हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, यूपी, बिहार के सैन समाज के साथ चलकर आने वाली आगामी चार दिसंबर को संत शिरोमणि सैन महाराज की जयन्ती मनाने का निर्णय लिया और युवा सैन समाज फरीदाबाद संगठन के जिलाध्यक्ष कुदीप सैन, प्रधान योगेंद्र सैन, महासचिव राजीव बालियान व समस्त युवाओ ने इसका समर्थन करते हुए सैन समाज की इस मुहिम का स्वागत किया। फरीदाबाद सैन समाज आने वाली 4 दिसंबर को सैन जयन्ती मनाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से इस सभा मे आनंद सैन, हरद्वारी लाल, अमित सैन, लोकेश सैन, पवन सैन, नरेन्द्र सैन, सत्तन आर्य, अनिल धामा, जयप्रकाश, मनोज, कुंवरपाल, राकेश सैन एडवोकेट रविन्द्र सिद्धू के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ईडब्लूएस आरक्षण
## मोदी सरकार की विजय

**सर्वोच्च न्यायालय** ने अपने फैसले में नौकरियों व शिक्षा संस्थानों में गरीब या आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों-ईडब्लूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की अनुमति दे दी है। यह नरेन्द्र मोदी सरकार की बड़ी विजय है जिसने 2019 आम चुनाव के पहले इसका प्राविधान किया था। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार का दृष्टिकोण उचित माना गया है। लेकिन विभाजित फैसले को संभवत: लोकतंत्र की विजय नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आरक्षण में 50 प्रतिशत की पहले से निर्धारित सीमा पार की गई है। याद किया जा सकता है कि मंडल युग के सर्वाधिक जोशीले सामाजिक न्याय के योद्धाओं ने भी यह रेखा पार नहीं की थी। इस युग की शुरुआत करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भी आरक्षण की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं किया था। उन्होंने अन्य पिछड़े वर्गों-ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव किया था और इस प्रकार कुल आरक्षण 49.5 प्रतिशत हो गया था। ईडब्लूएस आरक्षण उन लोगों के लिए था जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या ओबीसी में नहीं आते हैं। इस प्रकार यह प्रभावी रूप से तथाकथित उच्च जातियों को लाभ पहुंचाता है। विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने इसका फौरन विरोध किया है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, बेला एम. त्रिवेदी व जे.बी. पारदीवाला ने आरक्षण का समर्थन किया, जबकि प्रधान न्यायाधीश जस्टिस यू.यू. ललित व जस्टिस एस. रवीन्द्र भट इसके विरोध में थे। इस फैसले का अर्थ है कि ईडब्लूएस आरक्षण या 50 प्रतिशत की सीमा उल्लंघन को संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं माना जा सकता है। अपने



असहमत फैसले में जस्टिस भट ने कहा, 'संशोधन संवैधानिक रूप से प्रतिबंधित भेदभाव का व्यवहार करता है तथा गुणवत्ता मानक की जड़ पर प्रहार करता है। आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा तोड़ने की अनुमति देने का अर्थ और हस्तक्षेप हो सकते हैं जिनका नतीजा खांचेबंदी के रूप में सामने आ सकता है।' उन्होंने बिल्कुल सटीक बात कही है।

वर्तमान समय में राजनेताओं की स्थिति देखते हुए कोई अति-आशावादी ही इस बात की उम्मीद कर सकता है कि अब उन सभी वर्गों की ओर से आरक्षण की और मांगें नहीं आएंगी जो इसमें शामिल नहीं हैं। 50 प्रतिशत की सीमा सामाजिक न्याय व 'योग्यता' के बीच अच्छा समझौता था। लेकिन संभवत: कुछ विधानसभा चुनावों में पराजय के बाद सत्तारूढ़ पार्टी अपने राजनीतिक लाभ के लिए 103वां संविधान संशोधन लेकर आई जिसमें ईडब्लूएस आरक्षण का प्राविधान किया गया था। हालांकि, आरक्षण नीति को इस दृष्टिकोण से बहुत ठीक नहीं कहा जा सकता है कि यह हिंदू समाज में विभाजन को परोक्ष रूप से स्वीकार करती है। इसी कारण भाजपा का वैचारिक स्रोत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जाति-आधारित आरक्षणों के प्रति बहुत सहज नहीं है। अतीत में भारत ने विभिन्न जातियों व समुदायों के आरक्षण की मांग करने वाले आंदोलन देखे हैं जिनमें से अनेक हिंसक भी हुए। ऐसे समय जब रोजगार का परिदृश्य बहुत अच्छा नहीं है, आरक्षण के नाम पर आंदोलनों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। अब चूंकि 50 प्रतिशत की सीमा तोड़ी गई है, इसमें अन्य समूहों को शामिल करने की मांग पैदा हो सकती है। सरकार या सत्तारूढ़ पार्टी ऐसी स्थितियों का सामना नहीं करना चाहेगी, पर इसकी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार ईडब्लूएस आरक्षण के मामले में सरकार की विजय को आंशिक कहा जा सकता है।

# अत्यधिक लाभदायक हैं नैनो उर्वरक

**नैनो उर्वरकों से न केवल सब्सिडी का भारी बोझ कम होने की संभावना बढ़ेगी, बल्कि इनसे किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-आईएआरआई में दो दिवसीय 'किसान सम्मान सम्मेलन' का 17 अक्टूबर को उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो बड़ी नीतिगत पहलों की घोषणा की। 'एक देश एक उर्वरक' योजना के अंतर्गत सभी उर्वरक निर्माता व मार्केटिंग कंपनियां अपने सभी सब्सिडी प्राप्त उर्वरकों को एक ब्रांड 'भारत' के अंतर्गत बेचेंगे तथा वे द्रव नैनो उर्वरकों का प्रयोग प्रोत्साहित करेंगे। 'एक देश एक उर्वरक' योजना के माध्यम से सरकार उर्वरकों के जटिल लेनदेन श्रृंखलाओं को तोड़ना चाहती है। इसके परिणामस्वरूप माल भाड़ा सब्सिडी खर्च घटेगा तथा गुणवत्तापूर्ण उर्वरक कम कीमत पर मिलेगा। इसी तरह द्रव नैनो यूरिया को प्रोत्साहित करने का अर्थ आत्मनिर्भरता प्राप्त करना तथा किसानों की आमदनी बढ़ाना है। इसके साथ ही द्रव उर्वरकों का पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। केन्द्र यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी नियंत्रित करता है। कीमत को कम रखने का प्रयास किया जाता है, भले ही उत्पादन की लागत चाहे जो हो जो वास्तव में बहुत अधिक है। एमआरपी से अधिक उत्पादन खर्च की पूर्ति निर्माता को सब्सिडी के रूप में की जाती है। यह लागत के आधार पर एक से दूसरी इकाई में बदलती रहती है। फर्टिलाइजर मूवमेंट कंट्रोल आर्डर, 1973 के अंतर्गत यूरिया के परिवहन व वितरण पर नियंत्रण किया जाता है। प्लांट या बंदरगाह से खुदरा व्यापारी तक परिवहन की लागत भी समरूप भाड़ा नीति के अंतर्गत सब्सिडी से पूरी की जाती है। गैर-यूरिया उर्वरकों के लिए सरकार सभी निर्माताओं व आयातकों के लिए पोषक तत्वों के आधार पर 'समान' सब्सिडी तय करती है। उनको एमआरपी तय करते समय लागत से सब्सिडी को निकालना जरूरी है। हालांकि, वे इन उर्वरकों के परिवहन व वितरण के लिए स्वतंत्र हैं, पर परिवहन वाली 20 प्रतिशत सामग्री को नियंत्रित किया जाता है ताकि वह कम संकेन्द्रित क्षेत्रों में प्रयोग हो सके। उनको रेल से परिवहन पर आने वाली लागत की प्रतिपूर्ति की जाती है।

कृषि एवं सहयोग विभाग-डीओएसी, उर्वरक विभाग-डीओएफ, राज्यों, रेलवे व उर्वरक निर्माताओं से विचार-विमर्श कर हर फसली सीजन, यानी खरीफ व रबी के लिए सभी उर्वरकों की मात्रा का आंकलन करता है। फिर इसे हर माह के हिसाब से अलग-अलग किया जाता है। सभी उर्वरकों के परिवहन व वितरण की निगरानी आनलाइन वेब आधारित 'उर्वरक निगरानी व्यवस्था' के माध्यम से की जाती है। जब यूरिया या किसी अन्य उर्वरक को सप्लाई करने वाले उद्यम व उसकी मात्रा के बारे में सरकार द्वारा सभी पक्षों से सलाह कर निर्णय लिया जाता है तो इसके निर्माता व उसके द्वारा परिवहन पर निगरानी रखी जाती है। ऐसे में उसके परिवहन की जटिलता पर विश्वास करना कठिन है। यह कल्पना करना कठिन है कि सभी सप्लायरों द्वारा एक ब्रांड के अंतर्गत उर्वरक बेचने से इसके जटिल परिवहन पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

इसके साथ ही, अलग-अलग कंपनियों के ब्रांडों को समाप्त करने से उन फर्मों को नुकसान होगा जिन्होंने अपना ब्रांड स्थापित करने में काफी निवेश किया है क्योंकि अब यह क्षेत्र सबसे लिए मुक्त हो जाएगा। एक समान अखिल-भारतीय ब्रांड का विचार संभवत: इस तथ्य से सामने आया होगा कि उर्वरक उत्पादों में उर्वरक नियंत्रण आदेश-एफसीओ के अंतर्गत पोषक तत्व निर्धारित किए जाते हैं, उदाहरण के लिए, यूरिया में 46 प्रतिशत 'एन' होती है। लेकिन यह तथ्य युगों से प्रचलित है और इससे यह तथ्य पुष्ट नहीं होता है कि उत्पाद की गुणवत्ता व उसकी पैकेजिंग फर्म की सहायक सेवाओं पर निर्भर होती है। मोदी ने कुछ निर्माताओं द्वारा खुदरा व्यापारियों को ज्यादा मुनाफा दे कर अपने ब्रांडों को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। वर्तमान व्यवस्था में सरकार एक समान वितरण लाभ की अनुमति देती है जो सब्सिडी के अंतर्गत आता है। इससे अधिक किसी धनराशि की अनुमति नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि भारत ब्रांड ऐसे उल्लंघनों को कैसे रोकेगा।

जहां तक दूसरी पहल, नैनो यूरिया का सवाल है। इसमें 20-50 नैनोमीटर आकार के नाइट्रोजन कण या नैनो कण होते हैं। द्रव रूप में मृदा पोषक पौधों को नाइट्रोजन देते हैं जो परंपरागत यूरिया का विकल्प है। नैनो यूरिया की 500 मिली लीटर की बोतल परंपरागत यूरिया की 45 किलो की बोरी के बराबर है। नैनो यूरिया की प्रभावशीलता 80 प्रतिशत से अधिक है, जबकि इसकी तुलना में परंपरागत यूरिया की प्रभावशीलता लगभग 40 प्रतिशत है। नैनो की बोतलें आसानी से ले जाई जा सकती हैं। इससे उपज में 3-16 प्रतिशत वृद्धि होती है तथा किसानों को प्रति एकड़ 2,400 से 5,700 रुपये की अतिरिक्त आय हो सकती है। इससे मृदा, जल व वायु प्रदूषण भी कम होगा। क्या इस तकनीक से लाभ होगा? गहराई से देखने पर कुछ समस्याग्रस्त क्षेत्र दिखाई देते हैं।

सामान्य रूप से यूरिया का प्रयोग दो चरणों में होता है। बेसल प्रयोग में ठोस उर्वरकों को पूरे खेत में बुआई या पौध रोपण के समय पूरे खेत में समान रूप से फैला दिया जाता है। दूसरा, टाप ड्रेसिंग में उर्वरक मिट्टी के बजाय सीधे पत्तियों पर डाला जाता है। नैनो यूरिया केवल परंपरागत यूरिया का स्थान टाप ड्रेसिंग में ले सकती है, जबकि बेसल उपयोग केवल ठोस रूप में होगा। इसका अर्थ है कि इसकी 80 प्रतिशत प्रभावशीलता का लाभ केवल उर्वरक प्रयोग की 50 प्रतिशत मात्रा के साथ होगा। इस प्रकार प्रभावी क्षमता लगभग 60 प्रतिशत होगी। दूसरे शब्दों में नैनो यूरिया प्रयोग का लाभ परंपरागत यूरिया से 40 प्रतिशत अधिक के बजाय केवल 20 प्रतिशत अधिक होगा। दूसरा, नैनो यूरिया के प्रयोग से उपज में 3-16 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। इसकी उच्च सीमा शानदार लगती है, लेकिन यदि किसान को निचली सीमा ही मिले तो क्या होगा? उपज में केवल 3 प्रतिशत की वृद्धि बहुत अच्छी नहीं लगती है। तीसरा, सबसे महत्वपूर्ण आयाम किसान को पड़ने वाला खर्च है। जहां 45 किलो परंपरागत यूरिया आयत करने का खर्च 3,000 रुपये है, जबकि किसान को इसके लिए केवल 242 रुपये देने होते हैं और बाकी केन्द्र द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी से पूरा होता है। नैनो यूरिया के लिए जहां किसान को 500 एमएल बोतल के लिए 240 रुपये देने होंगे, पर उत्पादक को सब्सिडी की कोई धनराशि नहीं मिलेगी। स्वाभाविक रूप से निर्माता घाटे में बेचेगा क्योंकि बोतल की कीमत केवल 240 रुपये होगी। यदि इस तथ्य पर गौर किया जाए कि नैनो यूरिया बनाने में प्रयोग होने वाली मूलभूत सामग्री परंपरागत यूरिया वाली ही होगी तो यह एक पहेली बन जाती है। नैनो यूरिया में भार के अनुसार 85 से 99.98 प्रतिशत परंपरागत यूरिया, 0.01 से 5 प्रतिशत क्विनहाइड्रोन, 0.01 से 10 प्रतिशत कैल्शियम साइनामाइड तथा माइक्रो गैर-नाइट्रोजन पौध पोषक व माइक्रो नाइट्रोजन वाले यौगिक होंगे। इस पहेली का समाधान इस तथ्य पर गौर करने से स्पष्ट हो जाएगा। जहां परंपरागत यूरिया के 45 किलो के बोरे में 46 प्रतिशत 'एन' या बीस किलो होती है, वहीं नैनो यूरिया की 500 एमएल बोतल में 4 प्रतिशत 'एन' या 20 ग्राम होगी।

क्या केवल 20 ग्राम से 20 किलोग्राम का नतीजा निकल सकता है। कृषि वैज्ञानिकों को बताना चाहिए कि नैनो यूरिया यह चमत्कार कर सकती है। यदि ऐसा हो सकता है तो सरकार हर साल 9 मिलियन टन यूरिया के आयात पर खर्च की जाने वाली 55,000 करोड़ की सब्सिडी बचा सकती है। इसका यह अर्थ भी है कि यदि परंपरागत यूरिया के स्थान पर केवल नैनो द्रव यूरिया का प्रयोग किया जाए तो सरकार नैनो यूरिया की 198 मिलियन बोतलें बिना सब्सिडी के बेच सकती है।

# विकास के एक्सप्रेसवे पर योगी सरकार

> "उत्तर प्रदेश आधारभूत संरचनाओं, सुरक्षा, अवसर और लाभकारी नीतियों के बल पर विकास के साथ औद्योगिक विकास के एक्सप्रेसवे पर अग्रसर है।"

**पंकज पाराशर**
(लेखक एक समाचार पोर्टल के संपादक हैं)



उत्तर प्रदेश और फिर उत्तराखंड को औद्योगिक रफ्तार देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने नोएडा जैसे औद्योगिक शहर की नींव रखने के साथ ही यूपी के कई जिलों में औद्योगिक संरचना को तैयार की थी। लेकिन उसके बाद चार दशक तक राज्य में औद्योगिक नीतियों की अनदेखी से उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य बन गया।

लेकिन पिछले साढ़े पांच साल योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आधारभूत संरचनाओं, सुरक्षा, अवसर और लाभकारी नीतियों के बल पर विकास के साथ औद्योगिक विकास के एक्सप्रेसवे पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गत गुरुवार को अगले 5 वर्षों के लिए राज्य की औद्योगिक विकास नीति में बड़े बदलाव कर 'उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022' को लागू किया है। यह एक निवेशोन्मुख और समेकित नीति है।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 13 एक्सप्रेसवे हैं। जिनमें सात निर्माणाधीन हैं। पिछले साढ़े पांच वर्षों में योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को पूरा कराने का काम किया है। वहीं गंगा एक्सप्रेसवे (594 किमी), गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे (91 किमी), लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (63 किमी), गाजियाबाद-कानपुर एक्सप्रेसवे (380 किमी), दिगी-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेसवे (210 किमी)और गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट एक्सप्रेसवे (117 किमी) पर काम चल रहा है। इसी के साथ ही 1,455 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे आगामी तीन वर्षों में पूरे हो जाएंगे। इस तरह यूपी में कुल 2,710 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास को रफ्तार देगा। अगर ईस्टर्न और वेस्टर्न रेलवे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स की



बात करें तो इनका करीब 1,100 किलोमीटर हिस्सा उत्तर प्रदेश से गुजरेगा। नई नीति में एक्सप्रेसवे के किनारे 'अटल इण्डस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन' के तहत औद्योगिक पार्क बनाने का विजन है। इसके साथ ही प्राइवेट सेक्टर को औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन दिया गया है। नई प्रस्तावित नीति में फास्ट ट्रैक भूमि आवंटन की व्यवस्था की गई है। इसके तहत ग्रेटर नोएडा में हीरानंदानी समूह ने इसी सप्ताह उत्तर प्रदेश के पहले डाटा सेंटर की शुरुआत योगी आदित्यनाथ से करवाई है। यह समूह इस प्रोजेक्ट के लिए केवल 600 करोड़ रुपये लेकर उत्तर प्रदेश में आया था। 'फास्ट ट्रैक मॉडल' का फायदा यह हुआ कि अब हीरानंदानी समूह पूरे उत्तर प्रदेश में 39,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

प्रस्तावित नीति में उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पेश की गई है। साथ ही जलापूर्ति, जल निकासी और लॉजिस्टिक्स के विस्तृत उपाय हैं। वित्तीय संसाधनों की सुलभता के लिए अवस्थापना विकास कोष बनेगा। सरकार स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से इक्विटी पूंजी जुटाने में मदद देगी। इस पॉलिसी में आयात प्रतिस्थापन, निर्यात प्रोत्साहन, अनुसंधान व विकास, नवाचार और बौद्धिक सम्पदा अधिकार को प्रोत्साहन, गुणवत्ता और डिजाइन को प्रोत्साहन, एमएसएमई, ओडीओपी और अन्य स्थानीय उद्योगों की सहायता को समाहित किया है।

नई नीति रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए बड़ी इंडस्ट्री को विशेष प्रोत्साहन तो देती है, साथ ही उच्च रोजगार सृजन क्षमता वाले क्षेत्रों जैसे हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, एमएसएमई व स्टार्टअप्स पर केंद्रित है। राज्य का नीतिगत ढांचा, स्वरोजगार और ओडीओपी जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्पियों के लिए रोजगार सृजन होगा। इस सबके लिए समांतर रूप से 'ब्रॉण्ड उत्तर प्रदेश' को विकसित करना होगा। यूपी की सरकारें खराब कानून व्यवस्था के कारण चुनाव हारती रही हैं। यह पहली सरकार है, जो अच्छी कानून व्यवस्था के बूते चुनाव जीतकर दोबारा आई है।

यह नीति पूरे राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देगी। इस सरकारी नीति में उद्योगों से अछूते बुन्देलखण्ड और पूर्वांचल को फोकस में रखा गया है। औद्योगिक इकाई स्थापित करने पर स्टांप शुल्क में भारी छूट उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल सरकार चलाने के लिए नहीं उत्तर प्रदेश को अपने पांवों पर खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। नि:संदेह यह पॉलिसी अगले साल फरवरी में होने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव ला सकती है। उत्तर प्रदेश को 'वन ट्रिलियन इकोनॉमी' बनाने में मददगार होगी। 'ब्रांड उत्तर प्रदेश' को दशकों से ऐसी ही सोच की दरकार थी। सबसे बड़ी बात योगी आदित्यनाथ 'सामूहिक प्रयास और सामूहिक विकास' पर जोर दे रहे हैं।

## आप की बात

### कानून पर विश्वास

**कानून** की एक पुरानी अवधारणा है कि चाहे सौ दोषी छूट जाएं परन्तु एक निर्दोष को दंड नहीं मिलना चाहिए। जबकि सामाजिक अवधारणा इसके बिलकुल उलट है कि गेहूं के साथ घुन हमेशा पिसा जाता है। उच्चतम न्यायालय द्वारा किरण नेगी केस में दोषियों को मुक्त इसी अवधारणा के आधार पर किया है या कहें बेनिफिट ऑफ़ डॉउट तथाकथित दोषियों को दिया गया है, इस फैसले के बाद समाज में असंतोष होना स्वाभाविक है क्योंकि फरवरी 2012 में जो घटित हुआ वो वाकई घृणित था, इस तरह के अपराध सभ्य समाज को कलंकित करते हैं। और इन अपराधों में हर हाल में दोषियों को सजा होनी ही चाहिए। यदि आरोपी मुक्त हुए हैं तो निश्चित ही कानूनी प्रक्रिया लचर रही होगी या केस को जानबूझकर कच्चा छोड़ने के प्रयास हुए होंगे, आवश्यक है कि इस केस का पटाक्षेप हो, और संदेह के लाभ की गुंजाइश छोड़ने वाले लोगों को कटघरे में लाया जाए। इसके लिए जरूरी है कि पुलिस की जांच तथा अभियोजन में पहले चरण से ही सही तालमेल बनाया जाए तथा जांच की आधुनिकतम वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाए। इसके साथ ही मामलों का त्वरित निपटारा करना भी जरूरी है क्योंकि ऐसा करने पर ही समाज मजबूत बनेगा।

**मनोज,** मेरठ

### चुनावी खैरातें

**नोबेल** पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी का ऐसा मानना है कि चुनाव से पहले या चुनाव के बाद लोगों को किसी तरह की रियायत देना या फिर मुफ्त उपहार देना आज कोई सर्वश्रेष्ठ तरीका नहीं है, इसे अनुशासित करना आज के समय में बेहद जरूरी है। इनका कहना है कि चुनाव के समय दिए जाने वाले सरकारी तोहफे हो या फिर रियायत यह उचित नहीं है । इससे आप आम आदमी को एक तरह से निठल्ला ही बनाते हैं, उसकी कार्य क्षमता को कम करते हैं। अत: हम भी अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी के वाक्यों से पूरी तरह सहमत हैं। आज हमारे देश में खुले आम इस तरह की रियायत देने का चलन सा चल गया है। इस तरह की रियायतें देने का पैटर्न आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने चलाया है एवं आज भी वे इस तरीके को अपना श्रेष्ठ तरीका मानते हैं। मुफ्त बिजली,पानी देना तो इनका एक तरह से शगल बन गया है। अत: आज यह दूसरे दलों के लिए एक तरह से परेशानी का सबब बन गया है क्योंकि आज हर राज्य इसी तरह की रियायत और उपहार चाहता है। जबकि इस तरीके से तो राज्य की जनता पर ही अधिक आर्थिक भार पड़ता है।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर


### विज्ञान की उपलब्धि

**नील** आर्मस्ट्रांग ने चांद पर पहला कदम रखते ही कहा था "मनुष्य के लिए यह एक छोटा कदम है, मानव जाति के लिए एक विशाल छलांग।" ठीक उसी तर्ज पर हमें आज ब्रिटिश शोधकर्ताओं एवं चिकित्सा वैज्ञानिकों के बारे में यह कहना चाहिए कि प्रयोगशाला में, जिस तरह से उन लोगों की कड़ी मेहनत से, रक्त का निर्माण करने में सफलता पायी है वो, चिकित्सा विज्ञान के लिए मिल का पत्थर साबित होने जा रहा है। भले ही अभी सिर्फ दो लोगों पर ही, सिर्फ दो चम्मच के बराबर रक्त चढ़ाया गया है, जिसे उनके शरीर ने अभी तक अस्वीकार नहीं किया है। मतलब यह परिक्षण सफल रहा। भविष्य में, रक्तदान करने वालों के साथ साथ अब, प्रयोगशाला में भी रक्त का निर्माण होगा, जिसे जरूरतमंदों को दिया जा सकेगा। आधुनिक विश्व के 21वीं सदी में भी मानव का रोगों का विरुद्ध संघर्ष जारी है। दु:ख इस बात का है कि इस लड़ाई में, अब भी, कई मामलों में जीत रोगों की होती है। मनुष्य हार जाता है। चिकित्सा में मिलने वाली उपलब्धि मानवता के लिए सबसे बड़ी हो सकती है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**मोदी** को विदेशों में इतना अधिक सम्मान इसलिए मिला कि वे गांधीजी के देश के प्रधानमंत्री हैं, जहां लोकतंत्र की जड़ें गहरी जमी हैं।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**पार्टी** उन नेताओं के खिलाफ जल्द कार्रवाई करेगी जिनको एआईसीसी ने अनुशासनहीनता के लिए कारण बताओ नोटिस जारी की थी।

– **सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता



**मुझे** आपके देश पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी कर्मियों की सुरक्षा की बहुत चिन्ता है।

– **शी जिनपिंग**
चीनी राष्ट्रपति

# इतिहास हमें प्रदान करता है अतीत की गलतियों से सबक सीखने की प्रेरणा

● डीएवी कालेज में गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मध्यकाल में जब यह देश विधर्मियों के आतंक से आतंकित था, धर्म संकट में था, बहन-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं थी तथा मानवता अपने अस्तित्व के लिए गुहार लगा रही थी, ऐसे समय में मानवता के कल्याण के लिए अपने उपदेशों तथा व्यापक जनजागरण के कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु नानक देव जी के रूप में प्रकाश पुंज प्रकट हुआ था। मुख्यमंत्री मंगलवार को लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाशोत्सव के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सरोपा व प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। प्रदेशवासियों को प्रकाशोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आज जगद्गुरु गुरु नानक देव जी का पावन प्रकाश उत्सव है। देश व दुनिया में जहां कहीं भी भारतवंशी निवास कर रहे हैं, वे श्रद्धा व विश्वास के साथ इस आयोजन से जुड़े हुए हैं। सिख गुरुओं का एक गौरवशाली इतिहास है तथा देश व धर्म के लिए आत्मबलिदान की एक अच्छी परम्परा भी है। यह हमें प्रेरणा प्रदान करती है तथा समाज को इससे नई ऊर्जा प्राप्त होती है। आज एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए साधन उपलब्ध हैं, तब भी हम अनेक प्रकार से कठिनाई महसूस करते हैं। हमें यह स्मरण रखना होगा कि जिस समय साधन उपलब्ध नहीं थे, तब गुरु नानक देव जी ने देश के विभिन्न भागों में तथा अनेक देशों में जहां आज जाना दुर्लभ है वहां जाकर धार्मिक उपदेशों के माध्यम से मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आज यहां डीएवी कॉलेज के प्रांगण में भव्यता के साथ इस आयोजन से जुड़े हैं। यहां सिख समाज के साथ-साथ समाज के हर तबके के लोग उपस्थित होंगे। हम यहां बिना किसी भय के बैठे हैं। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में कीर्तन यात्राएं एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं लेकिन गुरु नानक देव जी से जुड़े ननकाना साहब के पवित्र स्थल पर इस प्रकार के भव्य आयोजनों पर पाबन्दी है। हमें इस पर अवश्य विचार करना चाहिए। इतिहास केवल पढ़ने की वस्तु नहीं है। इतिहास प्रेरणा व मार्गदर्शक होता है। इतिहास हमें अतीत की गलतियों से सबक सीखने की प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सिख गुरुओं का स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करनी चाहिए।

## ऊर्जा मंत्री ने की विभाग की समीक्षा

# योजनाओं में प्रगति न होने पर जताई नाराजगी

● परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग व जिम्मेदारी भी तय की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए और उपभोक्ताओं को निर्बाध व सुरक्षित विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार की रिवैंप योजना को धरातल पर उतारने के लिए सभी डिस्कॉम कार्ययोजना बनाकर शीघ्र इस पर कार्य शुरू करें। इस प्रक्रिया को शासन और पावर कारपोरेशन के उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए। कहा कि कार्यों में गति लाने व वर्तमान विद्युत व्यवस्था के ढांचे में बदलाव का ब्लूप्रिंट शीघ्र तैयार किया जाए। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रिवैंप योजना की प्रगति, राजस्व वसूली, बिलिंग, उपभोक्ताओं की शिकायतों को स्थिति और घाटमपुर व पनकी की विद्युत इकाइयों के जनरेशन आदि विषयों को लेकर शक्ति भवन में देर रात समीक्षा बैठक की। उन्होंने रिवैंप योजना के अभी तक क्रियान्वित न होने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि 5 हज़ार करोड़ की बजटीय व्यवस्था वाली इस योजना को शीघ्र क्रियान्वित किया जाए, जिससे प्रदेश के उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिल सके।

उन्होंने इस योजना के संचालित होने में आ रही बाधाओं और देरी का कारण पूंछा। उन्होंने योजना की टेंडरिंग प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा तथा योजना को क्रियान्वित करने के लिए डीपीआर सही से बनाने, टेक्नीशियन टीम को सही से कार्य करने के निर्देश देने को कहा। उन्होंने कहा कि सीवीसी की गाइडलाइन के अनुसार फाइनल डॉक्यूमेंटेशन किया जाए और कार्यों में तेजी लाने के लिए नए सिरे से रि बीड निगोशिएशन की प्रक्रिया को भी शीघ्र पूरा करें। शर्मा ने प्रदेश के सभी 1000 और 500 की आबादी वाले मजरों में बिजली के खुले तारों को के केबीसी केबलिंग में बदलने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी डिस्कॉम के एमडी को इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने हाल ही में प्रतापगढ़ में 4 विद्युत पोल के गिरने और लखनऊ में भी ऐसा ही मामला के घटित होने पर इसकी दुबारा पुनरावृत्ति न हों इसके लिए लापरवाह अधिकारियों पर कारवाई के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए नगर निकाय बनाए गए हैं। कुछ निकायों का सीमा विस्तार कर गांवों को शहर में जोड़ा गया है। ऐसे नवसृजित एवं विस्तारित निकायों में विद्युत की आपूर्ति शहरों की भांति प्रदान करने के लिए, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाए। इसके लिए, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत धनराशि प्रदान किया जाएगा।

## खतौली विधान सभा सीट से आरएलडी भी उतरेगी मैदान में

**लखनऊ।** खतौली विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय लोक दल अपना प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। मंगलवार को मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्याशी पार्टी के सिंबल पर ही चुनाव लड़ेगा। इससे पूर्व जयंत सिंह चौधरी ने खतौली से विधायक भाजपा के विक्रम सिंह सैनी की विधानसभा सदस्यता रद करने की मांग की थी। सैनी को 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे में सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा जाने के बाद से खतौली सीट खाली है। इस सीट पर पांच दिसंबर को विधानसभा का उप चुनाव होगा। जयंत चौधरी ने कहा कि खतौली में हम जीत दर्ज करेंगे, जबकि समाजवादी पार्टी मैनपुरी लोकसभा उप चुनाव और का रामपुर सदर में विधानसभा का उप चुनाव लड़ेगी।

## हत्या की वारदात में वांछित 20 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने वाराणसी जिले में हुई हत्या की एक वारदात में वांछित 20 हजार के ईनामी अपराधी आर्या उर्फ आकाश सरोज को सिगरा थाना क्षेत्र में कैंट बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है। काफी समय से फरार चल रहे आर्या की धरपकड़ के लिए एसटीएफ को भी लगाया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफ को पता चला कि आर्या उर्फ आकाश कैंट बस स्टैंड के पास मौजूद है। एसटीएफ की टीम स्थानीय पुलिस को साथ लेकर बस स्टैंड पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आर्या ने बताया कि 12 जनवरी 2022 की शाम को मैं अपने साथियों के साथ मिलकर शराब के ठेके पर था। वहां पर किसी बात को लेकर राजकुमार सिंह से कहासुनी हो गई। जिस पर इनके पिता पशुपति सिंह (मृतक) भी बीच-बचाव करने मौके पर आ गए। हम लोगों ने दोनों के सिर पर लोहे की राड से हमला कर दिया। जब यह दोनों लोग जमीन पर गिर गए तो हम लोग वहां से भाग गए।

# किसानों को भाजपा सरकार ने सिर्फ धोखा दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसान चौतरफा लूटा जा रहा है। किसानों से झूठे वादे करने वाली भाजपा सरकार ने उन्हें सिर्फ धोखा दिया है। गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रुपया बकाया है। राज्य सरकार को कानून बकाया के साथ ब्याज भी देना चाहिए पर भाजपा सरकार चुप्पी साधे है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के कारण किसानों के लिए खेती बारी मुसीबत बनती जा रही है। इन दिनों किसान डीएपी खाद के लिए तरस रहा है। प्रशासनतंत्र की बेरुखी से हालात दिन पर दिन बिगड़ते जा रहे हैं। खाद की कमी के चलते कालाबाजारी पनप रही है। डीएपी का स्टाक मुंहमांगे दामों पर वसूला जा रहा है। दुकानों पर 1350 रुपए कीमत वाली डीएपी बोरी 1650 रुपये में बेची जा रही है। खाद बिक्री केन्द्रों पर कुछ दूकानदार तो खाद के साथ अन्य सामान जैसे लिक्विड स्प्रे भी किसानों को जबरन बेच रहा है। उन्होंने कहा कि एटा में सहकारी समितियों पर खाद की कमी से किसान परेशानी में भटक रहे हैं। निजी विक्रेता किसानों से एक बोरी पर 300 रुपए तक वसूली कर रहे हैं। प्रतापगढ़, हरदोई, कासगंज जैसे अनेक जिलों में किसान डीएपी के लिए भटक रहे हैं। किसान भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की मार झेल रहे है। दिन भर लाइन लगने पर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के प्रति शुरू से उदासीन है और उनके प्रति घोर उपेक्षा का भाव प्रदर्शित करती रही है। उसे अन्नदाता की नहीं पूंजीघरानों के हितों की चिंता रहती है। किसानों को सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन दिया जाता है। कभी आय दोगुनी करने का सपना दिखाया तो कभी मुफ्त बिजली का झांसा दिया। किसानों को सम्माननिधि के नाम पर अपमान और वसूली की नोटिसें ही मिल रही है। ऐसी जनविरोधी भाजपा सरकार अब किसानों को ही नहीं बल्कि समस्त प्रदेशवासियों के लिए मुसीबत बन गयी है।

## सपा ने की मुरादाबाद मण्डलायुक्त को हटाने की मांग

**लखनऊ।** सपा ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से रामपुर विधान सभा के उप चुनाव को लेकर मुरादाबाद मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को उनके वर्तमान पद से तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की रामपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन 5 नवम्बर को घोषित कर दिया है। मुरादाबाद के वर्तमान मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह लम्बे समय तक रामपुर में जिलाधिकारी रह चुके हैं और पदोन्नत होकर मण्डलायुक्त के पद पर भी काफी समय से तैनात हैं, इसी मण्डल में जनपद रामपुर है।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 के समय आन्जनेय कुमार सिंह पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का आरोप लगा था। इसकी शिकायत 29 जनवरी 2022 को मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग से की गई थी जिसमें आन्जनेय कुमार सिंह को स्थानान्तरित कराने की मांग की गई थी।

## सुरक्षा की दृष्टि से निगम की सभी बसों में लगेंगी पैनिक बटन

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम के सभी बसों में यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पैनिक बटन लगाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि बस में सवार किसी भी यात्री द्वारा किसी भी आपातकालीन आवश्यकता में पैनिक बटन का प्रयोग किया जा सकता है। परिवहन मंत्री ने बताया कि पैनिक बटन का प्रयोग करते ही उसके सबसे पास के पुलिस स्टेशन को सूचना मिल जायेगी और पुलिस की सहायता उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यदि चालक के द्वारा अनियंत्रित होकर बस चलाई जाएगी तो उसकी भी सूचना कंट्रोल रूम को मिल जायेगी और तुरंत चालक को कंट्रोल रूम द्वारा सचेत किया जा सकता है। श्री सिंह ने बताया कि यदि बस अपने निर्धारित मार्ग से अलग सड़क पर जाती है तो उसकी सूचना भी कंट्रोल रूम को मिल जायेगी। बस स्टेशन पर यात्रियों को बस के बारे में यह सूचना भी मिल जायेगी कि कौन सी बस कितनी देर में बस स्टेशन पर पहुँचने वाली है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने बताया कि परिवहन मंत्री के निर्देशानुसार निगम की सभी बसों में पैनिक बटन लगाए जाने के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है।

# बिजली कर्मियों का 29 से अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र की लखनऊ में हुई बैठक में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन ने भी संघर्ष समिति के सभी आन्दोलनात्मक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने पर अपनी सहमति दी है। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार संघर्ष समिति ने 29 नवम्बर से समस्त ऊर्जा निगमों में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करने की नोटिस अपर मुख्य सचिव,ऊर्जा को भी भेज दी है।

नोटिस में लिखा गया है कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये एवं नकारात्मक कार्यप्रणाली के कारण ऊर्जा निगमों को हो रही आर्थिक क्षति एवं ऊर्जा निगमों में व्याप्त भय के वातावरण को समाप्त कराने के लिए एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार अनुरोध किये जाने के बावजूद कुछ भी सार्थक कार्यवाही न होने के कारण संघर्ष समिति ने सरकार व प्रबन्धन के ध्यानाकर्षण के लिए आन्दोलन का निर्णय लिया है। 29 नवम्बर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार प्रारम्भ करने से पहले संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों, सेवा संगठनों की केन्द्रीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी व सदस्य 17 नवम्बर को लखनऊ में शक्ति भवन मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रदर्शन करेंगे। 21 नवम्बर लखनऊ सहित समस्त जनपदों व परियोजनाओं पर अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक विरोध सभायें की जायेंगी।

22 नवम्बर से नियमानुसार कार्य आन्दोलन शुरू होगा। ऊर्जा निगमों में शीर्ष प्रबन्धन स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए प्रदेश भर के जनप्रतिनिधियों को 22 नवम्बर से ज्ञापन सौंपा जायेगा। 28 नवम्बर परियोजना मुख्यालयों पर मशाल जुलुस कार्यक्रम व 29 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से सभी ऊर्जा निगमों के समस्त कर्मचारी व अभियन्ता अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करेंगे। बिजली कर्मचारियों, अवर अभियन्ताओं व अभियन्ताओं की मुख्य मांगों में सभी बिजली कर्मियों को पूर्व की भांति 9 वर्ष, कुल 14 वर्ष एवं कुल 19 वर्ष की सेवा के उपरान्त 3 पदोन्नत पदों के समयबद्ध वेतनमान दिए जाने, निर्धारित चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत चेयरमैन, प्रबन्ध निदेशकों व निदेशकों के पदों पर चयन किया जाने, सभी बिजली कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान किए जाने, ट्रांसफार्मर वर्कशॉप के निजीकरण के आदेश वापस लिए जाने और वाह्य सेवा प्रदाता द्वारा संविदा कर्मियों के ईपीएफ भुगतान में किये गये घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की जाने की मांग की गई है। बैठक में राजीव सिंह, प्रभात सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, जीवी पटेल, जय प्रकाश, सुहेल आबिद, पीके दीक्षित, एके श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, अजय द्विवेदी, अंकुर भारद्वाज समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी नगर निकाय चुनावः नकुल दुबे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कांग्रेस** ने भी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर निकाय चुनाव से संबंधित तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी। नगर निगम और प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार डेंगू, चिकनगुनिया के आगे पूरी तरह से सरेंडर हो चुकी है। दुबे ने कहा कि कहीं भी फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं हो रहा है। ऐसे में विकास की बड़ी बड़ी बातें करना जनता के साथ बहुत बड़ा मजाक है। जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जनता अपने कल्याण के लिए लोगों को चुनती है, सरकार बनाती है। जनता का कल्याण करने के बजाय सिर्फ स्वयं कल्याण में लगे रहते हैं। ऐसे लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना आवश्यक है। बैठक में पूर्व विधायक व पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिस तरह से लाचार और बेचारी नजर आ रही है, उससे हालात यह हो गए हैं कि राजधानी लखनऊ के नगर निगमों पर लगातार भ्रष्टाचार के सवाल खड़े हो रहे हैं और सरकार आम आदमी को मरने के लिए छोड़ दे रही है। वर्तमान समय में डेंगू, चिकनगुनिया के कहर से राजधानी के लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अस्पतालों में बेड का आभाव है। उन्होंने कहा कि नगर महापालिका आज बुनियादी सुविधायें तक नहीं दे पा रही हैं।

## सेवा दल के महासचिव कृष्ण कुमार के निधन पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हृदय गति रुकने से मृत सेवा दल के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी मध्य प्रदेश कृष्ण कुमार पांडेय को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

मंगलवार की सुबह नौ बजे पांडेय का निधन हो गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी तथा राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल एवं तौकीर आलम ने पांडेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

# अपने माता-पिता की अवस्था का ध्यान रखें बच्चेः राज्यपाल



● डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि का दीक्षान्त समारोह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि का नवम दीक्षांत समारोह सोमवार को सम्पन्न हुआ। राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थी समान रूप से सम्मान के पात्र हैं क्योंकि कुछ अंकों से आगे-पीछे हो जाने से पदक स्वर्ण, रजत और कांस्य की श्रेणी में विभाजित हो जाते हैं जबकि विद्यार्थियों की योग्यता लगभग बराबर ही होती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सफलता प्राप्त ज्ञान के समुचित उपयोग और जीवन लक्ष्यों को लगन से पूरा करने से प्राप्त होगी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता से जुड़ाव और समर्पण रखने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि माँ-बाप बच्चों को पालने और शिक्षा-दीक्षा कराने में अपनी उम्र गुजार देते हैं और बच्चे योग्य होकर देश-विदेश में अन्यत्र सेवाएं देने चले जाते हैं जबकि माता-पिता उनकी उपलब्धियों पर गर्व करते हुए अकेले रह जाते हैं और जीवन के अवसान को प्राप्त हो जाते हैं। बच्चों को अपने माता-पिता की इस अवस्था में ध्यान रखना चाहिए। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह को विद्यार्थियों के जीवन की उपलब्धि का विशेष दिन बताते हुए कहा कि शिक्षा सिर्फ सर्टिफिकेट प्राप्त करने की प्रक्रिया मात्र नहीं है। ये उन चारित्रिक गुणों का उच्चतम विकास भी करती है, जिनका प्रारम्भ घर में माता-पिता से प्राप्त प्रारम्भिक शिक्षा से होता है। राज्यपाल ने कहा कि उप्र सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए इस विवि की स्थापित किया गया। यहाँ से विद्यार्थी ज्ञान-विज्ञान और विविध विषयों में उच्च शिक्षा लेकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप ने विवि की विशिष्टताओं की चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विवि के कुलपति प्रो राणा कृष्णपाल सिंह ने समारोह में विवि की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को भावी जीवन में उत्कृष्ट योगदान के साथ सफलता के लिए प्रेरित किया। दीक्षांत समारोह में कुल 1506 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। जिसमें 150 मेधावी विद्यार्थियों को पदक से अलंकृत किया गया। राज्यपाल ने संस्थान के 56 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक 48 को रजत पदक तथा 46 विद्यार्थियों को कांस्य पदक प्रदान किया। 150 पदकों में 10 दिव्यांग विद्यार्थियों ने 17 पदक प्राप्त किए, जिनमें 3 छात्राएं तथा 7 छात्र हैं। दृष्टिबाधितार्थ विभाग के 1 दृष्टिबाधित छात्र ने सर्वाधिक 5 पदक प्राप्त किए। उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों में 749 छात्राएं तथा 757 छात्र हैं।

# हमारी माटी और हुनर ने हमें कोरोना की बर्बादी से बचा लिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वैश्विक** महामारी कोरोना के बुरे दौर में भी अपनी मिट्टी और इसे गढ़ने का हुनर ही काम आया। संक्रमण रोकने के लिए हुए लॉकडाउन के कारण सब कुछ अचानक ठहर सा गया। आपूर्ति की पूरी चेन गड़बड़ा गई। अचानक सूझा किए हम जिस मिट्टी से काम करते हैं और इससे टेराकोटा के जो उत्पाद तैयार करते हैं उसे न सड़ना है न उसकी कोई एक्सपायरी डेट होती है। लिहाजा बेहतर दिनों की उम्मीद में हमने अपना काम जारी रखने की सोची। समय काटने और बेहतर दिनों की उम्मीद में हमने अपना काम जारी रखा। जो सोचा थाए बाद में वही हुआ। कोरोना के बाद इतने आर्डर आये कि जो भी बना थाए वह खत्म हो गया। पर इसके पीछे भी मूल रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही थे। उनके द्वारा टेरोकोटा को गोरखपुर का ओडीओपी एवं लगातार इसकी ब्राडिंग के नाते काम की स्थिति ठीक थी। हमारे पास काम लायक पूंजी थी। साथ में बाकी संसाधन भी। लिहाजा हमारा काम चल गया। अन्यथा तो हममें से कई बर्बाद हो जाते। यह कहना है गोरखपुर के उत्तरी छोर पर स्थित गुलरिहा गांव के 40 वर्षीय राजन प्रजापति का। राजन मिट्टी में जान डालने के हुनर में माहिर हैं। इसके लिए उनको राष्ट्रपति भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से पुरस्कार मिल चुका है। दरअसल गोरखपुर में गुलरिहा से लगे एक गांव है औरंगाबाद। कुम्हार बिरादरी के इस गांव के लोग समय की जरूरत के अनुसार मिट्टी अलग-अलग चीजें बनाने का काम करते रहे हैं। यही इनका पुश्तैनी पेशा है। इसी में से कुछ लोगों ने अलग-अलग साइज के हाथी-घोड़े बनाने की शुरुआत की। बाद में उनके इसके हुनर को टेराकोटा नाम मिला। धीरे-धीरे औरंगाबाद इस काम के लिए मशहूर हो गया। तारीफ मिलने पर यहां के लोगों ने खुद को बाजार की मांग के अनुसार ढाला। लिहाजा इनके पास दूर-दूर से आर्डर आने लगे। देखी-देखा यह काम आसपास के कुछ अन्य गावों में भी होने लगा। इसमें अभूतपूर्व परिवर्तन 2017 के बाद तब आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर इसे गोरखपुर का ओडीओपी घोषित किया गया। वर्तमान में औरंगाबाद के साथ ही गुलरिहा, भरवलिया, जंगल एकला नंबर-2, अशरफपुर, हाफिज नगर, पादरी बाजार, बेलवा, बालापार, शाहपुर, सरैया बाजार, झुंगिया, झंगहा क्षेत्र के अराजी राजधानी आदि गांवों में टेराकोटा शिल्प रोजगार का बड़ा जरिया बना हुआ है। बकौल राजन प्रजापति बाबा गोरक्षपीठाधीश्वर के नाते पूर्वांचल में योगी आदित्यनाथ को लोग बाबा या महाराज के ही नाम से पुकारते हैं ने हमारी मिट्टी को सोना बना दिया। टेराकोटा को गोरखपुर का ओडीओपी घोषित करने के साथ खुद ही वे इसके ब्रांड अम्बेसडर बन गये। हर मंच से उनके द्वारा इसकी चर्चा के नाते हमारे उत्पादों की जबरदस्त ब्रांडिंग हुई। ओडीओपी योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय मदद पर अनुदान, नई तकनीक और विशेषज्ञों से मिलने वाले प्रशिक्षण ने सोने पर सुहागा का काम किया।

ऐसा कहने वाले राजन अकेले नहीं हैं। उनके वर्कशॉप में काम कर रहे जगदीश प्रजापति, रविन्द्र प्रजापति और नागेंद्र प्रजापति भी हैं। माटी में जान डालने का हुनर रखने वाले ये सभी लोग उद्योग निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार से पुरस्कृत हो चुके हैं। यह पूछने पर कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा टेराकोटा को गोरखपुर का ओडीओपी घोषित करने से क्या लाभ हुआ? नागेन्द्र प्रजापति कहते हैं कि सोच भी नहीं सकते। वित्तीय मदद इसके तहत मिलने वाले अनुदान, अद्यतन तकनीक और भरपूर बिजली से हम सबको बहुत लाभ हुआ। मसलन पहले हम चाक को हाथ से घुमाते थे। एक मानक गति के बाद मिट्टी को आकार देते थे। गति कम होने के बाद फिर उसी प्रक्रिया को दोहराते थे। इसमें समय एवं श्रम तो लगता ही था, उत्पादन भी कम होता था। अब तो बटन दबाया बिजली से चलने वाला चाक स्टार्ट हो जाता है। जब तक बिजली है, आप दिन रात काम करते रहिए। इससे हमारा उत्पादन दोगुने से अधिक हो गया। इसी तरह पहले हम पैर से मिट्टी गूथते थे। वह अगले दिन चाक पर चढ़ाने लायक होती थी।

## दावे व आपत्तियों के लिए अंतिम तिथि को पांच दिन बढ़ाए आयोगः कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर दावे व आपत्तियां प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक अशोक सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली के निरीक्षण के उपरांत कुछ जनपदों से नामावलियों में कुछ विसंगतियां सामने आई हैं। इस बारे में संज्ञान में आने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आयोग से मांग की है कि अंतिम तिथि को 5 दिन आगे बढ़ाया जाए जिससे अंतिम प्रकाशन से पूर्व मतदाता सूचियों को दुरुस्त कराकर एवं फर्जी मतदान होने की संभावना को रोक निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके।

# अब राज्य व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

**● योजना का लाभ देने के लिए पंजीकरण शुरू**

संवाददाता । लखीमपुर खीरी

**जिले के** राज्य कर्मचारियों व सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए अच्छी खबर है। अब आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की तर्ज पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत स सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों एवं योजना से संबद्ध निजी चिकित्सालय में प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा मिलेगी। इस लाभ को लेने के लिए पात्र लाभार्थी के पास स्टेट हेल्थ कार्ड होना आवश्यक है। इस संबंध में आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ बीसी पंत ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की तरह राज्य के सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रित परिजनों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत सभी सरकारी अस्पतालों एवं योजना से संबद्ध सरकरी निजी चिकित्सालय में प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा मिलेगी। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली के अधीन संचालित है। इस योजना में राज्य के सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों व उनके आश्रित परिजनों को कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

### योजना का लाभ लेने के लिए स्टेट हेल्थ कार्ड आवश्यक

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ अक्षत ने बताया इस योजना का लाभ लेने के लिए हर पात्र लाभार्थी के पास पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा कार्ड होना अनिवार्य है। इसी कार्ड की सहायता से ही सूचीबद्ध चिकित्सालयों में लाभार्थी की पहचान के उपरांत चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी।

### ऑनलाइन किया जा रहा पंजीकरण

**योजना के नो**डल अधिकारी ने बताया कि इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए लक्षित लाभार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। योजना के लिए राज्य स्वास्थ्य कार्ड बनाने का कार्य वेबसाइट पर हो रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए कर्मचारी और उसके आश्रितों के अलग-अलग हेल्थ कार्ड होना आवश्यक है। जिला सूचना प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया आयुष्मान भारत योजना में बीमारियों के पैकेज तय हैं। इसके तहत अस्पताल उपचार की धनराशि काट सकेंगे। अभी हाल ही में किडनी व कार्नियल ट्रांसप्लांट जोड़ दिये गये हैं। कैशलेस उपचार की व्यवस्था के तहत धनराशि का भुगतान स्टेट एजेंसी फॉर हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज करेगी। यह धनराशि आयुष्मान भारत योजना के तहत तय पैकेज के अनुसार इलाज देने वाले संबंधित अस्पताल को उपलब्ध कराई जाएगी।

## आग से झुलसी महिला की मौत, दहेज हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता। बरेली

**संदिग्ध** परिस्थितियों में आग से झुलसी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई मृतका के पिता ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरूकर दी । शेरगढ़ थाने के गांव मोहददी पुर निवासी 24 वर्षीय शोभा पत्नी अनूप कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता शेरगढ़ थाने के गांव ढकिया ठाकुरान निवासी महेश ने पति अनूप और उसके घरवालों पर शोभा को जलाकर मारने का आरोप लगाया और कहा कि शोभा का विवाह उसने 27 अप्रैल सन 2019 में अनूप से किया था विवाह के बाद से ही कम दहेज लाने की बात कहकर पति और ससुराल पक्ष के लोग शोभा को परेशान करते थे और अक्सर मारपीट करते थे पिछले कुछ समय से वह पर मायके से रकम लाने का दबाव डाल रहे थे इसी के चलते उन्होंने कल दिन में शोभा पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी और झुलसी हुई अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मायके वालों को सूचना दी कि शोभा की तबीयत खराब है लेकिन जब तक वह अस्पताल पहुंचे शोभा की मौत हो चुकी थी मृतका के पिता ने सास गीता पति अनूप जेठानी ज्योति और पति के ताऊ लक्ष्मण के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी पुलिस ने सास जेठानी और पति को हिरासत में ले लिया शब को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।

## क्विक न्यूज

### कल से शुरू होगा जवाहरपुर व रामगढ़ चीनी मिल का पेराई सत्र

**सीतापुर।** सीतापुर की जवाहरपुर एवं रामगढ़ चीनी मिल में वर्ष 2022-23 का षुभारंभ हवन पूजन के साथ 9 नवंबर से होगा। जबकि हरगांव चीनी मिल की चिमिनयों से दस नवंबर को धुंआ निकलना शुरू हो जाएगा। इस आशय की जानकारी जिला गन्ना अधिकारी संजय सिशोदिया ने दी। रामगढ़ चीनी मिल के जीएम केन उमाकांत पाठक ने बताया कि पेराई सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। खरीद के लिए ऋय केन्द्र भी अस्तित्व में आ गए है।

### स्वामी परमहंस आश्रम जाने वाला मार्ग अवरुद्ध

**सीतापुर।** तहसील लहरपुर क्षेत्र के स्वामी परमहंस के आश्रम को जाने वाले मार्ग को अवरूद्ध किए जाने के विरोध में विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एसडीएम लहरपुर अनुपम मिश्रा को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार षषि बिन्दु द्विवेदी को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि परमहंस आश्रम वर्ष 1973 से रोहिया शिवपुर में है। जिसके रास्ते को विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अवरुद्ध किया गया है। कार्रवाई न होने पर कार्यकर्ताओं ने आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर जिला संयोजक संदीप अवस्थी, प्रखंड संयोजक सीनू मिश्रा बजरंगी, मधुरेश शुक्ला बजरंगी, दुर्गेश मिश्रा बजरंगी, श्याम बजरंगी, हर्षित शुक्ला बजरंगी, महेश कुमार बजरंगी, धनराज अवस्थी, शिवराज, रजनीश कुमार, सोहनलाल, अशोक कुमार मौर्य, आयुष पांडेय, मनीष पाठक, प्रमोद, जयद्रथ, राम सहारे, रामचंद्र, रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### 2100 दीपों से जगमगाया चक्रतीर्थ

**सीतापुर।** 22- देव दीपावली की पूर्व संध्या पर अट्ठासी हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिष के चक्रतीर्थ पर सोमवार शाम को चक्रतीर्थ को 2100 दीपों से सजाया गया। दीपों की रोषनी से चक्रतीर्थ जगमगा उठा। सनातन ऋषि सत्संग महाआरती सेवासमिति द्वारा नित्य प्रतिदिन होने वाली अष्टकोणीय आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस बार देव दीपावली यानी कार्तिक पूर्णिमा को चंद्रग्रहण होने की वजह से एक दिन पूर्व देव दीपावली मनाई गई। इस मौके पर समाजसेवी सागर गुप्ता मौजूद रहें।

### श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व

**सीतापुर।** सिख धर्म के पहले गुरू श्री गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर सीतापुर के गुरूद्वारों में शबद कीर्तन, स्त्री सत्संग, प्रवचन का आयोजन हुआ और श्रद्धालुओं ने लंगर छका। शहर के घंटाघर स्थित और गुरूद्वारा कालोनी स्थित गुरूद्वारे में सुबह से शुरू हुए कार्यक्रम देर शाम तक चलते रहे और सिख धर्म के श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर नजर आए। गुरूद्वारा कालोनी स्थित गुरूद्वारा में जलेबी, पकोड़ी और चाय के अटूट लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने बैठकर लंगर छका और भाईचारे का संदेष दिया। प्रकाश पर्व पर अन्य जनपदों से आए रागी जत्था ने शबद कीर्तन, दाड़ी जत्था ने वीर रस की कविताएं, तुम्बी वाले ने सिख धर्म के इतिहास का वर्णन किया, वहीं स्त्री सत्संग से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। इसके अतिरिक्त प्रवचन, सिख धर्म के इतिहास पर प्रकाश भी डाला गया। समाज से कुरीतियों को दूर करने का संकल्प दिलाया गया। प्रकाश पर्व में विभिन्न धर्मों के श्रद्धालुओं ने भी लंगर छका।

### जहरीला पदार्थ पीने से महिला की हालत बिगड़ी

**बरेली ।** कर्ज से परेशानी हुई महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या की कोशिश की उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के रविंद्र नगर निवासी अमित कुमार की पत्नी पूजा श्रीवास्तव को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि पूजा ने कई लोगों से जरूरत के समय कर्जा लिया था लेकिन वह वादे के अनुसार कर्ज वापस नहीं कर सकी और पैसे देने वाले उस पर रुपए वापस देने का दबाव डाल रहे थे इसी के चलते वह मानसिक रूप से परेशान थी और उसने आज सुबह जहरीला पदार्थ पी लिया पता चलने पर पति ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

### 25000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बरेली ।** लंबे समय से फरार चल रहे 25,000 के नामी बदमाश को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र की कृष्णा नगर कॉलोनी रोड नंबर 7 निवासी वांछित अपराधी मनमोहन सिंह पुत्र मूलचंद को पुलिस ने आज उसके घर से गिरफ्तार किया पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए मनमोहन सिंह पर थाना इज्जत नगर में आधा दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज थे लेकिन वह फरार चल रहा था पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी पुलिस ने उस पर 25000 रुपए का इनाम घोषित किया था लेकिन आज पुलिस में उसको घर से ही गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।

## दुर्घटना में घायल ग्रामीण की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक ग्रामीण की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र के गांव लहरा असदुल्लाह पुर निवासी 42 वर्षीय बुध पाल पुत्र तोताराम की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि बुधपाल 27 अक्टूबर को मोटरसाइकिल से उझानी गया था जहां से वापस घर लौटते समय उसकी मोटरसाइकिल को घर से कुछ ही पहले किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जिस ने घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी अस्पताल पहुंचे घरवाले हालत नाजुक देखकर अगले ही दिन उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां बीती रात एक निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया मृतक तीन बेटों का पिता था।

## कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 के मैच 12 से 15 नवंबर तक एसआरएमएस में

संवाददाता। बरेली




**बरेली में पहली** बार बी.सी.सी.आई. के घरेलू क्रिकेट के अंतर्गत कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 का मैच खेला जाएगा । श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में 12 नवंबर से 15 नवंबर के बीच आयोजित होने वाले इस मैच को सफल बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसकी जानकारी प्रेस कांफ्रेस में एसोसिएशन के संरक्षक और एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि बरेली में उत्तर प्रदेश और नगालैंड की टीमों के बीच आयोजित होने वाला यह चार दिवसीय मैच बरेली के ए क्रिकेट इतिहास में मील का पत्थर स्थापित कर इतिहास बनाने वाला है। श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम को इसके आयोजन की जिम्मेदारी मिली है। बरेली में आयोजित होने वाला यह बी.सी.सी.आई. अधिकृत पहला मैच है। 10 और 11 नवंबर को दोनों टीमें एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में प्रैक्टिस करेंगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार , उ.प्र. के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल और महापौर डा. उमेश गौतम 12 नवंबर को सुबह 8.30 मैच का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कमिश्नर बरेली मंडल संयुक्ता समददार, एडीजी बरेली जोन राजकुमार , आईजी बरेली जोन रमित शर्मा , डीएम शिवाकांत द्विवेदी , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अखिलेश चौरसिया , वीसी बीडीए जोगेंद्र सिंह के साथ एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति भी मौजूद रहेंगे। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज वली खान ने कहा कि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन काफी दिनों से बरेली में क्रिकेट आयोजित करने का प्रयास कर रहा था। बरेली क्रिकेट एसोसिशन में संरक्षक के रूप में आदित्य मूर्ति के आने से एसोसिएशन को यह पहली सफलता मिली है। जिसके तहत कूच बेहार ट्राफी का एक मैच आयोजित करने की जिम्मेदारी यूपीसीए की ओर से मिली है। यह आगाज है, आने वाले दिनों में एसोसिएशन बरेली में तमाम मैच आयोजित करवाएगी। कांफ्रेंस में मैच आयोजन समिति के सेक्रेटरी मनीष सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी राहुल कपूर, ट्रेजरार शहजाद अली भी मौजूद रहे।

## पुलिस पर हमला करने वाला गया जेल



**मैलानी-खीरी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण व दिशा निर्देश मे थाना प्रभारी निरिक्षक राहुल सिह गौर को मैलानी थानाक्षेत्र की चौकी संसार पुर के अंतर्गत आने वाले गांव भगत पुर मे गाली गालौज की सूचना पी आर वी इमेन्ट य9187पर सूचना मिली पी आर वी 2867 पर तैनात आरक्षी लव कुश द्वारा गाली गलौज करने वाली पक्ष विपक्षी दोनो पक्षों को ने गलती मानते हुए शान्त हो गये पर शिक़ायत कर्ता (कालर ) सत्य पाल, दीपू, संजय पुत्र गण परमाईलाल व आरती पुत्री परमाईलाला लाल व रेनू देवी पत्नी धर्मेन्द्र निवासी गण थाना मैलानी जिला खीरी ने पी आर वी आरक्षी लव कुश व होम गार्ड चालक नरेन्द्र यादव के गाली धक्का मुक्का व गलौज व अभद्रता तथा सरकारी मे बाधा डालते हुए मार पीट पर अमादा हो गये काफी महिलाओं के एकत्र होने मौके की नज़ाकत को देखते हुए आरक्षी लव कुश घटना की सूचना तत्काल कन्ट्रोल रूम उच्चाधिकारियों को दी सूचना पाकर तत्काल थानाध्यक्ष राहुल सिह गौर व चौकी पृभारी संसार पुर प्रवीण कुमार अन्य पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पहुंचे तो विपक्षी गण अंधेरे का लाभ उठाकर इधर उधर होकर मौके से फरार हो गये पुलिस ने घेरा बंदी करते हुए दीपू पुत्र परमाईलाल को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरक्षी द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के मुताबिक दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## औचक निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर ने इमरजेंसी दवाओं की लिस्ट व साइनेज लगाने के लिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत संचारी रोगों के नोडल अधिकारी ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ संजय तेवतिया ने दूसरे दिन मंगलवार को सीएचसी फरधान और सीएससी गोला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध एमरजेंसी दवाओं की लिस्ट बोर्ड पर चस्पा करने, व साइनेज सहित समस्त आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट और डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता और जिला मलेरिया अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।



अपने भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत औचक निरीक्षण के क्रम में ज्वाइन डायरेक्टर स्वास्थ्य भवन लखनऊ डॉ संजय तेवतिया मंगलवार को सीएचसी फरधान पहुंचे। जहां उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। यहां डेंगू वार्ड में निर्देशों के अनुसार 4 बेड उपलब्ध थे। समस्त व्यवस्थाएं ठीक मिली। सीएचसी फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने उन्हें समस्त व्यवस्थाओं और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं से अवगत कराया। इस के बाद वह सीएचसी गोला पहुंचे यहां भी उन्होंने सीएचसी भ्रमण के साथ ही ऑक्सीजन प्लांट और डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। दोनों ही जगह पर उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी दवाएं इमरजेंसी में उपलब्ध है उनकी लिस्ट बोर्ड पर अवश्य चस्पा की जाए साथ ही साइनेज लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जाहिर की की दवाओं की आपूर्ति की लिस्ट सीएससी पर कहीं भी चस्पा नहीं थी और साइनेस भी नहीं लगे थे। इसी के साथ स्थानीय मीडिया द्वारा एक्स रे मशीन की प्लेटें उपलब्ध ना होने से अवगत कराया गया। जिस पर तुरंत ही उन्होंने कॉरपोरेशन के अधिकारियों से बात की और वार्ता के क्रम में उन्होंने बताया कि 3 दिनों के अंदर ही एक्सरे प्लेट उपलब्ध करा दी जाएंगी।

इस दौरान सीएचसी गोला अधीक्षक डॉ गणेश और डॉक्टर अजय वर्मा द्वारा स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि डेंगू के मरीजों के उपचार हेतु समस्त दवाओं की आपूर्ति सीएचसी पर रखना सुनिश्चित करें। साथ ही लक्षण युक्त मरीजों कि तुरंत ही एलाइजा जांच करवाएं। इसी के साथ-साथ जिन भी क्षेत्रों से बुखार के रोगियों की सूचना आती है। वहां पर स्वयं विजिट कर तत्काल प्रभाव से वहां पर एक टीम बनाकर दवाओं की आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करवाएं और जिला मलेरिया अधिकारी से सामंजस्य स्थापित कर अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त कराना सुनिश्चित करवाएं।

## ईडब्लूएस से सवर्णों को मिलेगी बड़ी राहत: अशोक सक्सेना

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता व प्रमुख समाजसेवी अशोक सक्सेना ने सवर्णों को दिए गए आरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्य संविधान पीठ ने सवर्ण वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों (ई डब्लू एस), शिक्षा संस्थानों सरकारी नौकरियों में 10 फ़ीसदी आरक्षण देने के फैसले को बरकरार रखा है। यह सामान जातियों के तबके के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने आगे कहा कि जस्टिस त्रिवेदी के इस बयान से भी मैं सहमत हूं जिसमें उन्होंने कहा है कि आजादी के 70 वर्ष बाद आरक्षण पर हमें पुनर्विचार करना चाहिए।

### धूमधाम से मनी गुरु नानक देव की जयंती

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** उन्नकिसेस कृषि संस्थान गोला खीरी में श्री गुरु नानक देव की जयंती मनाई गई जिसमें संस्थान के संरक्षक विनीत सिंह



भदौरिया,आदर्श शिक्षक कल्याण समिति के प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ,बीजेपी नगर मंत्री गोला, धीरज बाजपेई नगर संपर्क प्रमुख आर0 एस0 एस0 रामकुमार सिंह,खंड गौसेवा टोली सदस्य अंकित मिश्रा संस्थान के प्रबंधक अमित मिश्रा उपस्थित रहे। सभी ने गुरु नानक देव जी की तस्वीर पर पुष्पार्चन किया और उनको विश्व का महान पुरुष बताया और उनके आदर्शों पर चलने के लिए सभी से निवेदन किया।इस अवसर पर संस्थान के सभी छात्र और संचालक विनीत सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### भारत का...

इसके प्रभाव को लेकर सघन चर्चा होना तय माना जा रहा है। यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद जयशंकर की यह पहली मास्को यात्रा है। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी बैठक हमारे संबंधों का आकलन करने और वैश्विक परिस्थितियों पर एक-दूसरे के नजरिए को समझने के लिए है, जहां तक द्विपक्षीय संबंधों की बात है। हमारा उद्देश्य एक संतुलित, परस्पर लाभकारी और दीर्घकालिक साझेदारी के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना है। खासतौर पर दोनों देशों आर्थिक संबंधों के बढ़ने के साथ यह महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि हम इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि साझे लक्ष्यों को कैसे बेहतर तरीके साथ हासिल किया जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि विभिन्न स्तरों पर दोनों देशों की सरकारों के बीच मजबूत और सतत संपर्क हैं।

### गुजरात में...

रहेंगे। एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पहाड़ी राज्य में चुनाव में पार्टी का चेहरा होने के बारे में पूछे जाने पर सुरजेवाला ने कहा कि वह हमारी राष्ट्रीय नेता हैं और अभियान की अगुवाई कर रही हैं। अन्य सभी वरिष्ठ नेता वहां प्रचार कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के स्टार प्रचारकों में पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, अशोक गहलोत, बघेल और आनंद शर्मा शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में 12 नवंबर को होंगे। वोटों की गिनती 8 दिसंबर को गुजरात के लिए मतगणना के साथ की जाएगी।

### कांग्रेस व...

पहले ट्विटर हैंडल और सभी सोशल मीडिया अकाउंट के स्क्रीनशॉट (मोबाइल फोन के जरिए खींची गई तस्वीर) उपलब्ध कराए। अदालत ने कहा कि मुद्दे की जांच के लिए एक आयुक्त नियुक्त करना समय से पहले उठाया गया कदम था। उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और गलती मान लेने के बाद जांच करने का सवाल ही कहां रह जाता है? यदि आपने प्राथमिकी दर्ज कराई है, तो आयुक्त के रूप में एक तकनीकी विशेषज्ञ नियुक्त करने का सवाल कहां पैदा होता है? क्या आप आयुक्त से पुलिस का काम कराना चाहते हैं? बेंगलुरु शहरी जिला स्थित अदालत ने एमआरटी स्टूडियोज द्वारा दायर केस पर सोमवार को अपना आदेश जारी किया था। इस मामले में दावा किया गया था कि केजीएफ चैप्टर2 फिल्म की उसके कॉपीराइट वाली 45 सेकेंड की संगीत क्लिप का इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा के एक गीत में किया है। न्यायमूर्ति जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति पी एन देसाई की खंड पीठ ने मंगलवार शाम एक आपात सुनवाई के तहत कांग्रेस की याचिका पर विचार किया।

### भारत जोड़ो...

थामे पांडेय यात्रा में उनके और पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के साथ चल रहे थे। कुछ मिनटों के बाद जैसा कि चलन है, उन्होंने झंडा एक सहयोगी को सौंप दिया और पीछे चले गए। इसके बाद वह बेहोश होकर गिर पड़े।

### न्यायमूर्ति चंद्रचूड़...

समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, आधार योजना की वैधता से जुड़े मामले, सबरीमला मुद्दा, सेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने, भारतीय नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने जैसे फैसले शामिल हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 29 मार्च 2000 से 31 अक्टूबर 2013 तक बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उसके बाद उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को जून 1998 में बंबई उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया था और वह उसी वर्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किए गए। राष्ट्रीय राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में बीए ऑनर्स करने के उन्होंने कैंपस लॉ सेंटर, दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी किया और अमेरिका के हार्वर्ड लॉ स्कूल से एलएलएम और न्यायिक विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।

### मोदी ने...

इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन 15-16 नवंबर को बाली में होगा और मोदी समेत शीर्ष नेताओं का इसमें शामिल होना तय है। जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड के साथ अक्षय ऊर्जा का नेतृत्व किया। इसके साथ भारत ने एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के साथ वैश्विक स्वास्थ्य पहल को मजबूत किया। अब भारत जी-20 के साथ एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के साथ आगे बढ़ेगा। लोगो और वेबसाइट के लॉन्च पर मोदी ने कहा कि मैं भारत के जी-20 अध्यक्षता के ऐतिहासिक अवसर पर देशवासियों को बधाई देता हूं।

### राज्यपालों के...

वास्तव में बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि जहां ऐसी खरीद फरोख्त संभव नहीं है, वहां राज्यपालों को राज्य सरकारों और विधानसभाओं के अधिकार का अतिक्रमण करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि ऐसे राज्यों का आर्थिक रूप से गला घोंटने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। वह यहां इसरो कर्मचारी संघ के स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने यह भी तर्क दिया कि लोकतंत्र और संविधान का अतिक्रमण किया जा रहा है और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को गिराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह सब देखकर कह सकते हैं कि हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला हो रहा है। विजयन ने भाजपा और संघ परिवार पर देश में धर्मनिरपेक्षता को नष्ट करने की कोशिश करने और हमारे स्वतंत्रता संग्राम के संबंध में इतिहास को फिर से लिखने का भी आरोप लगाया।

### देश आर्थिक...

का काम किया। उन्होंने कहा, उदार अर्थव्यवस्था के कारण देश को नई दिशा मिली। उसके लिए देश मनमोहन सिंह का ऋणी है। गडकरी ने मनमोहन की नीतियों से नब्बे के दशक में महाराष्ट्र की सड़कों के लिए पैसे जुटाने में मिली मदद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की तरफ से शुरू किए गए आर्थिक सुधारों की वजह से वह महाराष्ट्र का मंत्री रहने के दौरान इन सड़क परियोजनाओं के लिए धन जुटा पाए थे। गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक उदार आर्थिक नीति की जरूरत है जिसमें गरीबों को भी लाभ पहुंचाने की मंशा हो। उन्होंने कहा कि उदार आर्थिक नीति किसानों एवं गरीबों के लिए है। उन्होंने उदार आर्थिक नीति के माध्यम से देश का विकास करने में चीन को एक अच्छा उदाहरण बताया। गडकरी ने भारत के संदर्भ में कहा कि आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए देश को अधिक पूंजीगत निवेश की जरूरत होगी। उन्होंने अपने मंत्रालय की तरफ से देशभर में किए जा रहे 26 एक्सप्रेसवे के निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उन्हें पैसे की कमी का सामना नहीं करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राजमार्गों के निर्माण के लिए आम आदमी से भी पैसे जुटा रहा है। गडकरी के मुताबिक, 2024 के अंत तक एनएचएआई का टोल से मिलने वाला राजस्व बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा जो फिलहाल 40,000 करोड़ रुपए सालाना है।

### बढ़ता तापमान...

122 वर्षों में सर्वाधिक गर्म रहा, वहीं दिल्ली ने 72 साल में दूसरा सबसे गर्म अप्रैल माह का अनुभव किया। वास्तव में मई 2022 में एनसीआर क्षेत्र की पक्षियों की आबादी गर्मी से सर्वाधिक प्रभावित हुई है। एसओएस वन्यजीव आंकड़ों के अनुसार, मई में इस क्षेत्र से कुल 176 पक्षियों- चील, बुलबुल, तोता को बचाया गया। इनमें से अधिकांश पक्षी निर्जलीकरण या हीटस्ट्रोक से पीड़ित थे। यहां तक ??कि आगरा की टीम ने भी 40 पक्षियों को चिलचिलाती गर्मी से बचाने के लिए खासी मशक्त की थी। इस सूची में मिस्र का एक गिद्ध, उल्लू और शिकारा शामिल हैं। यह संख्या अधिक हो सकती है, क्योंकि हीटस्ट्रोक से पीड़ित पक्षियों को समय पर मदद नहीं मिलती और प्रभावित पक्षियों के कोई मामले दर्ज नहीं किए जाते। उत्तर भारत में कश्मीर से भी खबर उत्साह बढ़ाने वाली नहीं है। वन्यजीव एसओएस बचाव कार्यकर्ताओं को 19 सांपों के बचाव के लिए इस साल अप्रैल माह में सूचना आईं, जबकि 2021 में सिर्फ एक सूचना आई थी। जबकि कश्मीर मार्च - अप्रैल में ठंडा मौसम होने के कारण सांप निकलने के मामले नहीं आते हैं। जबकि मई माह में कुल 24 सांपों को बचाने की सूची एनजीओ की वेबसाइट है।

# कांग्रेस नेता जारकीहोली ने हिंदू संबंधी अपने बयान का बचाव किया, माफी मांगने से इनकार

**भाषा।** बेलगावी, उडुपी(कर्नाटक)



**हिंदू शब्द** की उत्पत्ति और इसके अर्थ पर अपनी टिप्पणी को लेकर व्यापक स्तर पर आलोचनाओं का सामना कर रहे कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जारकीहोली ने मंगलवार को कहा कि वह तो महज लिखित और प्रकाशित ग्रंथों का हवाला दे रहे थे। हिंदू शब्द की उत्पत्ति ईरान से होने और इसका मतलब अश्लील होने की टिप्पणी करने को लेकर उन्हें अपनी पार्टी से भी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

पूर्व मंत्री जारकीहोली ने मंगलवार को माफी मांगने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं और यदि गलत साबित हुए तो वह विधायक के तौर पर इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा, मैंने जो कुछ कहा है, 90 प्रतिशत लोगों ने संभवत: इसे पूरी तरह से नहीं सुना होगा। महज इसलिए कि हिंदू शब्द का संदर्भ दिया गया है और जैसा कि मैंने कहा है कि इसका अश्लील मतलब होता है, उन्होंने अपने-अपने अनुसार इसकी व्याख्या कर दी। और इस तरह की चीजें अतीत में कई बार हुई हैं। जारकीहोली ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हिंदू शब्द की उत्पत्ति ईरान से हुई है और इसके साक्ष्य हैं तथा 1963 में प्रकाशित शब्दकोश का हवाला देते हुए कहा कि इसका अर्थ अश्लील होता है। उन्होंने कहा, मैंने जो कुछ कहा है वह मेरे विचार नहीं हैं और मैंने कहा है कि इस पर चर्चा होने दीजिए। यही मेरा उद्देश्य है लेकिन लोगों ने जैसा चाहा, वैसी व्याख्या की। मैं साक्ष्य के साथ चर्चा करने के लिए तैयार हूं...यदि कोई मुझे गलत साबित कर देगा तो, मैं विधायक के तौर पर इस्तीफा दे दूंगा। यामकनमारडी से विधायक ने सवाल किया कि उन्हें माफी क्यों मांगनी चाहिए। जारकीहोली ने कहा कि उन्होंने जो कुछ कहा है, वह उनका बयान नहीं है बल्कि जो कुछ लिखित में है और प्रकाशित है, उसका हवाला दिया है। उन्होंने कहा, मुझ पर उंगली उठा रहे लोगों को इसे (साक्ष्य को) देखना चाहिए। मैंने वही किया है जो उन लोगों को करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उन्हें एक सिस्टम द्वारा निशाना बनाया जा रहा, जिसमें मनुवादी भी शामिल हैं। जारकीहोली ने रविवार को बेलगावी जिले के निप्पानी में मानव बंधुत्व वेदिके द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया था कि हिंदू शब्द की उत्पत्ति ईरान से हुई है और इसका मतलब अश्लील होता है। उन्होंने कहा था कि कहीं और के एक शब्द और धर्म को यहां लोगों पर जबरन थोपा जा रहा है। उन्होंने इस विषय पर उपयुक्त चर्चा करने की मांग की। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को कहा था कि सतीश जारकीहोली का बयान बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, हम इसकी निंदा करते हैं...हिंदू धर्म जीवन जीने का एक माध्यम और सभ्यतागत वास्तविकता है। कांग्रेस ने हमारे राष्ट्र का निर्माण हर धर्म, मान्यता और आस्था का सम्मान करने के लिए किया है। जारकीहोली से यह सवाल किए जाने पर कि कांग्रेस ने भी उनके बयान की निंदा की है, उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं को तटस्थता के साथ प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, सुरजेवाला ने मेरे बयान की निंदा की, वह मुझसे उच्च प्राधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव ने उनसे बात की और स्पष्टीकरण मांगा।

## जारकीहोली की हिंदू संबंधी टिप्पणी पर नरोत्तम मिश्रा ने राहुल गांधी से माफी की मांग की



**भोपाल।** मध्य प्रदेश गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सतीश जारकीहोली की उस टिप्पणी पर पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की जिसमें दावा किया गया था कि हिंदू शब्द फारसी है और इसका अर्थ बहुत गंदा है। मिश्रा ने कहा कि वह इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गांधी को पत्र लिखेंगे। रविवार को निप्पनी में एक कार्यक्रम में कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जारकीहोली ने कहा, हिंदू एक भारतीय शब्द नहीं है। यह फारसी है। हिंदू शब्द कैसे हमारा हो गया, इस पर बहस की जरूरत है। हिंदू शब्द कहां से आया? क्या यह हमारा है? यह शब्द ईरान, इराक और कजाकिस्तान से संबंधित फारसी है। यह भारतीय कैसे हुआ? विकिपीडिया में देखें, यह शब्द फारस से आया है, यह हमारा नहीं है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बाद में इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और इसे स्पष्ट तौर पर खारिज कर दिया। जारकीहोली के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान में एक रैली के दौरान हिंदू और हिंदुत्व को परिभाषित करने की कोशिश की थी और अब कांग्रेस नेता उनकी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विवादास्पद टिप्पणी कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा, राहुल गांधी को जारकीहोली की हिंदू टिप्पणी पर माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस हिंदू और हिंदुत्व के बारे में क्या सोचती है, यह स्पष्ट करने के लिए मैं उन्हें एक पत्र लिखूंगा।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने हिंदू शब्द के बारे में जारकीहोली के बयान की निंदा की

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कर्नाटक कांग्रेस प्रदेश कमेटी (केपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जारकीहोली के उस बयान की मंगलवार को निंदा की, जिसमें उन्होंने (जारकीहोली ने) कहा था कि हिंदू शब्द की उत्पत्ति ईरान से हुई है तथा इसका मतलब अश्लील और अपमानजनक होता है। बोम्मई ने शहर में अपने कार्यक्रमों के बाद उडुपी हेलीपैड पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को जारकीहोली के बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जारकीहोली के बयान की सभी लोगों द्वारा निंदा किए जाने की जरूरत है। बोम्मई ने हैरानगी जताते हुए कहा कि राहुल गांधी और सिद्धरमैया सहित कांग्रेस के नेता इस बयान पर खामोश क्यों हैं। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या कांग्रेस उनके (जारकीहोली के) बयान का समर्थन करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जारकीहोली की टिप्पणी अकस्मात नहीं है और यह अल्पसंख्यक समुदायों का वोट हासिल करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जारकीहोली के पास हिंदू धर्म के बारे में अधूरा ज्ञान है और वह गहन अध्ययन किए बिना बयान दे रहे हैं, जो इस धर्म में आस्था रखने वाले लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा। जारकीहोली ने बेलगावी स्थित निप्पनी में रविवार को एक रैली में कहा था कि हिंदू शब्द की उत्पत्ति ईरान से हुई है और यह शब्द ईरान, इराक, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान से संबद्ध है।

## अध्यक्ष बनने के बाद पहले चुनावी अभियान पर हिमाचल पहुंचे खरगे

**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यह जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने पहले चुनावी प्रचार अभियान के लिए मंगलवार को हिमाचल प्रदेश पहुंचे। हिमाचल प्रदेश पहुंचने के साथ ही उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की जिसमे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मौजूद थे। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में विधानसभा चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा की गई।खरगे बुधवार को शिमला के बनूटी और नालागढ़ के पंझेरा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। हिमाचल प्रदेश की सभी 68 विधानसभा सीटों के लिए 12 नवंबर को मतदान होगा। आठ दिसंबर मतगणना होगी।



कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर हरिद्वार के घाटों पर गंगा स्नान करने वालो की भारी भीड़ उमड़ी

# कार्तिक पूर्णिमा पर हरिद्वार में उमडी श्रद्धालुओं की भीड़

**भाषा।** हरिद्वार

**कार्तिक पूर्णिमा** के पर्व पर मंगलवार को हरिद्वार के घाटों पर गंगा स्नान करने वालो की भारी भीड़ उमड़ी और लाख श्रद्धालुओं ने नदी में डुबकी लगाई। कार्तिक पूर्णिमा के साथ ही साल के आखिरी चंद्र ग्रहण के मौके पर भारी भीड़ की संभावना के दृष्टिगत पुलिस ने सुरक्षा के विशेष प्रवंध किए थे। हरिद्वार के जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह ने स्वयं मेला क्षेत्र मे सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सोमवार आधी रात से ही पुण्य की लालसा और मोक्ष की कामना लिए श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए हरकी पौड़ी सहित विभिन्न घाटों पर पंहुचने लगे थे। इस दौरान ठंड की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है और आज ही चंद्र ग्रहण पड़ने से बडी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। कार्तिक पूर्णिमा पर बहुत बड़ी संख्या में ऐसे श्रद्धालु भी थे जिन्होंने पूरे कार्तिक माह में गंगा स्नान किया। गुरूग्राम की सुधा ने बताया कि पूरे कार्तिक मास गंगा स्नान करने से पुण्य प्राप्त होता है और इसलिए वह गंगा स्नान के लिए हरिद्वार आई थी और आज कार्तिक मास के अंतिम दिन भी उन्होंने गंगा स्नान किया। दिल्ली के आलोक वाजपेई भी कार्तिक मास मे पुण्य और मोक्ष की कामना के साथ ही गंगा मे डुबकी लगाने हरिद्वार आए थे। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान का महत्व बताते हुए ज्योतिषचार्य पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि पुराणों के अनुसार आज का दिन भगवान विष्णु का जन्मदिन माना जाता है और इसीलिए कार्तिक मास को हिन्दू तिथियों के अनुसार महीनों का राजा भी माना जाता है। माना जाता है कि यदि कार्तिक के पूरे माह तारों की छांव में गंगा स्नान किया जाए मनुष्य को करोड़ों गुना पुण्य फल और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## क्विक न्यूज

### प्रकाश जावड़ेकर राज्यसभा की आचार समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद सी. एम. रमेश को क्रमशः राज्यसभा की आचार समिति और आवास समितियों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उच्च सदन सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कई समितियों का पुनर्गठन करते हुए उनके अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अधिसूचना में कहा गया है कि बीजू जनता दल (बीजद) सांसद सुजीत कुमार को राज्यसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद एम. थंबीदुरई को सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे। राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेई अधीनस्थ विधान संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे। जावड़ेकर की अध्यक्षता में पुनर्गठित आचार समिति में राज्यसभा के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सदस्य डेरेक ओ ब्रायन, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, बीजद नेता सस्मित पात्रा और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआर) कांग्रेस, नेता विजयसाई रेड्डी इसके सदस्यों में शामिल है।

### जहां खरीद-फरोख्त संभव नहीं वहां राज्यपालों के जरिए सरकारों के अधिकारों का अतिक्रमण कर रहा केंद्र

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को केंद्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गैर-भाजपा शासित राज्यों में जब खरीद-फरोख्त संभव नही होती तो वह (केंद्र) राज्यपालों का इस्तेमाल करके उन सरकारें और विधानसभाओं की शक्तियों का अतिक्रमण करने का प्रयास करता है। केंद्र सरकार के खिलाफ विजयन का आरोप उनकी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों और राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर रोक लगाने सहित विभिन्न मुद्दों पर जारी खीचतान के बीच आया है। विजयन ने कहा, कई राज्यों में, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त चल रही है। हमें घोड़ा शब्द को किसी और चीज से बदलना पड़ सकता है क्योंकि कीमतें अब वास्तव में बढ़ गई है। जहां यह संभव नही है, वहां राज्यपालों को राज्य सरकारें और विधानसभाओं के अधिकार का अतिक्रमण करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वह यहां इसरो कर्मचारी संघ के स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।

### गेहूं की 500 बोरियों से भरा ट्रक संदिग्ध हालात में हुआ गायब, मामला दर्ज

**जींद।** हरियाणा के जीद से गेहूं की 500 बोरियां लेकर उत्तर प्रदेश के मेरठ के लिए रवाना हुआ एक ट्रक संदिग्ध हालात में गायब हो गया। पुलिस ने आढती की शिकायत पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ चोरी, अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। नरवाना अनाज मंडी के आढ़ती शिवकुमार ने पुलिस से शिकायत की कि उसने 18 अक्टूबर को नई अनाज मंडी की रति राम ओम प्रकाश की दुकान से गेहूं की 500 बोरियां (यानी लगभग 252 क्विंटल) खरीदी थी और उसने मेरठ की रामा फ्लौर मिल में गेहूं भेजने के लिए हरियाणा पंजाब रोड लाइन्स (गब्बर सिंह राणा) राज कुमार ट्रांसपोर्टर से एक ट्रक किराए पर लिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने इस ट्रक में गेहूं की बोरियां लदवा कर भेज दिया था लेकिन जब उसने रामा फ्लोर मिल से अपने गेहूं के पैसे मांगे तो उसने कहा कि माल अभी तक प्राप्त नही हुआ है। शिवकुमार के मुताबिक उसके बाद उसने इस बारे में ट्रक के मालिक ओंकार से बात की तो उसे कोई सन्तोषजनक जवाब नही मिला। शिवकुमार ने आशंका जताई की कि ट्रक ड्राइवर दरवेश ने किसी अन्य को उसके गेहूं के कट्टे बेच दिए। शहर थाना पुलिस ने शिवकुमार की शिकायत पर ट्रक चालक दरवेश के खिलाफ चोरी, अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना के जांच अधिकारी विनोद ने बताया कि आढती की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है एवचं फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### ईडब्ल्यूएस आरक्षण : तमिलनाडु सरकार ने न्यायालय के फैसले पर चर्चा के लिए दलों की बैठक बुलाई

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखने के बाद सरकार के अगले कदम पर चर्चा के लिए 12 नवंबर को विभिन्न दलों की बैठक बुलाई जाएगी।इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री एम के स्टालिन करेंगे। तमिलनाडु सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक ईडब्ल्यूएस आरक्षण सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है, सभी विधाई दल के नेताओं की बैठक में इस मुद्दे पर कार्वाई के अगले कदम पर चर्चा होगी। स्टालिन ने पहले कहा था कि ईडब्ल्यूएस पर उच्चतम न्यायालय का फैसला सदियों से चले आ रहे सामाजिक न्याय संघर्ष के लिए एक झटका है।

### जम्मू कश्मीर पुलिस उप-निरीक्षक भर्ती घोटाला: सीबीआई ने सात स्थानों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर में पुलिस उप-निरीक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को जम्मू, पठानकोट, रेवाड़ी और करनाल में सात स्थानों पर तलाशी ली। उन्होंने बताया कि घोटाले के सरगना यतीन यादव और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह सहित अन्य के परिसरों में तलाशी ली गई। सीबीआई ने जम्मू कश्मीर प्रशासन से एक अनुरोध प्राप्त करने पर तीन अगस्त को मामले की जांच की जिम्मेदारी संभाली थी। अधिकारियों ने बताया कि मामला उस परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने से संबद्ध है, जिसके जरिए जम्मू कश्मीर सर्विस सेलेक्शन बोर्ड द्वारा उप-निरीक्षकों के I,200 पदों को भरा जाना था। केंद्रीय एजेंसी ने मामले के सिलसिले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। हरियाणा के रेवाड़ी निवासी यतीन यादव ने ओखला स्थित प्रिंटिंग प्रेस के एक कर्मचारी की मदद से प्रश्न पत्र लीक किया था।

### इक्वेटोरियल गिनी में 16 भारतीय नाविक हिरासत में लिए गए: विजयन ने प्रधानमंत्री से दखल की मांग की

**तिरुवनंतपुरमाकोच्चि।** इक्वेटोरियल गिनी में हिरासत में लिए गए केरल के तीन नाविकों सहित 16 भारतीय नाविकों के परिवारों को उम्मीद है कि भारत सरकार उनके परिजन की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करेगी। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में विजयन ने अनुरोध किया कि वह संबंधित देशों- इक्वेटोरियल गिनी और नाइजीरिया स्थित भारतीय दूतावासों को निर्देशित कर नार्वे के पोत एमटी हीरोइक इडुन को छुड़ाने और इसके चालक दल के सदस्यों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करें जो 12 अगस्त से हिरासत में हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि खबरों के अनुसार, पोत को 12 अगस्त को इक्वेटोरियल गिनी के नौसैन्य पोत ने पकड़ा था जिस पर 16 भारतीयों सहित चालक दल के 26 सदस्य सवार थे। उन्होंने कहा, 16 नाविकों में से तीन केरल के है। पोत को गैरकानूनी तरीके से रोका गया है...। विजयन ने यह भी दावा किया कि भले ही जहाज किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल नही था, लेकिन पोत परिवहन कंपनी नाविकों की जल्द रिहाई कराने के लिए जुर्माना भरने को तैयार हो गई। उन्होंने अपने पत्र में कहा, नाइजीरियाई अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद, पोत परिवहन कंपनी ने 28 सितंबर को आवश्यक जुर्माना अदा किया। दुर्भाग्य से, चालक दल और जहाज अभी भी इक्वेटोरियल गिनी में ही है।

# हिमाचल में पुरानी पेंशन सबसे बड़ा मुद्दा, पीएम पूरे देश में इसे लागू करें : गहलोत

**भाषा।** शिमला

**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है और कोई भी सरकार इस विषय की उपेक्षा नहीं कर सकती। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओपीएस को पूरे देश में लागू करना चाहिए। गहलोत ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घबरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे कर रही है, लेकिन अब उनकी लोकप्रियता का ग्राफ गिर रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा घबरा कर प्रधानमंत्री मोदी का नाम आगे कर रही है।कहावत है कि बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी। मोदी जी का ग्राफ लगातार नीचे आ रहा है। 2014 के उनके भाषणों को सुना दे तो हमें कुछ कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ओपीएस का उल्लेख करते हुए कहा, ओपीएस के बारे में मैंने सुना है कि यहां यह बड़ा मुद्दा बना है। उन्होंने कहा, मुझसे किसी ने नहीं कहा, फिर भी मैंने राजस्थान में पुरानी पेंशन लागू की। यह फैसला मानवीय दृष्टिकोण से किया। पूरे देश में ओपीएस लागू होनी चाहिए। गहलोत ने कहा, प्रधानमंत्री को पूरे देश में ओपीएस लागू करनी चाहिए। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, राहुल गांधी की यात्रा का संदेश पूरे देश में (गया) है। महंगाई, बेरोजगारी और देश में जो नफरत का महौल बना है उसके खिलाफ यह यात्रा है। उन्होंने कहा इस यात्रा को जिस तरह से लोगों का समर्थन मिल रहा है उससे भाजपा विचलित हो गई है। गहलोत ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, हिमाचल का धन्यवाद कि उन्होंने राज्य से केजरीवाल को भगा दिया। उन्होंने कहा कि आज पंजाब में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। हिमाचल प्रदेश की सभी 68 विधानसभा सीटों के लिए 12 नवंबर को मतदान होगा। आठ दिसंबर मतगणना होगी।

## एलडीएफ ने केरल के राज्यपाल के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू किया

**तिरुवंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के रिश्तों में तनाव चरम पर पहुंचने के बीच राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने मंगलवार को राज्यभर में घरों में पर्चे बांटकर राज्यपाल के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू किया। शिक्षा सुरक्षा सोसाइटी के नाम से जारी पर्चों को वाम नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों में बांटा, जिसमें आरोप लगाया गया कि खान संघ परिवार के औजार की तरह काम कर रहे हैं और उन्हें संविधान की बुनियादी समझ भी नहीं है। इसमें दक्षिणी राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र की रक्षा के लिए खान के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। एलडीएफ के सूत्रों के अनुसार, पर्चे वितरित करना आगामी दिनों में राज्यपाल के खिलाफ वाम मोर्चा द्वारा आयोजित किए जा रहे कई प्रदर्शनों का हिस्सा है।

## हर हर महादेव का प्रदर्शन बाधित करने के आरोप में राकांपा नेता आव्हाड के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** मुंबई

**ठाणे पुलिस** ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड तथा करीब सौ अन्य लोगों के खिलाफ , एक मल्टीप्लेक्स में मराठी फिल्म हर हर महादेव का प्रदर्शन बाधित करने और दर्शकों के साथ धक्कामुक्की करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह घटना सोमवार को हुई जब आव्हाड और उनके समर्थक ठाणे शहर में एक मल्टीप्लेक्स में कथित तौर पर घुस गए और इतिहास के साथ छेड़छाड़ के आरोप लगाते हुए हर हर महादेव फिल्म का प्रदर्शन बाधित किया। इस सिलसिले में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, जब दर्शकों ने अपने पैसे वापस मांगे और फिल्म का प्रदर्शन बाधित करने को लेकर टिप्पणियां कीं तो आव्हाड और उनके समर्थकों ने उनमें से कुछ के साथ धक्कामुक्की की। एक अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच जारी है और फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। एक दर्शक की शिकायत पर आव्हाड के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने से संबंधित, भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अलावा, धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने के लिए दंड) और 504 (शांति में खलल डालने के लिए उकसाने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करना) और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत मामला किया गया है। इस व्यवधान के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने शो का पुन:प्रदर्शन शुरू करवाया। राज्यसभा के पूर्व सदस्य और कोल्हापुर शाही परिवार के वंशज संभाजी छत्रपति ने रविवार को चेताया था कि मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर बनने वाली किसी भी फिल्म में तथ्यों से छेड़छाड़ पाई गई तो वह उस फिल्म का विरोध करेंगे और उसकी रिलीज रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। शिवाजी महाराज के वंशज संभाजी छत्रपति ने हाल ही में रिलीज मराठी फिल्म हर हर महादेव तथा आने वाली फिल्म वेदत मराठे वीर दौदाले साथ को लेकर भी नाखुशी जाहिर की थी।

## झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**नई दिल्ली।** झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों, उनके कथित सहयोगियों तथा कोयला और लौह अयस्क कारोबारों से संबंधित उनके ठिकानों पर छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने 100 करोड़ रुपए से अधिक के बेहिसाब लेनदेन और निवेश का पता लगाया है। यह छापेमारी पिछले सप्ताह की गई थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक चार नवंबर को शुरू की गई छापेमारी के दौरान झारखंड के रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर और चाईबासा, पटना (बिहार), गुरुग्राम (हरियाणा) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कुल 50 ठिकानों पर तलाशी ली गई। अधिकारियों ने दोनों विधायकों की पहचान कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के रूप में की है। बेरमो सीट से विधायक जयमंगल ने भी उस दिन अपने रांची स्थित आवास के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कार्वाई की पुष्टि करते हुए कहा कि वह छापेमारी करने वाली आयकर विभाग की टीमों को पूरा सहयोग दे रहे हैं।

# हार के डर से राहुल गांधी हिमाचल में चुनाव प्रचार करने नहीं आ रहे: रविशंकर प्रसाद

**भाषा।** शिमला



**भारतीय जनता** पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार में इसलिए भाग नहीं ले रहे हैं ताकि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार पर उन्हें जिम्मेदारी नहीं लेनी पड़े। प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, राहुल गांधी कहां हैं, वह कहां लापता हैं? वह एक (भारत जोड़ो) यात्रा पर हैं, लेकिन हिमाचल के साथ इतनी उदासीनता क्यों। कांग्रेस के पूरे नेतृत्व, इससे मेरा आशय है प्रभावी नेतृत्व, उसकी हिमाचल के प्रति उदासीनता क्यों है।

उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार एक या दो दिन में थम जाएगा लेकिन ना तो राहुल गांधी और ना ही उनकी मां (सोनिया गांधी) को यहां देखा गया। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को चुनाव हार जाने का डर है, इसलिए वह राज्य में नहीं आकर जिम्मेदारी लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी हिमाचल में चुनाव प्रचार क्यों नहीं कर रहे? हम यह पूछना चाहते हैं। क्या कांग्रेस पार्टी को हार का डर है? इसकी वजह है क्योंकि अभी छह राज्यों में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए और भाजपा ने छह सीटों पर चुनाव लड़ा तथा चार पर जीत प्राप्त की। कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी और जमानत भी जब्त करा ली। प्रसाद ने कहा, तेलंगाना में, जहां से राहुल गांधी की यात्रा महाराष्ट्र में प्रवेश कर रही है, वहां मुनुगोड़े उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जमानत जब्त हो गई। इसलिए राहुल गांधी के हिमाचल प्रचार के लिए नहीं आने का स्पष्ट कारण है हिमाचल प्रदेश में चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेने से बचना। उन्होंने कहा, हार और जीत चुनाव के पहलू हैं। उनके नेता हिमाचल में आराम के लिए आएंगे, लेकिन जब राजनीतिक प्रक्रिया के तहत राज्य की जनता से संपर्क की बात आएगी तो वे दूर रहेंगे। यह किस तरह की राजनीति है? प्रसाद ने कहा, इसलिए, मेरा स्पष्ट मानना है कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी नहीं आ रहे क्योंकि वे जानते हैं कि चुनाव परिणाम क्या होगा। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए 12 नवंबर को मतदान होगा।इस बीच प्रसाद ने भाजपा के महिला घोषणापत्र स्त्री संकल्प पत्र को देश की राजनीति में नया मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा, महिलाओं के व्यक्तिगत सशक्तीकरण की बात हो या उनके स्वास्थ्य, तकनीकी विकास, शैक्षणिक सशक्तीकरण की बात हो, यह समग्र घोषणापत्र है। उन्होंने कांग्रेस पर बिना कोई रोडमैप बताए लंबे-चौड़े वादे करने का आरोप लगाया। प्रसाद ने कहा, मैं कांग्रेस को जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा, क्योंकि वे जानते हैं कि वे हिमाचल में नहीं जीत रहे, इसलिए चांद-तारे के वादे करने में क्या नुकसान है? उन्होंने उत्तर प्रदेश, असम और उत्तराखंड में भी बड़े-बड़े वादे किए। सब उनका ट्रैक रिकॉर्ड जानते हैं। हिमाचल प्रदेश भारत में सबसे अच्छी तरह शासित राज्यों में से एक है और जयराम ठाकुर सरकार ने अच्छा काम किया है। जब प्रसाद से पूछा गया कि इस साल मार्च में हुई हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के मामले में किसी अधिकारी को तलब क्यों नहीं किया गया तो उन्होंने कहा कि एसआईटी मामले की जांच कर रही है और जो भी दोषी पाया गया उसे दंडित किया जाएगा।

## सुधा मूर्ति और संभाजी भिड़े की मुलाकात के वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया

**भाषा।** मुंबई

**लेखिका और** परोपकारी कार्यों में सक्रिय सुधा मूर्ति का महाराष्ट्र में एक दक्षिणपंथी संगठन के नेता से मुलाकात के दौरान पैर छूने का वीडियो वायरल हो गया है, जिस पर तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। वीडियो में इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति को संभाजी भिंड़े के पैर छूते देखा जा सकता है।

भिड़े को हाल में राज्य महिला आयोग ने उस मामले में नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्होंने एक महिला पत्रकार से इसलिए बात करने से इनकार करने कर दिया था क्योंकि उसके माथे पर बिंदी नहीं थी। भिड़े ने कथित तौर पर महिला पत्रकार से बात करने से पहले बिंदी लगाने और माथे पर बिंदी नहीं लगाकर विधवा की तरह नहीं बनने को कहा था। मूर्ति से जुड़ा वायरल वीडियो पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली का है, जहां वह सोमवार को अपनी पुस्तकों के प्रचार कार्यक्रम में पहुंची थीं। भिड़े के शिव प्रतिष्ठान संगठन के एक पदाधिकारी ने कहा कि उनके नेता ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पूर्व राजधानी रायगढ़ किले में एक स्वर्ण सिंहासन की स्थापना में मदद के लिए सुधा मूर्ति से मुलाकात की थी। हालांकि, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति के एक सहयोगी ने कहा कि लेखिका को पता नहीं था कि भिड़े कौन हैं और एक वरिष्ठ नागरिक को सम्मान देने के तौर पर उन्हें नमन किया था। सांगली कार्यक्रम का आयोजन करने वाले मेहता प्रकाशन की संपादकीय प्रमुख योजना यादव ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में दावा किया कि स्थानीय पुलिस ने इस बात पर जोर दिया था कि भिड़े को सुधा मूर्ति से मिलने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भिड़े को कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले ने ट्वीट किया, इस तरह के कुख्यात व्यक्ति के पैर छूकर क्या हासिल हुआ?

# इमरान हमला: पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत की पुलिस ने आखिरकार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर किए गए हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। उच्चतम न्यायालय ने प्रांतीय सरकार को मामले में 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज करने का सोमवार को आदेश दिया था। प्राथमिकी में मामले में हिरासत में लिए गए नवीद मोहम्मद बशीर का नाम बतौर मुख्य आरोपी दर्ज किया गया है। हालांकि, इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल नसीर के नामों का उल्लेख नहीं है, जिन पर खान ने उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता फवाद चौधरी ने कहा, हम शीर्ष अदालत में प्राथमिकी को चुनौती देंगे। प्राथमिकी दर्ज किए जाने में देरी को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पंजाब प्रांत में पीटीआई का शासन है। चौधरी ने कहा, यह चौंकाने वाली बात है कि अगर मैं पाकिस्तान का पूर्व प्रधानमंत्री होने के बावजूद मुझ पर हुए हमले की प्राथमिकी दर्ज नहीं करवा पा रहा हूं तो आम आदमी के साथ क्या होगा। खान ने रविवार को दावा किया था कि प्राथमिकी में सेना के जनरल का नाम शामिल करने का आग्रह करने की वजह से प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आनाकानी की जा रही है। पंजाब पुलिस ने बताया कि उसने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की है और संदिग्ध नवीद को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 302, 324 तथा 440 और आतंकवाद रोधी अधिनियम की धारा-7 के तहत उसमें नामजद किया गया है।

नवीद मोहम्मद बशीर के अपना जुर्म कबूलने के बाद उसे मौके से ही हिरासत में लिया गया था। बशीर ने जुर्म कबूलते हुए एक वीडियो में कहा था कि उसने खान पर हमला इसलिए किया क्योंकि वह जनता को गुमराह कर रहे थे। पंजाब प्रांत के वजीराबाद इलाके में शहबाज शरीफ की सरकार के खिलाफ एक प्रदर्शन मार्च के दौरान तीन नवंबर को दो बंदूकधारियों ने खान पर गोली चला दी थी। गोली उनके दाहिने पैर में लगी थी।

खान ने चार नवंबर को लाहौर के एक अस्पताल से राष्ट्र को संबोधन में कहा था, मुझे चार गोलियां लगी। शौकत खानम अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई थी। यह उनके धर्मार्थ संगठन के स्वामित्व वाला ही एक अस्पताल है। नए सिरे से चुनाव की मांग को लेकर राजधानी तक खान का मार्च गोलीबारी के बाद स्थगित कर दिया गया था। अप्रैल में एक अविश्वास प्रस्ताव के जरिए खान को सत्ता से बेदखल किया गया था। वह पूरी तरह ठीक होने तक मार्च में शामिल नहीं होंगे। शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली संघीय सरकार ने खान की नए सिरे से चुनाव की मांग को खारिज कर दिया है। चुनाव अगले साल अगस्त के बाद होने हैं। पाकिस्तान आर्थिक संकट और बाढ़ के विनाशकारी प्रभावों से जूझ रहा है और ऐसे में देश में राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति ने हालात को और बदतर बना दिया है।

# उ. कोरिया ने रूस को गोला बारूद की आपूर्ति करने के आरोपों को लेकर अमेरिका पर साधा निशाना

**भाषा।** सियोल

**उत्तर कोरिया** ने अमेरिका पर रूस को हथियार पहुंचाने की मनगढ़ंत कहानी बनाने का मंगलवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उसने रूस को कभी भी गोला बारूद नहीं दिए। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने उत्तर कोरिया पर गुप्त रूप से रूस को गोला-बारूद की आपूर्ति करने का पिछले सप्ताह आरोप लगाया था।

किर्बी ने कहा था कि अमेरिका का मानना है कि उत्तर कोरिया यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि उन्हें पश्चिम एशिया या उत्तरी अफ्रीका के देशों में भेजा जा रहा है। किर्बी ने कहा था कि उत्तर कोरिया रूस को गुप्त रूप से गोला-बारूद की आपूर्ति कर रहा है, लेकिन हम अभी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि शिपमेंट (खेप) वास्तव में प्राप्त हुई है या नहीं।

सरकारी मीडिया ने मंत्रालय के सैन्य संबंधी विदेश मामलों के कार्यालय के एक उप निदेशक के हवाले से कहा, हम अमेरिका के इस तरह के कदमों को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र पर (उत्तर कोरिया) की छवि खराब करने के उसके शत्रुतापूर्ण प्रयास के हिस्से के रूप में देखते हैं। उप निदेशक ने कहा, हम एक बार फिर स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमने रूस को कोई गोला बारूद नहीं भेजे और भविष्य में भी ऐसा करने की कोई योजना नहीं है।

अमेरिकी अधिकारियों ने सितंबर में एक अमेरिकी खुफिया जानकारी के आधार पर पुष्टि की थी कि रूस, उत्तर कोरिया से लाखों रॉकेट और गोला बारूद खरीदने की तैयारी कर रहा है। हालांकि उत्तर कोरिया ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा था कि अमेरिका को ऐसे लापरवाही भरे बयान देने से बचना चाहिए और अपना मुंह बंद रखना चाहिए।



वाशिंगटन में भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा अमेरिका के विदेश उपमंत्री वेंडी शर्मन से मुलाकात करते हुए।

# पति पर हुए हमले का असर कांग्रेस में बने रहने के फैसले पर पड़ेगा: पेलोसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने सोमवार को कहा कि उनके पति पर क्रूर हमले का उनके मध्यावधि चुनाव के बाद कांग्रेस में बने रहने के फैसले पर असर पड़ेगा। पेलोसी ने अमेरिका के लोगों से आग्रह किया, हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतदान करें। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता पेलोसी ने सीएनएन को दिए साक्षात्कार में पार्टी के सदन में बहुमत खोने पर भविष्य को लेकर अपने मंसूबे स्पष्ट नहीं किए। हालांकि कई लोगों का मानना है कि ऐसी स्थिति में पेलोसी और अन्य पद छोड़ेंगे। पति पर हुए हमले की बात करते हुए पेलोसी की आंखे नम हो गई और उन्होंने कहा, पति के साथ जो हुआ उससे दुखी हूं, साथ ही में देश के लिए भी दुखी हूं। मैं बस चाहती हूं कि लोग मतदान करें और हम चुनाव के नतीजों का सम्मान करेंगे। उम्मीद करते हैं कि दूसरा पक्ष भी नतीजों का सम्मान करेगा।

कांग्रेस में बने रहने के संबंध में किए सवाल पर पेलोसी ने कहा कि वह सिर्फ इतना कहना चाहेंगी कि उनके पति पर हुए हमले से उनकी सोच बदली है। पेलोसी ने पहले भी कभी अपने भविष्य की रणनीतियों को लेकर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं की है। पेलोसी ने सीएनएन से कहा, पिछले एक दो सप्ताह में जो हुआ उससे मेरा फैसला यकीनन प्रभावित होगा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों और ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क सहित कई शीर्ष रिपब्लिकन नेताओं ने पेलोसी के पति पर हुए हमले का मजाक उड़ाया था। पेलोसी ने कहा, दुष्प्रचार को रोकने के लिए रिपब्लिकन को कुछ तो संदेश देना होगा। हम चाहते हैं कि देश इस सबसे उबरे। मध्यावधि चुनाव से 11 दिन पहले एक व्यक्ति पेलोसी के घर में जबरन घुस गया और उनके पति पॉल पेलोसी पर हमला किया। आरोपी व्यक्ति ने अधिकारियों को बताया कि वह परिवार के सैन फ्रांसिस्को स्थित घर में घुस गया और पॉल के सिर पर हथौड़े से वार करने से पहले पेलोसी को ढूंढ रहा था।

# पाकिस्तान के गृहमंत्री ने कहा, पत्रकार अरशद शरीफ की केन्या में हत्या की गई

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के गृह मंत्री राणा सनाउल्ला ने मंगलवार को कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पत्रकार अरशद शरीफ की केन्या में हत्या की गई और यह गलत पहचान का मामला नहीं है, जैसा कि स्थानीय पुलिस ने दावा किया है। शरीफ (49) एआरवाई टीवी के एक पूर्व रिपोर्टर और टीवी एंकर थे और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ निकटता के लिए जाने जाते थे। पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसियों ने इस साल की शुरुआत में उनके खिलाफ देशद्रोह और राजद्रोह के आरोप में मामला दर्ज किया था, जिसके बाद वह केन्या भाग गए थे।

23 अक्टूबर को नैरोबी के पास पुलिस चौकी के निकट उन्हें गोली मार दी गई थी, जिससे देश में कोहराम मच गया था। केन्याई पुलिस ने बाद में कहा था कि यह गलत पहचान का मामला है। सनाउल्ला ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा नैरोबी भेजा गया दो सदस्ईय दल वापस आ गया है और उन्हें प्रारंभिक जांच के बारे में जानकारी दी है। मामले की जांच के लिए गठित टीम में संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के निदेशक अतहर वाहिद और आईबी के उमर शाहिद हामिद शामिल थे।

सनाउल्ला ने घटना के बारे में केन्याई पुलिस के दावे को खारिज करते हुए कहा, प्रथम दृष्टया अरशद शरीफ की हत्या की गई। यह एक लक्षित हत्या थी और गलत पहचान का मामला नहीं था। उन्होंने कहा, अगर यह हत्या है, जैसा कि प्रथम दृष्टया लगता है, तो केन्या में रह रहे दो भाई वकार अहमद और खुर्म अहमद इस बारे में जानते होंगे। शरीफ केन्या में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के दो भाइयों वकार और खुर्म के यहां ठहरे हुए थे। मंत्री ने यह भी कहा कि जांच अभी भी अधूरी है और दल आगे की जांच के सिलसिले में दुबई भी जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को शरीफ की हत्या के मामले की जांच के लिए एक स्वतंत्र आयोग बनाने का अनुरोध करते हुए पहले ही पत्र लिख दिया है। शरीफ अगस्त में पाकिस्तान से पहले दुबई और फिर केन्या चले गए थे। उनकी मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। केन्या पुलिस ने जहां इसे गलत पहचान का मामला बताया है वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि शरीफ की हत्या की गई।

# विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने अमेरिका की विदेश उपमंत्री शर्मन से की मुलाकात

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत** के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां अमेरिका की विदेश उपमंत्री वेंडी शर्मन से मुलाकात की और द्विपक्षीय सुरक्षा व क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को बताया कि बैठक के दौरान शर्मन ने रूस के अवैध आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन के लोगों के साथ अमेरिका की एकजुटता को रेखांकित किया।

प्राइस ने कहा, उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के माध्यम से क्षेत्रीय और बहुपक्षीय समन्वय में सुधार के तरीकों पर भी चर्चा की। क्वाड का गठन 2017 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार का मुकाबला करने के लिए किया गया था। इसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। उन्होंने कहा, दोनों ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों, क्षेत्रीय सुरक्षा व समृद्धि और लोगों के आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

शर्मन ने ट्वीट किया, भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा के साथ बैठक बेहतरीन रही। अमेरिका-भारत संबंधों, हिंद-प्रशांत तथा दुनिया में सुरक्षा तथा आपसी सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की। भारत, अमेरिका और कई विश्व ताकतें इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी के बीच एक स्वतंत्र, मुक्त व संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं।

चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान भी स्थापित किए हैं। क्वात्रा शहर की आधिकारिक यात्रा पर है। वह रविवार रात न्यूयॉर्क से वाशिंगटन पहुंचे।

## सिंगापुर ने 300 संदिग्ध आव्रजकों को डूबते जहाज से बचाया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने सोमवार को बताया कि सिंगापुर प्रशासन ने करीब 300 संदिग्ध आव्रजकों को उनकी नाव डूबने के बाद सुरक्षित बचाया है। नौसेना के प्रवक्ता इंडिका डि सिल्वा ने बताया कि जहाज पर सवार श्रीलंकाई नागरिकों ने सोमवार को नौसेना से संपर्क किया और जहाज डूबने की बात बताई। उन्होंने बताया कि इसपर कोलंबो स्थित मारीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर ने सिंगापुर, वियतनाम और फिलीपीन से मदद मांगी। सिंगापुर प्रशासन ने बाद में श्रीलंका को सूचित किया कि जहाज पर सवार लोगों को बचा लिया गया है और वे वियतनाम जा रहे हैं। डि सिल्वा ने बताया कि नौसेना को आधिकारिक तौर पर जहाज पर सिर्फ एक श्रीलंकाई नागरिक के होने की सूचना है और अन्य लोगों की पहचान की पुष्टि उनके वियतनाम पहुंचने पर की जाएगी।

# जमा जुटाने, कर्ज देने की होड़ में जोखिम से बचाव के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे बैंक : रिपोर्ट

**मुंबई।** नकदी की तंग होती स्थिति और कर्ज में दशक के उच्चतम स्तर की 18 प्रतिशत की वृद्धि तथा जमा में कमी के बीच एक रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि बैंक संपत्ति और देनदारी दोनों स्तरों पर जोखिम से बचाव को लेकर पर्याप्त उपाय नहीं कर रहे हैं। नकदी की कमी का प्रमुख कारण भारतीय रिजर्व बैंक का मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए बैंकों से अतिरिक्त कोष को वापस लेना है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले 10 महीने से रिजर्व बैंक की संतोषजनक सीमा से ऊपर बनी हुई है। इसको देखते हुए आरबीआई ने महंगाई को काबू में लाने के लिए प्रमुख नीतिगत दर रेपो में पिछले छह महीने में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि की है।

आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। बैंकों में शुद्ध रूप से अप्रैल, 2022 में औसतन 8.3 लाख करोड़ रुपए की नकदी डाली गई। यह अब करीब एक-तिहाई कम होकर तीन लाख करोड़ रुपए पर आ गई है। इसके अलावा, सरकार ने दिवाली के सप्ताह में अपने नकद शेष का एक बड़ा हिस्सा खर्च किया है और इसके परिणामस्वरूप शुद्ध एलएएफ (नकदी समायोजन सुविधा) में सुधार हुआ है। इसके अलावा सरकार और निजी क्षेत्र के बोनस भुगतान से भी मदद मिली।

नकदी समायोजन सुविधा (एलएएफ) मौद्रिक नीति में उपयोग किया जाने वाला एक उपाय है। इसके जरिए रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में नकदी प्रबंधन के लिए रेपो दर और रिवर्स रेपो दर का उपयोग करता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने एक रिपोर्ट में कहा कि बैंकों में एक तरफ ब्याज दर बढ़ी है, दूसरी तरफ नकदी को सोच-विचार कर कम किया गया है। लेकिन एक चीज अभी भी नहीं बदली है। वह है कर्ज को लेकर जोखिम का पर्याप्त रूप से प्रबंधन। उन्होंने कहा कि एक तरफ कर्ज की मांग एक दशक के उच्चस्तर पर है जबकि नकदी की स्थिति उल्लेखनीय रूप से कम हुई है।

भले ही बैंक व्यवस्था में शुद्ध एलएएफ घाटा देखा जा रहा है, लेकिन बाजार सूत्रों का कहना है कि मुख्य कोष की लागत के ऊपर कर्ज को लेकर जो जोखिम है, उसका पूरा ध्यान नहीं रखा गया है। उदाहरण के लिए एक साल से कम अवधि का कार्यशील पूंजी कर्ज छह प्रतिशत से कम दर पर दिया जा रहा है और यह एक महीनोतीन महीने के ट्रजरी बिल की दर से जुड़ा है जबकि 10 और 15 साल के कर्ज की लागत सात प्रतिशत से कम है। 10 साल की अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियां करीब 7.46 के आसपास कारोबार कर रही हैं। जबकि 91 दिन की अवधि वाले ट्रेजरी बिल 6.44 की दर पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं 364 दिन का ट्रेजरी बिल की लागत 6.97 प्रतिशत है।

बैंकों में मुख्य कोष जुटाने की औसत लागत करीब 6.2 प्रतिशत है जबकि रिवर्स रेपो दर 5.65 प्रतिशत है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि बैंक वर्तमान में जमा राशि जुटाने के लिए ब्याज दर बढ़ाने की होड़ में हैं। चुनिंदा परिपक्वता अवधि की जमाओं पर ब्याज दर 7.75 प्रतिशत तक कर दी गई है। इसके अलावा, बैंक अब 390 दिनों के लिए जमा प्रमाणपत्र (सीडी) 7.97 प्रतिशत की दर पर जुटा रहे हैं। जबकि कुछ बैंक 92 दिनों के लिए सीडी 7.15 प्रतिशत पर जुटा रहे हैं। यानी वित्तपोषण अंतर को जमा प्रमाणपत्र के जरिए पूरा किया जा रहा है। कुल जमा प्रमापणत्र 21 अक्टूबर की स्थिति के अनुसार 2.41 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 57 हजार करोड़ रुपए था।

# पूर्वोत्तर के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों को दिसंबर 2023 तक 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा: किरेन रिजीजू

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय कानून** और न्याय मंत्री किरेन रिजीजू ने मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों के सभी दूरस्थ गांवों को दिसंबर 2023 तक 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। रिजीजू ने यहां एक बैठक में पूर्वोत्तर के सभी गांवों में 4जी मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए एक परियोजना की समीक्षा के बाद कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति हो रही है। उन्होंने कहा इसलिए कोई भी दूरस्थ क्षेत्र इंटरनेट के उपलब्धता के बिना न रहे और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य है।

उन्होंने से कहा, पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी दूरस्थ गांवों को दिसंबर 2023 तक 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैठक का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना और उन सभी को साथ लाकर खामियों को दूर करना है।

रिजीजू ने ट्वीट किया, पूर्वोत्तर के सभी दूरस्थ गांवों में 4जी मोबाइल सेवा प्रदान करने के लिए 4जी संतृप्ति परियोजना की समीक्षा की। दूरसंचार सचिव और सशस्त्र बलों समेत अन्य अधिकारियों ने भी समीक्षा में भाग लिया। प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुसार परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए उचित समन्वय स्थापित किया जा रहा है। गौरतलब है कि सरकार ने फरवरी 2022 में संसद में कहा था कि देश के 5,97,618 गांवों में से 25,067 गांवों में मोबाइल संपर्क और इंटरनेट की कमी है। इसमें से लगभग 11,000 गांवों को यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) योजनाओं में शामिल किया गया है।

## हथियारों के वैश्विक व्यापार में दबदबा बनाने के लिए हवाई शो में चीन ने किया प्रदर्शन

**बीजिंग।** हथियारों के वैश्विक व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने, बोइंग और एअरबस के साथ प्रतिस्पर्धा करने के मकसद से चीन मंगलवार से शुरू हुए हवाई शो में नवीनतम पीढ़ी के लड़ाकू जेट और विमान प्रदर्शित कर रहा है। वर्तमान में चीन दुनिया का चौथा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है और एक विस्तारित घरेलू उद्योग द्वारा इसे रूस पर अपनी पूर्व निर्भरता कम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। अलग-अलग देशों से समर्थन मिलने के कारण चीन अब ड्रोन, युद्धक विमानों और मिसाइल रक्षा प्रणालियों के साथ-साथ इसके प्रमुख, शीत युद्ध-युग के ज़मीनी हथियार और गोला-बारूद बेचने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है। मंगलवार से शुरू हुए इस प्रदर्शन में सैन्य विमानों में जे-20 स्टील्थ फाइटर और यू -20 हवाई टैंकर शामिल हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, 2017 और 2021 के बीच, चीन का कुल वैश्विक हथियारों के निर्यात में 4.6 प्रतिशत हिस्सा था, जो अमेरिका, रूस और फ्रांस से चौथे स्थान पर था। चीन से हथियारों के निर्यात का बड़ा हिस्सा पाकिस्तान को जाता था, जो लंबे समय से सहयोगी रहा है।

## 20 एशियाई महिला उद्यमियों की सूची में तीन भारतीय शामिल

**सिंगापुर।** फोर्ब्स के नवंबर अंक में प्रकाशित 20 एशियाई महिला उद्यमियों की सूची में तीन भारतीयों को शामिल किया गया है। इस सूची में उन महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के चलते पैदा हुई अनिश्चितता के बीच अपने कारोबार को बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस सूची में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की चेयरपर्सन सोमा मंडल, एमक्योर फार्मा की कार्यकारी निदेशक नमिता थापर और होनासा कंज्यूमर की सह-संस्थापक तथा मुख्य नवाचार अधिकारी गजल अलघ के नाम शामिल हैं। फोर्ब्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सूची में शामिल कुछ महिलाएं शिपिंग, रियल स्टेट और निर्माण जैसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं, जबकि अन्य प्रौद्योगिकी, दवा और जिंस जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रही हैं। सूची में शामिल अन्य महिलाएं ऑस्ट्रेलिया, चीन, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, ताइवान और थाईलैंड से हैं।

## बिजली संयंत्रों के पास 31 अक्टूबर तक कोयले का भंडार बढ़कर 2.56 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** देश में ताप बिजली संयंत्रों के पास 31 अक्टूबर तक कोयले का भंडारण बढ़कर 2.56 करोड़ टन हो गया। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी देते कहा कि कोविड वर्ष 2020-21 को छोड़कर यह अक्टूबर माह में अबतक का सबसे ऊंचा कोयला भंडार है। बिजली और रेल मंत्रालय के सहयोग से बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उसकी नियमित निगरानी की जाती है। बिजली क्षेत्र को घरेलू कोयले की आपूर्ति पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। यह किसी भी वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में बिजली क्षेत्र को होने वाली सर्वाधिक कोयला आपूर्ति है। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि कोयले का उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने के लिए 141 नई कोयला खानों को हाल में नीलामी के लिए रखा गया है। मंत्रालय पूर्व में नीलाम की गई खदानों के संचालन के लिए संबंधित राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों के साथ मिलकर समन्वय कर रहा है। बयान के अनुसार, मंत्रालय पीएम-गतिशक्ति के तहत सभी प्रमुख खानों के लिए रेल संपर्क बढ़ाने के कदम उठा रहा है, ताकि कोयला तेजी से निकाला जा सके। बयान में कहा गया कि कोयला मंत्रालय बिजली क्षेत्र को कोयले की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि इस साल गर्मी के मौसम में कोयले की कमी के कारण कई राज्यों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा था। हालांकि, कोयला मंत्रालय ने कहा था कि बिजली संकट मुख्य रूप से विभिन्न ईंधन स्रोतों से बिजली उत्पादन में तेज गिरावट के कारण हुआ, न कि घरेलू कोयले की अनुपलब्धता के कारण।

# आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल को दूसरी तिमाही में 2,749 करोड़ का घाटा

**भाषा।** नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को जुलाई-सितंबर में लगातार दूसरी तिमाही में कुल 2,748.66 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। सरकार द्वारा एकबारगी एलपीजी के लिए भुगतान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट से होने वाले नुकसान की भरपाई नहीं कर सका। तीन ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने शेयर बाजारों को बताया कि कंपनियों को यह नुकसान पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी पर विपणन मार्जिन में गिरावट के कारण हुआ। पिछले दो वर्षों में रसोई गैस एलपीजी को लागत से कम दरों पर बेचने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिए गए 22,000 करोड़ रुपए के एकमुश्त सरकारी अनुदान से नुकसान कम हुआ।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने लगातार सात महीने तक दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इन्हें लागत के अनुरूप प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करना होता है। आईओसी ने 29 अक्टूबर को जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 272.35 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जो पिछले तीन महीनों में 1,995.3 करोड़ रुपए के नुकसान के पीछे आया था। तीन नवंबर को, एचपीसीएल ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 2,172.14 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया, जो अप्रैल-जून में अपने अबतक के सबसे अधिक 10,196.94 करोड़ रुपए के तिमाही नुकसान के पीछे था।

सूचना के अनुसार, बीपीसीएल का घाटा जुलाई-सितंबर तिमाही में 304.17 करोड़ रुपए रहा। पहली तिमाही में उसे 6,263.05 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। एक अप्रैल से शुरू हुए चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के लिए कंपनियों का संयुक्त घाटा 21,201.18 करोड़ रुपए रहा। आईओसी ने बीती तिमाही के समाप्त होने के बाद सरकार से प्राप्त एलपीजी सब्सिडी के लिए 10,800 करोड़ रुपए का योगदान दिया, जबकि एचपीसीएल ने 5,617 करोड़ रुपए प्राप्त किए। वहीं बीपीसीएल को 5,582 करोड़ रुपए का एकमुश्त अनुदान मिला। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले हफ्ते संकेत दिया था कि उनका मंत्रालय सरकार को मुद्रास्फीति से लड़ने में मदद करने के लिए यूक्रेन युद्ध के बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमतों को बनाए रखने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए वित्त मंत्रालय से सहायता मांगेगा। उन्होंने दो नवंबर को संवाददाताओं से यह पूछे जाने पर कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में नरमी के अनुरूप कीमतों में कमी की गई है कहा था, ओएमसी (पेट्रोलियम विपणन कंपनियों) को अभी भी डीजल की बिक्री पर नुकसान हो रहा है। घरेलू खुदरा दरों को उस स्तर पर रोक दिया गया जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय तेल कीमत 97.75 डॉलर प्रति बैरल से कम है।

पुरी ने कहा था कि पेट्रोलियम कंपनियों ने उपभोक्ताओं की मदद के लिए अत्यधिक उतार-चढ़ाव के दौरान कीमतों में नरमी बरती। पिछले साल की रिकॉर्ड कमाई की तुलना में पहली छमाही में तीनों कंपनियों को घाटा हुआ है। आईओसी को अप्रैल-सितंबर में 2,264.88 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, एक साल पहले इसी अवधि में 12,301.42 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था और पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में 24,184.10 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। इसी तरह, बीपीसीएल को इस दौरान 6,567.22 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। अप्रैल-सितंबर 2021 में इसे 6,033.82 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था और इसने 2021-22 में 11,363.55 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था। वहीं आलोच्य अवधि में एचपीसीएल को 12,369.08 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 6,282.63 करोड़ रुपए का हुआ था। अप्रैल-सितंबर 2021 में उसे 3,718.51 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

## सरकार चीन के मेटल कटरव्हील पर डंपिग रोधी शुल्क नही लगाएगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयात किए जाने वाले मेटल कटर व्हील पर डंपिंग रोधी शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा लेवी लगाने की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने चीन से आयात किए जाने वाले इस उत्पाद की कथित डंपिंग की जांच की थी। महानिदेशालय ने सितंबर में शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। मेटल कटर व्हील का इस्तेमाल विभिन्न क्षेत्रों में लोहा और अन्य सामग्री को काटने के लिए किया जाता है। राजस्व विभाग ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा, केंद्र सरकार ने नामित प्राधिकरण के अंतिम निष्कर्षों पर विचार करने के बाद, सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। डीजीटीआर की सिफारिशों पर राजस्व विभाग अंतिम निर्णय करता है।

## आईएफएससीए अगले साल की शुरुआत से भारतीय स्टार्टअप को फिनटेक अनुदान देगा

**सिंगापुर।** अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) अगले साल की शुरुआत से भारत में नवाचार करने वालों को फिनटेक अनुदान देगा। आईएफएससीए के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी जोसेफ जोशी ने कहा कि भारतीय फिनटेक (प्रौद्योगिकी आधारित वित्तीय कंपनियां) ने फिनटेक प्रोत्साहन योजना, 2022 के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है। इसमें छह प्रकार के अनुदान दिए जाने हैं। सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल (एसएफएफ) के मौके पर कहा, हमारे पास एक वाह्य समिति है, जो इन आवेदनों पर विचार करेगी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that M/s Acclimation Infratech Private Limited is the owner of Built up Flat No. G-6 part of Property No. 14, area measuring 50 sq. yds., out of Khasra No.168, situated at Shyam Vatika-II, village Sihani, Pargana Loni, Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad, vide a Sale deed dated 17.04.2018, Doc No. 2866. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# चापलूसों से घिरे हैं अखिलेश यादव : शिवपाल

**भाषा।** गोरखपुर

● **मुलायम सिंह यादव की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने भतीजे पर तंज करके यह साफ कर दिया कि दोनों के बीच के मतभेद और मनभेद समाप्त नहीं हुए हैं**





**प्रगतिशील समाजवादी** पार्टी (लोहिया) (प्रसपा) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उनके भतीजे और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव चापलूसों से घिरे हैं।

यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई एवं प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल यादव ने अखिलेश यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा, "वह चापलूसों से घिरे हुए हैं जो केवल चापलूसी में विश्वास करते हैं। अखिलेश यादव पर शिवपाल की यह टिप्पणी इसलिए भी अहम है, क्योंकि मुलायम सिंह यादव की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने भतीजे पर तंज करके यह साफ कर दिया कि दोनों के बीच के मतभेद और मनभेद समाप्त नहीं हुए हैं। सपा संस्थापक के निधन के बाद यह अटकलें लगने लगी थीं कि अखिलेश और शिवपाल एक होकर फिर से पार्टी को मजबूत कर सकते हैं। सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमारी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ही असली समाजवादी पार्टी है और हमारे साथ कोई लालची व्यक्ति नहीं है। हम लालची लोगों से दूर रहते हैं।"

मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट पर होने वाले उपचुनाव के बारे में पूछे जाने पर, शिवपाल ने कहा, हम अभी भी सोच रहे हैं कि हम अकेले या सपा के साथ चुनाव लड़ें, जो भी फैसला होगा वह जल्द ही सबके सामने होगा। रिश्ते में पौत्र लगने वाले पूर्व सांसद तेज प्रताप की उम्मीदवारी पर, जो सपा संरक्षक की मृत्यु के बाद खाली हुई सीट पर संभावित विकल्प के रूप में चर्चा में हैं, शिवपाल ने कहा, पहले सपा द्वारा नाम की घोषणा की जाए, हम बाद में देखेंगे। वैसे मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुत्रवधू अपर्णा सिंह यादव के मैनपुरी से चुनाव लड़ने के सवाल पर शिवपाल ने चुप्पी साध ली। अपर्णा यादव 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले ही समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई थीं।गोरखपुर में शिवपाल का पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।सपा संस्थापक और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर, 2022 को 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लगभग एक पखवाड़े तक चले मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार से संबंधित रस्मों के दौरान शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव के बीच करीबी ने "चाचा-भतीजौ के फिर से हाथ मिलाने की अटकलें तेज कर दी थीं।

शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव मार्च में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक साथ आए थे, लेकिन चुनावों के बाद रिश्ते सहज नहीं रहे और वे फिर से अलग हो गए। मार्च में उप्र विधानसभा चुनाव में शिवपाल ने सपा के निशान पर ही जसवंतनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीत गए। लेकिन चुनाव के बाद उन्हें पार्टी की बैठक के लिए नहीं बुलाया गया। शिवपाल ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की पसंद द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था और कई मौकों पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीब भी उन्हें देखा गया। संभावना थी कि बीते तीन नवंबर को गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव के लिए चाचा-भतीजे सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# शाहजहांपुर में ग्रंथ जलाए जाने के बाद उपद्रव और नारेबाजी में दो गिरफ्तार

**भाषा।** शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर की** एक मस्जिद में कथित रूप से पवित्र कुरान जलाने की घटना के बाद एक समुदाय के लोगों द्वारा उपद्रव, तोड़फोड़ और आगजनी किए जाने तथा सर तन से जुदा के नारे लगाए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजय कुमार ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि दो नवंबर को कोतवाली क्षेत्र की एक मस्जिद में रखे कुरान को किसी ने जला दिया था और यह सूचना पर जब पुलिस पहुंची तब एक समुदाय के लोगों ने उपद्रव शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान "गुस्ताख ए कुरान की यह सजा, सर तन से जुदा सर तन से जुदौ के नारे लगाए जाने लगे।एएसपी ने बताया कि इसके बाद उपद्रवियों ने सड़क जाम कर दिया, जिसके चलते अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर दी तथा घरों को बंद कर लिया। उनके अनुसार भयभीत होकर लोग भाग गए एवं इस दौरान उपद्रवियों ने होर्डिंग में आग लगा दी। कुमार के मुताबिक घटना के बाद मस्जिद में कुरान जलाने वाले आरोपी की सीसीटीवी फुटेज से पहचान करके ताज मोहम्मद नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया था।उन्होंने बताया कि उपद्रव के मामले में 18 लोगों को नामजद करते हुए एवं 300 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया जिनमें से आरोपी सिकंदर तथा कीचड़ को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस आनंद ने घटना के बाद पीटीआई-भाषा को बताया था कि बेरी चौकी प्रभारी प्रांजल सिंह यादव की ओर से शनिवार को सिकंदर,परवेज, इरशाद, कीचड़, दानिश, समेत 18 लोगों को नामजद करते एवं 300 अज्ञात उपद्रवियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आनंद ने बताया कि कुरान में आग लगाए जाने की घटना के बाद पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों के वीडियो को खंगाला गया तो अगले ही दिन आरोपी ताज मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ा एक वीडियो सार्वजनिक हुआ, जिसमें कुरान में आग लगाने वाला आरोपी ताज मोहम्मद यह कहते सुना जा रहा है कि "हम खाली घूमते हैं, इसलिए दिमाग पागल हो गया। घरवालों से कहा कि हमारी शादी करा दो परंतु घर वालों ने शादी नहीं कराई" कुरान में आग लगाने पर आरोपी वीडियो में यह कहता हुआ नजर आता है कि "आग हमने नहीं लगाई, न हम गए थे, हमारे अंदर से एक आत्मा निकल कर गई थी और आग उसने ही लगाई है।

# जन शिकायतों का गुणवत्ता के साथ व समय से होगा निस्तारण: दीपा रंजन

● **नवागन्तुक डीएम ने संभाला कार्यभार**



**बांदा।** नवागन्तुक जिलाधिकारी दीपा रंजन ने आज कोषागार कार्यालय बांदा में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जायेगा तथा जन शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का जनता तक लाभ पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने.अपने कार्यक्षेत्र पर ही निवास करेंगे और जनता की समस्याओं के निस्तारण के साथ अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में जो जनता के हित में नवाचारी कार्य संचालित हो रहे हैंए उनको आगे भी लगातार संचालित किया जायेगा। जिलाधिकारी दीपा रंजन ने बताया कि इससे पूर्व बदायूं में जिलाधिकारी के रूप में कार्यरत रहीं हूँ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा उमाकान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एमपी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश बाबू, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पीलीभीत में महिला के साथ चाकू की नोंक पर सामूहिक दुष्कर्म

**भाषा।** पीलीभीत (उप्र)

**पीलीभीत जिले** के सुनगढ़ी थानाक्षेत्र में पति को खाना देकर घर वापस लौट रही एक गर्भवती महिला के साथ दो लोगों द्वारा चाकू की नोक पर कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

सुनगढ़ी थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मदन मोहन चतुर्वेदी ने पत्रकारों को बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्वाई की जाएगी।सुनगढ़ी कोतवाली पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र की महिला का आरोप है कि उसके गांव के बाबूराम और कल्याण सिंह की उस पर बुरी नजर थी और 16 जुलाई, 2022 को जब वह खेत पर काम कर रहे पति को दोपहर 11 बजे खाना देकर घर वापस लौट रही थी तो दोनों आरोपियों ने उसे जबरन गन्ने के खेत में खींच लिया।

महिला के आरोप के मुताबिक दोनों ने चाकू के बल पर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला का आरोप है कि जब उसके साथ घटना घटित हुई तब वह ढाई माह की गर्भवती भी थी तथा इस वारदात के कारण उसका गर्भपात भी हो गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने कार्वाई के लिए सुनगढ़ी थाना पुलिस एवं पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायत पत्र दिया लेकिन कोई कार्वाई नहीं हुई, तब उसने अदालत की शरण ली और अदालत के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म समेत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली।

## बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में बुजुर्ग पर मुकदमा, आरोपी ने खाया जहर

**मथुरा (भाषा)।** मथुरा जिले में वृन्दावन निवासी 60 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ पड़ोस में रहने वाली आठ साल की एक बच्ची के साथ छेड़छाड़ और उसके गुप्तांग में मोमबत्ती डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपने खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बारे में पता चलने पर आरोपी ने कथित रूप से जहर खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बांकेबिहारी पुलिस चौकी क्षेत्र के एक मुहल्ले का निवासी 60 वर्षीय प्यारेलाल पड़ोस में रहने वाली आठ साल की एक बच्ची को बहला-फुसला कर अपने घर ले गया था। सूत्रों के अनुसार उसने पहले तो बच्ची से छेड़छाड़ की और फिर उसके गुप्तांग में मोमबत्ती डाल दी जिससे आहत बच्ची चीखती-चिल्लाती हुई अपने घर भाग गई और परिजनों को बात बताई। सूत्रों के मुताबिक इस पर परिजन ने प्यारेलाल के खिलाफ भारतीय दण्ड विधान और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि अपने खिलाफ पुलिस में शिकायत होने के बारे में पता लगने पर प्यारेलाल ने जहर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूत्रों का कहना है कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची, तो उसका हाल देख उसे जिला संयुक्त अस्पताल ले गई जहां अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। पुलिस ने बच्ची का चिकित्सकीय मुआयना कराया है। सूत्रों ने बताया कि मामला दो अलग-अलग समुदायों का होने के कारण पुलिस के आला अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं तथा स्थानीय पुलिस को सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# ज्ञानवापी परिसर में पूजा, मुसलमानों के प्रवेश निषेध संबंधी याचिका की पोषणीयता पर फैसला 14 नवंबर को

**भाषा।** वाराणसी

**ज्ञानवापीश्रृंगार** गौरी परिसर में वीडियोग्राफी सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग की पूजाअर्चना की अनुमति देने और परिसर में मुसलमानों के प्रवेश निषेध का आदेश देने का आग्रह करने वाली याचिका की पोषणीयता (सुनवाई करने या नहीं करने) पर वाराणसी की फास्ट ट्रैक अदालत अब 14 नवंबर को फैसला सुनाएगी। इससे पहले, अदालत द्वारा इस मामले में मंगलवार को फैसला सुनाए जाने की सम्भावना थी लेकिन गुरु नानक जयंती की छुट्टी होने की वजह से इसे 14 नवंबर तक के लिए टाल दिया गया है।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता सुलभ प्रकाश ने बताया कि अदालत के न्यायाधीश के छुट्टी पर होने की वजह से अब फैसला 14 नवंबर को सुनाया जाएगा। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि वाराणसी की फास्ट ट्रैक अदालत में दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) महेंद्र पांडेय ने इस मामले में 27 अक्टूबर को अपनी सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की पोषणीयता पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि वादी किरण सिंह ने 24 मई को वाद दाखिल किया था, जिसमें वाराणसी के जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त, अंजुमन इंतेजामिया कमेटी के साथ ही विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया था। बाद में 25 मई को जिला अदालत के न्यायाधीश ए. के. विश्वेश ने मुकदमे को फास्ट ट्रैक अदालत अदालत में स्थानांतरित कर दिया था। वादी ने अपनी याचिका में ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों का प्रवेश निषेध, परिसर हिंदुओं को सौंपने के साथ ही परिसर में मिले कथित शिवलिंग की नियमित पूजाअर्चना करने का अधिकार देने का अनुरोध किया है। इससे पहले, इसी साल मई में दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत के आदेश पर ज्ञानवापीश्रृंगार गौरी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वे कराया गया था। इस दौरान ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में एक आकृति पाई गई थी। हिन्दू पक्ष ने इसे शिवलिंग बताते हुए कहा था कि इसके साथ ही आदि विश्वेश्वर प्रकट हो गए हैं। दूसरी ओर मुस्लिम पक्ष ने इसे फौव्वारा बताते हुए दलील दी थी कि मुगलकालीन इमारतों में ऐसे फौव्वारे मिलना आम बात है।

## सपा विधायक नाहिद हसन पर हत्या के प्रयास के मामले में आरोप तय अगली सुनवाई 28 नवंबर को

**मुजफ्फरनगर (भाषा)।** शामली जिले के कैराना विधानसभा क्षेत्र के विधायक नाहिद हसन के खिलाफ स्थानीय सांसद-विधायक अदालत ने मंगलवार को हत्या के प्रयास के मामले मे आरोप तय किए। मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। अभियोजन के अनुसार विशेष न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 307 (हत्या का प्रयास) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप तय किए है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख तय की।जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान ने को बताया कि पुलिस ने सात जुलाई, 2019 को उत्तर प्रदेश बिजली निगम के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) नाजिम अली की शिकायत पर झिझाना थाना क्षेत्र मे हसन और अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास और सरकारी कामकाज मे बाधा डालने का मामला दर्ज किया था। उनके अनुसार इस समय नाहिद हसन चित्रकूट जिला कारागार मे बंद है और पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच कैराना (शामली) की विशेष अदालत मे उन्हे पेश किया।

# युवती से फर्जी विवाह का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

● **फेसबुक पर दोस्ती कर नौकरी लगवाने के बहाने शैक्षिक प्रमाण पत्र मंगवा लिये थे**

**फेसबुक पर** दोस्ती कर सरकारी नौकरी लगवाने के बहाने युवती के शैक्षिक प्रमाण पत्र मंगवा लिए। इसके बाद युवक ने फर्जी विवाह प्रमाण पत्र तैयार कर युवती पर शादी करने का दबाव बनाया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली था। पुलिस ने उक्त मामले में वांछित आरोपी को पकड ़लिया है। पुलिस आरोपी से पूछतांछ कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी पुत्री के साथ शांतिनगर उरई निवासी सौरभ सुमन फेसबुक पर दोस्ती कर ली। इसके बाद उसे सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र मांगे। विश्वास में आकर पुत्री ने उन्हें शैक्षिक प्रमाण पत्र और फोटोग्राफ्स दे दिए। उक्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों और फोटोग्राफ्स का दुरूपयोग कर उक्त युवक ने आर्य समाज का फर्जी विवाह प्रमाण पत्र तैयार करा लिया और उनकी पुत्री पर विवाह करने का दबाव बनाने लगा। जब पुत्री ने विवाह से इंकार किया तो उसकी फोटो आदि फेसबुक पर वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने लगभग एक माह पूर्व आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया है। पुलिस आरोपी युवक से पूछतांछ कर रही है।

# बाराबंकी में नाव पलटने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

**बाराबंकी (भाषा)।** बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर खाला थानाक्षेत्र में ककरहा घाट स्थित सुमली नदी में मंगलवार को नाव पलटने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोगों को बचा लिया गया और उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी ने आपदा निधि से मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की है।बाराबंकी के जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश कुमार ने बताया कि एक नाव से सालपुर गांव के 20 लोग नदी पार रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने से अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव पलट गई।कुमार ने बताया कि नाव में सवार 13 लोग तैरकर बाहर आ गए, लेकिन सात लोग पानी में डूबने लगे। उन्होंने बताया कि सात लोगों को पुलिस गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से बेहोशी की हालत में नदी से बाहर निकाला गया। उनके अनुसार उनमें दो बच्चों समेत तीन लोगों : सालपुर निवासी रितु यादव (18), प्रियंका (पांच) एवं हिमांशु (आठ) की मौत हो गई, जबकि बेहोश चार अन्य लोगों को अस्पताल भेजा गया जिसमें एक की हालत नाजुक है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के नदी के उस पार ग्राम बैराना में दंगल का आयोजन था जिसे लोग देखने गए थे और वापस लौट रहे थे तभी नाव पलट गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल मदद मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने आपदा निधि से मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की है।

# दो खिलाड़ियों सहित तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर प्रदेश** में मथुरा जनपद के नौहझील थाना क्षेत्र में दो खिलाड़ियों सहित तीन युवकों की एक सड़क हादसे में मृत्यु हो गई तथा चालक एवं उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। नौहझील थाना प्रभारी प्रदीप यादव ने बताया कि सोमवार को ब्रजनगर के बाजना गांव के जेवलिन खिलाड़ी गर्वित (20) अपने साथी खिलाड़ी मित्र, रबूपुरा के करन (21) के साथ निकटवर्ती जेवर से स्पोर्ट्स का सामान खरीदने गया था। थाना प्रभारी के अनुसार उनके साथ कस्बे के टोली मोहल्ले का शकील (36) अपने लिए ईंटों का सौदा करने गया था। उन्होंने बताया कि ए सभी अर्टिगा कार से गए थे तथा उनके साथ कार चालक एवं एक अन्य युवक भी था। उनके मुताबिक शाम को वापसी के समय जिकरपुर गांव के समीप उनकी कार नौहझील से कुछ पहले पंक्चर हो गई और चालक अपने भाई के साथ पहिया बदलने लगा एवं बाकी लोग पहिया लग जाने का इंतजार करने लगे। थाना प्रभारी के अनुसार तभी नोएडा की ओर से आती एक तेज रफ्तार कार ने उन सभी को रौंद दिया, जिससे गर्वित एवं शकील की तो मौके पर ही मौत हो गई तथा करन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चालक एवं उसके भाई को घायलावस्था में नोएडा के कैलाश हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है।

## झाड़फूंक के बहाने लड़की से बलात्कार का आरोपी तांत्रिक हिरासत में

**भाषा।** बहराइच

● **पीड़िता की हालत गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए फिर से लखनऊ भेज दिया गया है**

जिला पुलिस तपेदिक रोग से ग्रस्त 26 वर्षीय युवती का झाड़फूंक से इलाज करने के बहाने उसके साथ कथित रूप से बलात्कार करने के आरोपी तांत्रिक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की हालत गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए फिर से लखनऊ भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी एक महिला ने सोमवार को पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि लाल महाराज नामक तांत्रिक ने उनकी बेटी के साथ बलात्कार किया है। उन्होंने कहा, जांच में पता चला कि बीते दिनों युवती को खून की उल्टियां होने पर चिकित्सकीय जांच में बहराइच व लखनऊके डॉक्टरों ने बताया कि उसे तपेदिक रोग है। इसके बाद युवती और उसका परिवार कुछ लोगों की सलाह पर तांत्रिक के संपर्क में आए। एएसपी ने बताया कि पीडि़ता की मां की तहरीर पर बलात्कार सहित भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर इसकी तहकीकात की जा रही है। अधिकारी ने कहा, आरोपी तांत्रिक लाल महाराज को थाने बुलाकर उससे पूछताछ की जा रही है और जांच में जो साक्ष्य मिलेंगे उनके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपी तांत्रिक की उम्र करीब 60 साल है।

## क्विक न्यूज

### चोरों के साथ साठ-गांठ के आरोप में छह पुलिसकर्मी निलम्बित

**बाराबंकी (भाषा)।** जिले के जहांगीराबाद क्षेत्र मे चोरो से साठ-गांठ कर एक बंद रसायन कारखाना मे चोरी करवाने और अवैध रूप से शराब का कारोबार संचालित कराने के आरोप मे एक चौकी प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियो को निलम्बित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने मंगलवार को बताया कि जहांगीराबाद पुलिस ने सोमवार को शराब के अवैध कारोबार के मामले मे छह लोगो को पकड़ा था। नारायण ने बताया कि आरोपियो से पूछताछ मे खुलासा हुआ कि उन्ही लोगो ने जहांगीराबाद क्षेत्र मे एक बंद रसायन कारखाना मे कबाड़ की चोरी की थी। इस कारखाने को 2014 मे शेयर (हिस्सेदारी) के विवाद को लेकर सेबी ने सील की थी। उन्होने बताया कि घटना का खुलासा होने पर इसमे पुलिस की भूमिका संदिग्ध पाई गई जिसकी पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने जांच कराई। उन्होने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई जांच मे दो दारोगा समेत छह पुलिसकर्मियो की चोरो से सांठ-गांठ होने और चोरी का सामान बेचवाने मे भी पुलिसकर्मियो की संलिप्तता की बात सामने आई। नारायण ने बताया कि जांच के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने शहर कोतवाली के सोमैया नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार राना, जहांगीराबाद थाने के दारोगा धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, शहर कोतवाली के सिपाही राहुल सिंह, यूपी-112 मे तैनात सिपाही अभय यादव, जहांगीराबाद थाने के सिपाही आशीष और राजकुमार को निलम्बित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मियो के साथ इसमे शामिल होमगार्ड के जवान बसंत यादव के विरूद्ध कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक ने जिला कमांडेंट को रिपोर्ट भेजी है। अधिकारी ने बताया कि जांच के आधार पर आरोपी पुलिसकर्मियो को निलम्बित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्वाई शुरू कर दी गई है।

### यमुना में स्नान करने जा रही दो महिलाओं की वाहन से कुचलकर मौत

बागपत (भाषा) बागपत के कोतवाली इलाके मे मंगलवार को यमुना नदी मे स्नान करने जा रही दो महिलाओ की दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय सिंह ने बताया यह हादसा तब हुआ जब आज सुबह दो महिलाएं काठा गांव की मुकेश देवी (50) और उषा (63) यमुना मे स्नान करने जा रही थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही वे दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने लगी तो एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। एसएचओ ने कहा कि हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया ।

### बलिया में ददरी मेला की शुरुआत, गंगा में श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**बलिया।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि भृगु एवं दर्दर मुनि की तपोभूमि बलिया मे गंगा नदी के तट पर श्रद्धालुओं के स्नान के साथ ही ददरी मेला शुरू हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महर्षि भृगु एवं दर्दर मुनि की तपोभूमि बलिया में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उनके अनुसार सोमवार से ही महास्नान के लिए श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया और मध्यरात्रि से महास्नान शुरू हुआ तो यह मंगलवार को पूरे दिन चलता रहा।उन्होने बताया कि मुख्य स्नान स्थल शिवरामपुर घाट पर श्रद्धालुओं का जमघट दोपहर तक लगा रहा, ऐसे में भीड़ अधिक होने के चलते हजारो श्रद्धालुओ ने आसपास के अन्य घाटो पर ही गंगा नदी मे पवित्र डुबकी लगाई। उनका कहना था कि यहां उमड़ी भीड़ ने गंगा की रेत पर लगे तम्बू-शमियाना में बैठकर कल्पवास किया तथा श्रद्धालुओं ने महर्षि भृगु, उनके शिष्य दर्दर तथा बाबा बालेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन भी किया।अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संवाददाताओ को बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर पुण्य स्नान के साथ ही प्रसिद्ध ददरी मेला शुरू हुआ।

### वृद्ध महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**सुलतानपुर ।** सुलतानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र में पूजा के लिए फूल तोड़ने जा रही एक वृद्ध महिला की एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हलियापुर थाना क्षेत्र मे शिवपती (65) मंगलवार को पूजा करने के लिए फूल तोड़ने जा रही थी और सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस के मुताबिक शिवपती को उनके परिजन अमेठी जिले के बीईएचएल जगदीशपुर के सूर्या हॉस्पिटल ले गए, लेकिन उनकी हालत चिंताजनक होते देख डॉक्टरो ने उन्हे वहां से लखनऊ भेज दिया। पुलिस के अनुसार रास्ते मे हैदरगढ़ के पास शिवपती की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी हलियापुर राजाराम चौधरी ने बताया कि मृतका के पुत्र संतोष द्वारा हलियापुर थाने पर घटना की सूचना दी गई है।

### कार व मोटरसाइकिल की टक्कर : दो लोगों की मौत, 13 श्रद्धालु जखमी

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले मे मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरे एक वाहन और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो जाने दो लोगो की मौत हो गई तथा 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने बताया कि मिर्जापुर थाना क्षेत्र मे ढाई घाट पर गंगा स्नान करने जा रहे 13 श्रद्धालुओं की कार पहाड़पुर चौराहे पर सामने से आ रही एक मोटर साइकिल से टकरा गई और इस हादसे मे मोटरसाइकिल सवार भूरे (35), तथा नन्हे (16) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के दौरान कार गहरी खाई मे पलट गई, जिससे उसमे सवार 13 श्रद्धालु गम्भीर रूप से घायल हो गए। उनके मुताबिक राहगीरो की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस तथा पुलिस ने घायलो को मिर्जापुर के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत मे सभी को फुर्खाबाद जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है।

### झांसी में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे, यातायात प्रभावित

**झांसी ।** झांसी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित रेलवे यार्ड मे मंगलवार सुबह मालगाड़ी की पांच बोगियां पटरी से उतर जाने के कारण रेल यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। करीब दो घंटे बाद ट्रेनो का संचालन सामान्य हो सका। उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के प्रबंधक आशुतोष ने बताया कि हावा से लालपुर की ओर जाने वाली एक मालगाड़ी की पांच बोगियां आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे पटरी से उतर गई। तत्काल कार्वाई करते हुए इन बोगियां पटरी से हटाया गया और करीब दो घंटे बाद इस रास्ते से होकर झांसीकानपुर इंटरसिटी को चलाया गया और अन्य लाइने भी क्रमशः शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मे कोई यातायात बाधित नही है। दुर्घटना के संबंध मे जांच कमेटी गठित की गई है।

### 51 निर्धन कन्याओं का विवाह कराएंगे समाजसेवी रामबाबू गुप्ता

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज वैश्य महासभा के तत्वावान में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा के जिला मंत्री रामबाबू गुप्ता द्वारा 26 व 27 नवम्बर को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में विशाल सामूहिक विवाह एवं कान्यादान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में समाजसेवी द्वारा अपने निजी खर्च से 51 जोडों का विवाह कराया जायेगा। नवविवाहित जोडों को आर्शीवाद देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का जमावडा लगेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 9 नवंबर, 2022



# रोहित की बांह पर गेंद लगी, चोट गंभीर नहीं

## अभ्यास सत्र में सामान्य ड्रिल कर रहे थे कप्तान

**भाषा।** एडिलेड

**भारतीय** क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले बड़ी परेशानी से बच गई क्योंकि मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान रोहित शर्मा की बांह में तेजी से गेंद लगी लेकिन चोट गंभीर नहीं है। रोहित अभ्यास की सामान्य ड्रिल कर रहे थे। वह एडिलेड ओवल में टीम के थ्रोडाउन विशेषज्ञ एस रघु का सामना कर रहे थे जब एक शार्ट पिच गेंद तेजी से उछलकर उनकी दाईं बांह पर लगी। भारतीय कप्तान पुल शॉट खेलने के प्रयास में चूक गए और गेंद तेजी से उनकी बांह पर जा लगी। साफ दिख रहा था कि उन्हें काफी दर्द है और वह तुरंत ही अभ्यास सत्र छोड़कर चले गए। हालांकि उन्होंने आइस पैक लगाने के बाद फिर से अभ्यास किया। टीम सूत्रों ने कहा कि कप्तान फिट है और उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को सेमीफाइनल मैच में खेलना चाहिए। सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, जब उन्होंने दोबारा बल्लेबाजी की तो वह किसी तरह से असहज महसूस नहीं कर रहे थे। सीटी स्कैन या एक्सरे करवाने की जरूरत नहीं लगती है। इसके अलावा हमारे पास मैच से पहले एक दिन का समय है जिसमें वैकल्पिक अभ्यास ही होगा। यह चोट अभी गंभीर नजर नहीं आ रही है। रोहित चोट लगने के बाद दूर से जब अभ्यास सत्र देख रहे थे तो काफी परेशान लग रहे थे। मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन ने इस बीच उनके साथ बात की। आइस पैक लगाने और कुछ देर तक विश्राम करने के बाद रोहित ने फिर से अभ्यास शुरू किया। लेकिन थ्रोडाउन विशेषज्ञ को निर्देश दिए गए कि वह तेजी से गेंद न करें और इस बीच भारतीय कप्तान ने अधिकतर रक्षात्मक शॉट ही खेले ताकि यह पता चल सके कि उनके हाथ का मूवमेंट सही है या नहीं। पुल शॉट रोहित का प्रिय शॉट है जिससे उन्होंने काफी रन बनाए हैं लेकिन कई बार उन्होंने इस शॉट को खेलने के प्रयास में अपने विकेट भी गंवाए। यहां तक की इस टूर्नामेंट में जिंबाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने पुल शॉट खेलकर ही अपना विकेट खोया था। बांग्लादेश के खिलाफ भी उनका पुल शॉट सही नहीं लगा था लेकिन क्षेत्ररक्षक ने कैच छोड़ दिया था। भारत को गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करना है। पहला सेमीफाइनल बुधवार को सिडनी में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा।



### सेमीफाइनल से पहले मलान की फिटनेस पर सवाल

**एडीलेड।** तेज गेंदबाज मार्क वुड को जकड़न की शिकायत के बाद टी20 विश्व कप में गुरुवार को भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले इंग्लैंड की चिंताएं बढ़ गई है। स्काई स्पोर्ट्स के अनुसार 32 वर्षीय वुड ने मंगलवार को जॉगिंग करते हुए शरीर की जकड़न के कारण वैकल्पिक अभ्यास से अपना नाम वापस ले लिया। वुड ने टी20 विश्व कप में अब तक चार मैचों में नौ विकेट लिए है। वह अगर चोट से उबरने में विफल रहे तो टाइमल मिल्स या क्रिस जॉर्डन को टीम में उनकी जगह मिल सकती है। टीम पहले ही आक्रमक बल्लेबाज डेविड मलान के चोटिल होने से परेशान है। सुपर 12 चरण के दौरान इंग्लैंड के आखिरी मैच में मलान की कमर में चोट लग गई थी। टी20 रैंकिंग में विश्व के शीर्ष बल्लेबाज रह चुके मलान शनिवार को चोटिल होने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे और फिर बल्लेबाजी के लिए भी वापस नही लौटे। इंग्लैंड ने इस मैच को चार विकेट से जीता था। टीम के उप-कप्तान मोइन अली ने कहा था कि मलान की चोट गंभीर है। पिछले मैच के अंतिम एकादश से बाहर फिल साल्ट इकलौते विशेषज्ञ बल्लेबाज है।

## सूर्यकुमार ने लंबा सफर तय किया, उम्मीदों से बेहतर कर रहे : डिविलियर्स



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया मे खेले जा रहे टी20 विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजो में से एक सूर्यकुमार यादव ने 360 डिग्री बल्लेबाज के तौर पर एबी डिविलियर्स से अपनी तुलना को अपरिपक्व कहा था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज ने इसे उचित करार दिया। क्रिकेट में मैदान के हर तरफ शॉट लगाने की काबिलियत के कारण डिविलियर्स को मिस्टर 360 डिग्री के उपनाम से जाना जाता है। डिविलियर्स से अपनी तुलना को खारिज करते हुए सूर्यकुमार ने कहा था कि सिर्फ एक ही खिलाड़ी मिस्टर 360 डिग्री जैसे तमगे का हकदार है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ऐसा नही मानते। मै सूर्यकुमार के लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि वह बहुत लंबा सफर तय कर चुका है। मुझे उम्मीद नही थी की वह इतना बेहतर करेगा। वह शुरुआत में संभल कर खेलने के बाद गेंदबाजों पर दबदबा बनाता है।

### स्टोक्स को उम्मीद, सूर्यकुमार और कोहली पर अंकुश लगाने में सफल रहेंगे

**एडिलेड।** इंग्लैड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को उम्मीद है उनके गेंदबाज भारत के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में बेहतरीन फॉर्म मे चल रहे सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली पर अंकुश लगाने मे सफल रहेंगे। सूर्य कुमार ने वास्तव मे क्रिकेट जगत में अपनी चमक बिखेरी है। वह शानदार खिलाड़ी है और कुछ ऐसे शॉट खेलता है जिन्हें देखकर आप सिर खुजलाने के लिए मजबूर हो जाते है। वह अभी शानदार फॉर्म मे है लेकिन उम्मीद है कि हम उस पर अंकुश लगाने मे सफल रहेंगे और उसे खुलकर नही खेलने देंगे। कोहली के बारे में स्टोक्स ने कहा कि उस जैसे खिलाड़ी को इतनी आसानी से चुका हुआ नही माना जा सकता।

### हर तरफ शॉट खेलने की क्षमता से सूर्यकुमार खतरा बन गए हैं : हेडन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि टी20 क्रिकेट में हमेशा ताकत ही काम नही आती और सूर्यकुमार जैसे उपमहाद्वीप के खिलाड़ियों ने दिखाया है कि वे चारो तरफ शॉट खेलने की अपनी क्षमता से खतरा साबित हो सकते है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैड और वेस्टइंडीज जैसी टीम के पावर हिटर का दबदबा रहा है लेकिन हेडन ने अपनी बात के पक्ष में सूर्यकुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि यह सही संतुलन हासिल करने पर निर्भर करता है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और पाकिस्तान टीम के मौजूदा मार्गदर्शक (मेंटर) हेडन ने न्यूजीलैड के खिलाफ बुधवार को होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, टी20 क्रिकेट में पावर खेल पर अब भी काम चल रहा है।

## इंग्लैंड से भिड़ने से पहले भारत ने ब्रिटिश राज में रात्रि भोज का लुत्फ उठाया

**भाषा।** एडीलेड

**इंग्लैंड के** खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मुकाबले से पूर्व भारतीय टीम ने यहां ब्रिटिश राज रेस्टोरेंट में रात्रि भोज का आनंद लिया। ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद से ही भारतीय टीम को लगातार यात्रा करनी पड़ी है और अब जब टी20 विश्व कप अपने अंतिम चरण में है तब बड़े सेमीफाइनल मुकाबले से पूर्व खिलाड़ियों ने जाने माने भारतीय रेस्टोरेंट में भोजन किया। गुरुवार को रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम मौजूदा टूर्नामेंट में इंग्लैंड का सफर खत्म करने के इरादे से उतरेगी। टोरेन्सविले की हेन्ली बीच रोड पर स्थित यह रेस्टोरेंट



अपने चिकन टिक्का, कश्मीरी पुलाव और रोगन जोश के लिए प्रसिद्ध है। टूर्नामेंट की शुरुआत में भारतीय टीम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मुहैया कराए जा रहे भोजन को लेकर समस्या थी क्योंकि यह खिलाड़ियों की पसंद के अनुसार नहीं था। टीम गतिविधियों की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, टीम और खिलाड़ियों को आराम करने और विश्व कप जैसे कड़े टूर्नामेंट में होने वाले दबाव से ध्यान हटाने का अधिक मौका नहीं मिला है क्योंकि मुकाबलों के बीच बामुश्किल समय मिला है। ऑस्ट्रेलिया के अंदर भी काफी उड़ान लेनी पड़ी इसलिए एडीलेड में तीन दिन सुखद रहे। इसलिए खिलाड़ियों और यहां मौजूद उनकी जोड़ीदारों (पत्नियों और प्रेमिकाओं) ने टीम रात्रि भोज का आनंद लिया। यह टीम को एकजुट करने की व्यवस्था भी है। भारतीय क्रिकेट टीम व्यावसायिक रूप से सबसे व्यावहारिक टीम है इसलिए उसे ऑस्ट्रेलिया के सभी बड़े शहरों में मुकाबले खेलने के लिए यात्रा करनी पड़ी। टीम मुंबई से पर्थ पहुंची। टीम सात दिन पर्थ में रुकी जहां उसने कड़ी ट्रेनिंग और अभ्यास मैच में हिस्सा लिया। टीम ने इसके बाद आधिकारिक अभ्यास मैच खेले (ब्रिसबेन में एक मैच बारिश की भेंट चढ़ा)। ए दोनों अलग टाइम जोन थे जिसके बाद टीम मेलबर्न पहुंची।

### एआईएफएफ की 80,000 रुपए मासिक वेतन पर 50 पेशेवर रेफरी रखने की योजना

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) देश में रेफरी के स्तर को ऊपर उठाने के उद्देश्य से अनुबंध के आधार पर 50 रेफरी नियुक्त करने और उन्हे मासिक वेतन के रूप में अच्छी राशि का भुगतान करने की तैयार कर रहा है। एआईएफएफ की कोशिश है कि रेफरी को आजीविका के लिए किसी और काम का सहारा ना लेना पड़े।

### बांग्लादेश पर तमिलनाडु की जीत में चमके शाहरूख

**चेन्नई।** एम शाहरूख खान के 69 गेंद में जड़े शतक की मदद से तमिलनाडु ने मंगलवार को यहां वर्षा से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मैच में बांग्लादेश एकादश को डकवर्थ-लुईस पद्धति से 58 रन से हरा दिया। बारिश के खलल के बाद मैच को 47 ओवर का कर दिया। मेहमान टीम ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया जिसने 47 ओवर में सात विकेट पर 306 रन बनाए।

### गुणातिलक मामले की जांच करेगी तीन सदस्यीय समिति

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को कहा कि तीन सदस्यीय पैनल श्रीलंका के बल्लेबाज धनुष्का गुणातिलक द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करेगा। जांच समिति में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिसिरा रत्नायके, अधिवक्ता निरोशन परेरा और असेला रेकावा को शामिल किया गया है। एसएलसी ने कहा कि यह समिति गत एशिया कप चैंपियन टीम के ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान उस पर लगे विभिन्न आरोपों की भी जांच करेगी।

### आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों को व्यस्त कार्यक्रम से पहले विश्राम नहीं

**ब्रिस्बेन।** पैट कमिंस और उनके साथी तेज गेंदबाजों को विश्व कप 2023 की तैयारियों को देखते हुए आगे के व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद विश्राम नही दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्वकप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद इंग्लैड के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क को टीम में रखा है। यह तीनो तेज गेंदबाज टी20 विश्वकप और उससे पहले इस टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए खेले गए मैचो में भी टीम का हिस्सा थे।

### यूपी योद्धास और बंगाल वारियर्स का मुकाबला टाइ

**पुणे।** यूपी योद्धास ने अंतिम लम्हो में अंक जुटाया जिससे मंगलवार को यहां प्रो कबड्डी लीग मे बंगाल वारियर्स के खिलाफ उसका मुकाबला 41-41 से टाई रहा। योद्धास की टीम पहले हाफ के बाद 25-15 की मजबूत बढ़त बना चुकी थी लेकिन वारियर्स की टीम दूसरे सत्र में शानदार वापसी करने में सफल रही।

### नटराजन की जगह तमिलनाडु टीम में मोहम्मद को मिली जगह

**चेन्नई।** तमिलनाडु के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन चोट के कारण आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट (2022-23) में नही खेल पाएंगे। एम मोहम्मद टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्ईय टीम में नटराजन की जगह लेंगे।

# सेमीफाइनल की जंग को टीमें तैयार

## न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के खिलाफ इतिहास को भी धत्ता बताना होगा




**भाषा।** सिडनी

**न्यूजीलैंड की** टीम कागजों पर भले ही बहुत मजबूत नजर आती हो लेकिन उसे टी20 विश्वकप के बुधवार को होने वाले पहले सेमीफाइनल में अप्रत्याशित परिणाम देने वाले पाकिस्तान का सामना करने पर इतिहास को भी धत्ता बताना होगा। पाकिस्तान का सेमीफाइनल तक का सफर उतार-चढ़ाव वाला रहा लेकिन न्यूजीलैंड ने मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और आयरलैंड को हराकर ग्रुप एक में शीर्ष पर रहकर अंतिम चार में जगह बनाई। बाबर आजम और उनकी टीम सुपर 12 में भारत और जिंबाब्वे से हारने के बाद जल्द ही स्वदेश लौटने की तैयारियों में थी लेकिन नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर उसकी उम्मीदों को पंख लगा दिए। पाकिस्तान को अब केवल बांग्लादेश को हराना था जिसमें वह सफल रहा और आखिर में सेमीफाइनल में पहुंच गया। अब यह इतिहास दोहराने जैसा लग रहा है क्योंकि पाकिस्तान 1992 के वनडे विश्वकप में बमुश्किल सेमीफाइनल में पहुंच पाया था जहां उसने न्यूजीलैंड को हराया और आखिर में खिताब जीता। पिछला इतिहास पाकिस्तान के पक्ष में है क्योंकि इससे पहले जब भी उसने विश्वकप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना किया तब उसने जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने 1992 और 1999 के वनडे विश्वकप तथा 2007 के टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। यह बात भी किसी से छुपी नहीं है कि न्यूजीलैंड सीमित ओवरों के टूर्नामेंट के बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने पिछले चार विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन कभी खिताब नहीं जीत पाया। न्यूजीलैंड की टीम ने सात वर्षों में तीन विश्वकप फाइनल (2015 और 2019 में वनडे और 2021 में टी20) गंवाए हैं। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम पाकिस्तान को शुरू में झटके देकर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के बल्लेबाज अभी तक रन बनाने के लिए जूझते रहे हैं। कप्तान बाबर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जबकि मोहम्मद रिजवान भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। यहां तक कि बांग्लादेश के खिलाफ 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्हें संघर्ष करना पड़ा था।

### पाक के पास शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमणः विलियमसन

**सिडनी।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के अपने प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी को शानदार करार देते हुए मंगलवार को कहा कि उस टीम मे कई अनुभवी खिलाड़ी है जो मैच विजेता भी है। विलियमसन ने बुधवार को खेले जाने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, उनके पास शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण है। वे वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेल रहे है। उनकी टीम मे काफी अनुभवी खिलाड़ी है, जो मैच विजेता भी है। यह उस टीम की असली ताकत है। वलियमसन ने इस मौके पर सिडनी क्रिकेट मैदान की पिच के दोहरे रवैए के बारे मे भी बात की। यह काफी दिलचस्प है, जब हमने यहां पहला मैच खेला था तब विकेट (पिच) बहुत अच्छा था। लेकिन हमारे दूसरे मैच के दौरान इसमे काफी बदलाव था। कई बार आप जब मैदान मे उतरते है तो पिछले मैच की परिस्थितियां दिमाग मे हावी होती है।

# विश्व की सबसे बड़ी लीग बनेगी आईपीएल, विदेशी लीग में नही खेलेंगे भारतीय : धूमल

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) के नए चेयरमैन अरुण धूमल का मानना है यह टी20 टूर्नामेंट अगले पांच वर्षों में दुनिया की सबसे बड़ी लीग बन जाएगी और कहा कि महिला आईपीएल को लेकर बोर्ड की राय स्पष्ट है। धूमल ने पीटीआई से बातचीत में आईपीएल को लेकर लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में बात की। आईपीएल ने 2023-2027 चक्र के लिए 48,390 करोड़ रुपए में मीडिया अधिकार बेचे जिससे वह प्रति मैच के मूल्य के मामले में विश्व की दूसरी सबसे मूल्यवान खेल लीग बन गई है। आईपीएल में ढाई महीने में 10 टीम के बीच 94 मैचों का आयोजन करने की योजना है। नई योजनाओं के साथ आगे बढ़ना समय की मांग है और ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता है जिससे कि आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग न बन सके। धूमल से पूछा गया के आईपीएल को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्या योजनाएं हैं, उन्होंने कहा, आईपीएल अभी जो है उससे कहीं बड़ा होगा और यह विश्व की नंबर एक



खेल लीग बन जाएगा। हमारी इसमें निश्चित तौर पर नहीं चीजें जोड़ने की योजना है जिससे कि यह प्रशंसकों के अधिक अनुकूल बन सके। जो लोग इसे टीवी पर देखते है और जो स्टेडियम में आकर देखते हैं हम उन्हें बेहतर अनुभव देना चाहते हैं। अगर हम आईपीएल का कार्यक्रम काफी पहले तैयार कर देते हैं तो विश्व भर के प्रशंसक उसके अनुसार अपना यात्रा कार्यक्रम बना सकते हैं। बीसीसीआई ने आईपीएल में दो नई टीमें जोड़कर 12000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की लेकिन धूमल ने कहा कि इसमें अभी और टीमों को जोड़ने की संभावना नहीं है। टीमों की संख्या 10 ही रहेगी। अगर इनकी संख्या बढ़ाई जाती है तो फिर एक साथ टूर्नामेंट का आयोजन करना मुश्किल हो जाएगा। हमने पहले दो सत्र में 74 मैच और फिर 84 मैच का आयोजन करने पर विचार कर रहे हैं और अगर चीजें अनुकूल रही तो पांचवें साल में 94 मैच आयोजित किए जा सकते हैं। हम खुद की तुलना फुटबॉल या विश्व की अन्य खेल लीग से नहीं कर सकते क्योंकि क्रिकेट की जरूरतें पूरी तरह से भिन्न हैं। आप एक ही तरह की पिच पर छह महीने तक नहीं खेल सकते हैं।

### शारदुल, सीफर्ट और श्रीकर सहित पांच खिलाड़ियों को रिलीज कर सकता है दिल्ली कैपिटल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखने की इंडियन प्रीमियर लीग की 15 नवंबर की समय सीमा से पहले शारदुल ठाकुर, श्रीकर भरत और न्यूजीलैड के टिम सीफर्ट सहित पांच खिलाड़ियों को रिलीज (टीम से हटाने) करने की तैयारी में है। मनदीप सिंह और आंध्र के सलामी बल्लेबाज अश्विन हेब्बार को भी दिल्ली की टीम छोड सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने ठाकुर को नीलामी में 10 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा था। उन्होंने 2022 सत्र में 14 मैच में पांच विकेट चटकाए लेकिन इस दौरान लगभग 10 रन प्रति ओवर की रन रेट से रन दिए। ठाकुर बल्ले के साथ 10.81 की औसत और 137.93 के स्ट्राइक रेट से 120 रन ही बना पाए। दिल्ली कैपिटल्स चाहती थी कि ठाकुर की किसी अन्य टीम के साथ अदला-बदली की जाए लेकिन बात नही बनी। ठाकुर की भारी भरकम कीमत को देखते हुए फ्रेंचाइजी दिसंबर में होने वाली नीलामी से पहले उन्हे रिलीज करने की तैयारी में है।

### डोशचेट केकेआर के क्षेत्ररक्षण कोच बने

**कोलकाता।** नीदरलैंड के पूर्व कप्तान रेयान टेन डोशचेट की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मे क्षेत्ररक्षण कोच के तौर पर वापसी हो रही है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की इस टीम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केकेआर की 2012 और 2014 मे आईपीएल खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहा 42 साल का यह पूर्व खिलाड़ी जेम्स फोस्टर का स्थान लेगा। फोस्टर अब टीम के सहायक कोच की भूमिका निभाएंगे। यह दोनों टीम के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के अधीन काम करेंगे। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक विज्ञप्ति में कहा, टेन्डो (डोशचेट) ने 2011 से 2014 तक एक खिलाड़ी के रूप मे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस दौरान केकेआर ने 2012 और 2014 में दो चैंपियनशिप जीती। वह केकेआर का एक वास्तविक समर्थक रहा है। ए दोनों नियुक्ति मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के नेतृत्व मे सहायक स्टाफ को मजबूती प्रदान करेगी।

### आडवाणी विश्व स्नूकर के नॉकआउट दौर में

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने ग्रुप चरण में अपने सभी मैच जीतकर तुर्की के अंताल्या में चल रही विश्व पुरुष स्नूकर चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया। आडवाणी ने ग्रुप के में अपने पहले मैच में स्थानीय खिलाड़ी अब्दुर्हमान इलमाज को 3-0 (62-2, 117-8, 75-15) से हराया और फिर मिस्र के अहमद समीर को 3-0 (57-23, 80-34, 61-22) से पराजित किया। उनका तीसरा मैच नीदरलैंड के मार्को रेइजर्स से था, जिन्हें उन्होंने 3-0 (73-01, 78-03, 66-01) से हराया। नॉकआउट चरण बुधवार से शुरू होगा।

# लक्ष्य करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन मंगलवार को दो पायदान आगे बढ़कर बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम विश्व रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए। अल्मोड़ा के इस खिलाड़ी ने इस सत्र में शानदार फॉर्म दिखाई। उनके 25 टूर्नामेंट में 76,424 अंक हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी एक पायदान चढ़कर पुरुष युगल में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर वापसी की। भारतीय जोड़ी ने दो बीडब्ल्यूएफ विश्व खिताब -इंडिया ओपन सुपर



500 और फ्रेंच ओपन सुपर 750 जीते। उन्होंने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता और विश्व चैंपियनशिप में पहली बार कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने भारत की थॉमस कप की जीत में भी अहम भूमिका निभाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी तथा ईशान भटनागर और तनीषा क्रिस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी भी क्रमशः 23वें और 28वें स्थान पर पहुंच गई है जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। त्रीसा और गायत्री ने पांच स्थान जबकि तनीषा और ईशान ने दो पायदान की छलांग लगाई। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू भी एक पायदान आगे पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने टखने की चोट के कारण बर्मिंघम खेलों के बाद किसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय पुरुष एकल रैंकिंग में पहले की तरह क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर बने हुए हैं।

### सबलेंका को हराकर गर्सिया ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

**फोर्ट वर्थ।** कैरोलीन गर्सिया ने आर्यना सबलेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का एकल खिताब जीता। गर्सिया को पहले सेट में जूझना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने सबलेंका पर 7-6 (4), 6-4 से जीत दर्ज की। छठी वरीयता प्राप्त गर्सिया सत्र की आखिरी प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी फ्रांसीसी खिलाड़ी बन गई है। उनसे पहले 2005 में एमेली मौरेस्मो ने यह चैंपियनशिप जीती थी। वह इससे पहले आखिरी साल था जब अमेरिका में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

### सेमीफाइनल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे लवलीना और शिव थापा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और शिव थापा बुधवार को यहां जोर्डन के अम्मान मे एशियाई मुक्केबाजी चैपियनशिप के सेमीफाइनल मे भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। भारत के 12 मुक्केबाज फाइनल में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेंगे। महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले बुधवार से खेले जाएंगे जबकि पुरुष वर्ग के अंतिम चार के मुकाबले गुरुवार को होंगे। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पहली बार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मे 75 किग्रा वर्ग मे चुनौती पेश कर रही है। वह सेमीफाइनल मे कोरिया की सियोंग सुयिओन से भिड़ेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2022 की कांस्य पदक विजेता परवीन (63 किग्रा) को मंगोलिया की उरानबिलेग शिनेतसेतसेग से भिड़ना है जबकि प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही प्रीति (57 किग्रा) तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता जापान के इरी सेना के खिलाफ उतरेंगी। इसके अलावा चार अन्य भारतीय महिला मुक्केबाज अल्फिया पठान (81 किग्रा से अधिक), स्वीटी(81 किग्रा), अंकुशिता बोरो (75 किग्रा) और मीनाक्षी (52 किग्रा) भी फाइनल मे जगह बनाने के लिए दावा पेश करेंगी। प्रतियोगिता में छठा पदक सुनिश्चित करके एशियाई चैंपियनशिप के सबसे सफल मुक्केबाज बने शिव थापा (63.5 किग्रा) पुरुष वर्ग के अंतिम चार मुकाबले में एशियाई चैंपियनशिप के दो बार के पदक विजेता ताजिकिस्तान के बखोदुर उस्मोनोव से भिड़ेंगे।

### अवध आईटीआई ओपन शतरंज में प्रशांत को खिताब

**लखनऊ।** कानपुर के युवा खिलाड़ी प्रशांत पांडेय ने अवध आईटीआई लखनऊ ओपन शतरंज टूर्नामेंट में सर्वाधिक छह अंक जुटाते हुए खिताबी जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट में फाइनल तक के अपने सफर में प्रशांत ने कई दिग्गज वरीय खिलाड़ियों को मात दी। अवध आईटीआई परिसर में अयोजित टूर्नामेंट में लखनऊ से आंचल रस्तोगी ने दूसरा और वाराणसी से आकाश श्रीवास्तव ने तीसरा स्थान हासिल किया। हालांकि आंचल व आकाश के समान 5.5 अंक थे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते क्रमश रू दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। दूसरी ओर लखनऊ की रेखा गौर सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी और लखनऊ की ही प्रिशा गर्ग सर्वश्रेष्ठ जूनियर बालिका खिलाड़ी चुनी गयी। दूसरी ओर वेटरन श्रेणी में केके कुल्हारी सर्वश्रेष्ठ अनुभवी खिलाड़ी चुने गए। कुल्हारी ने अपने अनुभव कौशल से न सिर्फ प्रतिद्वंद्वियों को छकाया बल्कि गर्ल अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों को बेहतर खेल के प्रदर्शन के लिए कई टिप्स देकर सहायता भी की। वेटरन श्रेणी में यूबी सिंह कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद दूसरे स्थान पर रहे। 82 वर्षीय क्रांति कुमार कुमार गुप्ता टूर्नामेंट में खेलने के लिए बरेली से लिए लखनऊ आते हैं। समापन समारोह में एसएम कंप्युटेक के निदेशक अमित वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।



# फुटबॉल को आगे बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर निवेश एकमात्र तरीका : भूटिया

**भाषा।** बेंगलुरू

भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान बाइचुंग भूटिया का मानना है कि देश में खेल को आगे ले जाने के लिए जमीनी स्तर पर विकास में निवेश ही एकमात्र रास्ता है। भूटिया ने कहा कि देश में सभी उम्र के फुटबॉलरों को अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त प्रतिस्पर्धी मैच खेलने का मौका मिलना चाहिए। भूटिया ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के इतर पीटीआई से कहा, आपको युवाओं, जमीनी स्तर के विकास में निवेश करने की जरूरत है और फिर इससे खिलाड़ियों और क्लब को फायदा होगा। इसी तरह देश में



फुटबॉल का विकास होता है। अगर आप भारत में फुटबॉल को वास्तव में आगे ले जाना चाहते हैं तो यही एकमात्र तरीका है। हमें ग्रामीण इलाकों, जिलों और राज्य स्तर पर बच्चों तक पहुंचना होगा। दुख की बात है कि हम उन्हें प्रतिस्पर्धा का मौका नहीं दे रहे। बच्चे अपने स्वयं के आयु वर्ग के भीतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं हैं। यह सबसे बड़ी चुनौती है। भूटिया ने यूरोपीय क्लबों द्वारा अपनाए जाने वाले फॉर्मूले को अपनाने की भी वकालत की जो युवा प्रतिभाओं में निवेश करते हैं और उन्हें स्तरीय खिलाड़ी बनने के लिए तैयार करते हैं।

### मिताली ने महिला आईपीएल में खिलाड़ी या मेंटोर के लिए अपने विकल्प खुले रखे

**बेंगलुरू।** भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज अगले साल होने वाली महिला आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) टूर्नामेंट में खिलाड़ी , मेंटोर (मार्गदर्शक) या टीम की मालिक बनने के लिए अपने विकल्पो को खुला रख रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही मे घोषणा की थी कि महिला आईपीएल के शुरुआती सत्र को अगले साल मार्च मे आयोजित किया जाएगा, जो पुरूषो के आईपीएल से पहले होगा। मिताली ने मंगलवार को दिए साक्षात्कार में कहा, मै इस लीग के लिए अपनी भूमिका को लेकर विकल्पो को खुला रख रही हूं, यह चाहे एक खिलाड़ी के रूप मे हो या एक फ्रेंचाइजी मे किसी तरह से जुड़ाव के तौर पर। इस साल की शुरुआत मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाली मिताली ने कहा, अभी हालांकि कुछ भी स्पष्ट नही है। लीग में पांच टीमें है। इन टीमो का चयन कैसे होगा, इसके लिए बोली लगेगी या नीलामी से इसका फैसला होगा। जब तक कोई ठोस जानकारी नही है, मै अपने सभी विकल्पो को खुला रख रही हूं।